आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 31°C | 22°C |

इनसाइड न्यूज

लखनऊ में कानून का मखौल: जनसेवा हॉस्पिटल बिना...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



बुधवार 08 अक्टूबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 351 www.janexpresslive.com/epaper

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा देश... 12

# हिमाचल में हादसा: बस पर पहाड़ी से मलबा गिरा, 15 लोगों की मौत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बिलासपुर

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में मरोतन से घुमारवीं जा रही संतोषी निजी बस पर शुक्र खड्ड के किनारे बरठीं में भल्लू पुल के पास पहाड़ी से भूस्खलन का मलबा गिर गया। मलबा गिरने से बस की छत उड़कर खड्ड के किनारे जा पहुंची। वहीं सारा मलबा बस पर आ गया। जिससे बस पूरी तरह मलबे की चपेट में आ गई। खबर लिखे जाने तक बस के अंदर से अभी तक 18 शव निकाले गए हैं। दो बच्चियों और एक बच्चे को सुरक्षित निकाला गया है। इनमें से एक बच्ची की मां दुर्घटना में मारी गई है। बेटियों का प्रारंभिक उपचार बरठीं अस्पताल में चला हुआ है।



### बस में सवार थे 35 यात्री

बताया जा रहा है कि करीब 35 लोग बस में सवार थे। घटना करीब साढ़े छह बजे हुई है। बस में मरोतन बरठीं, घुमारवीं और बीच के स्टेशनों के लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि बस में 35 के करीब सवारियां थी। चालक और परिचालक की मौत हो चुकी है। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

### मुख्यमंत्री ने बस दुर्घटना पर किया गहरा शोक व्यक्त

दुर्घटनाग्रस्त पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मज़बूती से खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री निरंतर जिला प्रशासन के संपर्क में हैं और उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि घायलों को तुरंत उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया जाए और उनके इलाज की पूरी व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री शिमला से पूरे हालात की लगातार निगरानी कर रहे हैं।

### प्रियंका ने जताया दुख

प्रियंका गांधी ने दुख जताते हुए लिखा, बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश में एक यात्री बस के भूस्खलन की चपेट में आने की वजह से बड़ी संख्या में यात्रियों की मृत्यु एवं कई के घायल होने का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। शोक-संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। संकट की इस घड़ी में राज्य की कांग्रेस सरकार हर तरह से पीड़ितों के साथ है, हर संभव मदद एवं राहत के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दुर्घटना पर किया गहरा शोक व्यक्त

दुर्घटनाग्रस्त पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रो प्रेम कुमार धूमल, शांता कुमार, सांसद सुरेश कश्यप, कंगना रनौत, राजीव भारद्वाज, हर्ष महाजन, इंदु गोस्वामी, महामंत्री सिकंदर कुमार, संजीव कटवाल, पायल, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, रणधीर शर्मा, त्रिलोक जमवाल, सुरेश चंदेल, राकेश जमवाल, विपिन परमार, कर्ण नंदा, स्वदेश ठाकुर ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सरकार एवं भाजपा का पूर्ण संगठन इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मज़बूती से खड़ा है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

### पीएम मोदी ने जताया शोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में हुई दुर्घटना में जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा, हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में हुए हादसे से दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर घायलों को जल्द स्वस्थ करें।

### गृह मंत्री अमित शाह ने जताया दुख

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में भूस्खलन के कारण हुए बस हादसे से मन अत्यंत दुखी है। एनडीआरएफ की टीमें घटना स्थल पर पहुंच चुकी हैं और बचाव कार्य में लगीं हैं। इस हादसे में जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनके प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। साथ ही, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जताया दुख

एक्स पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लिखा, हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन के कारण हुई बस दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मैं संवेदना व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

# उत्तराखंड में मदरसा बोर्ड खत्म

## राज्यपाल ने दी अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक को मंजूरी



- यह कानून निश्चित रूप से राज्य में शिक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और गुणवत्तापूर्ण बनाने में मदद करेगा: धामी

जन एक्सप्रेस। देहरादून

उत्तराखंड में धामी सरकार के अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक, 2025 को मंजूरी मिल गई है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह की मंजूरी के बाद अब यह बिल एक कानून की शक्ल ले चुका है। इसके साथ ही मदरसा बोर्ड को खत्म कर दिया जाएगा और सभी अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के लिए एक समान कानून लागू होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, राज्यपाल की मंजूरी के साथ, इस विधेयक के कानून बनने का रास्ता साफ हो गया है। उन्होंने एक्स पर कहा, इस कानून के तहत, अल्पसंख्यक समुदायों की शिक्षा प्रणाली के लिए एक अथॉरिटी (प्राधिकरण) बनाई जाएगी, जो अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों को मान्यता देगी। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा, यह कानून निश्चित रूप से राज्य में शिक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और गुणवत्तापूर्ण बनाने में मदद करेगा। बयान में कहा गया है कि इस विधेयक के लागू होने के साथ, मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2016 और गैर-सरकारी अरबी और फारसी मदरसा मान्यता नियम, 2019, 1 जुलाई, 2026 को समाप्त हो जाएंगे। इस साल अगस्त में राज्य कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद, यह विधेयक उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में आयोजित विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान पारित किया गया था। बयान में कहा गया है कि इस विधेयक के तहत, मुस्लिम समुदाय के संस्थानों के साथ-साथ अन्य अल्पसंख्यक समुदायों जैसे सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई और पारसी से संबंधित शिक्षण संस्थानों को भी राज्य में अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान का दर्जा मिलेगा। इसमें यह भी कहा गया है कि अभी तक अल्पसंख्यक संस्थानों को मान्यता केवल मुस्लिम समुदाय तक ही सीमित थी। बयान के अनुसार, यह विधेयक एक प्राधिकरण की स्थापना का प्रावधान करता है जो सभी अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा स्थापित शिक्षण संस्थानों के लिए मान्यता देना अनिवार्य करेगा। बयान में आगे कहा गया है कि यह प्राधिकरण यह भी सुनिश्चित करेगा कि इन संस्थानों में शिक्षा उत्तराखंड बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार दी जाए। छात्रों का मूल्यांकन निष्पक्ष और पारदर्शी हो।

### मदरसा शिक्षा प्रणाली वर्षों से गंभीर समस्याओं का सामना कर रही थी: धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहले कहा था कि मदरसा शिक्षा प्रणाली वर्षों से गंभीर समस्याओं का सामना कर रही थी, जिनमें केंद्रीय छात्रवृत्ति वितरण में अनियमितताएं, मध्याह्न भोजन योजना में गड़बड़ी और प्रबंधन में पारदर्शिता की कमी शामिल थी। उन्होंने कहा कि यह विधेयक सरकार को अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के संचालन की प्रभावी ढंग से निगरानी करने और जरूरी निर्देश जारी करने के लिए सशक्त बनाएगा, जिससे राज्य में शैक्षिक उत्कृष्टता और सामाजिक सद्भाव को और मजबूती मिलेगी।

# हरियाणा में आईपीएस ऑफिसर ने गोली मारकर सुसाइड किया



- पूर्व डीजीपी मनोज यादव पर उत्पीड़न के आरोप लगाए थे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चंडीगढ़

हरियाणा के सीनियर आईपीएस अफसर वाई पूरन कुमार ने मंगलवार को सुसाइड कर लिया। उन्होंने चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित अपनी कोठी में खुद को गोली मार ली। सूत्रों के मुताबिक उन्होंने अपने पीएसओ की पिस्टल से फायरिंग की है। घटना की सूचना मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस के सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंच गए। चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद कहा- 'वाई पूरन कुमार ने खुदकुशी की है। फिलहाल इससे ज्यादा कुछ नहीं कहा जा सकता। सुसाइड के कारणों का पता किया जा रहा है।% ' वाई पूरन कुमार हरियाणा पुलिस में 2001 बैच के अफसर थे। 29 सितंबर को ही उनकी पोस्टिंग रोहतक के सुनारिया स्थित पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में आईजी के तौर पर हुई थी। बताया जा रहा है कि वह 7 अक्टूबर तक छुट्टी पर थे। हालांकि हरियाणा पुलिस से उनकी छुट्टी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई। वाई पूरन कुमार की पत्नी अमनीत पी. कुमार हरियाणा सरकार में ही सीनियर आईएएस अफसर हैं। अमनीत पी. कुमार हरियाणा सीएम नायब सैनी के साथ 5 अक्टूबर को जापान गए राज्य सरकार के डेलीगेशन में शामिल हैं। यह डेलीगेशन 8 अक्टूबर की शाम को भारत लौटेगा।

### साउंडप्रूथ बेसमेंट में जाकर मारी गोली

सूत्रों की मानें वाई पूरन कुमार ने अपने घर के बेसमेंट में जाकर खुद को गोली मारी है। उनका बेसमेंट साउंडप्रूफ है जिसके चलते गोली चलने की आवाज बाहर नहीं आई। काफी देर बाद उनकी बेटी ने नीचे जाकर देखा तो पिता की लाश पड़ी थी और पास में रिवॉल्वर भी पड़ी थी। उसने पुलिस को सूचना दी।

### अहम पदों पर रहे पूरन कुमार

वाई. पूरन कुमार हरियाणा कैडर के आईपीएस थे। अभी वह पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में तैनात थे। वह अपने कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। घटना के दौरान एडीजीपी रैंक के अधिकारी पूरन कुमार की पत्नी अमनीत पी. कुमार घर में नहीं थी। वह अभी हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ जापान में हैं। पुलिस की टीम और फॉरेंसिक एक्सपर्ट को घटनास्थल पर भेजा गया और फिलहाल जांच जारी है।

### सीनियरिटी को लेकर उठाते रहे सवाल

हरियाणा की सीनियर आईपीएस ऑफिसर वाई पूरन कुमार ने आत्महत्या क्यों की, अभी तक यह सामने नहीं आया है। एडीजीपी रैंक के पूरन कुमार आईपीएस की सीनियॉरिटी को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। सिस्टम को हमेशा चुनौती देते हैं। वह समय-समय पर गृह मंत्री अनिल विज को भी पत्र लिखते थे। वह हरियाणा में टीचर हत्याकांड की जांच कर रहे थे।

### तीन मंजिला कोठी के ग्राउंड फ्लोर पर घटना

आईपीएस अफसर वाई पूरन कुमार ने चंडीगढ़ के सेक्टर 11 की जिस 116 नंबर कोठी में सुसाइड किया, वह तीन मंजिला है। तीनों फ्लोर पर अलग-अलग परिवार रहते हैं। वाई पूरन कुमार के पास इस कोठी का ग्राउंड फ्लोर है। कोठी के बाहर एक प्राइवेट सिक्योरिटी कंपनी के गार्ड तैनात रहते हैं जिन्हें तीनों फैमिली ने मिलकर रखा है। यहां तैनात सिक्योरिटी गार्ड ने ही चंडीगढ़ पुलिस को फोन करके गोली चलने की सूचना दी।

### मजदूरों ने नहीं सुनी गोली चलने की आवाज

116 नंबर कोठी के ठीक सामने स्थित प्लॉट में घर बनाने का काम चल रहा है। यहां काम करने वाले मजदूरों का कहना है कि उन्होंने गोली चलने की कोई आवाज नहीं सुनी। दोपहर 1 बजे जब पुलिस की कई गाड़ियां वहां पहुंचीं, तब उन्हें पता चला कि सामने वाली कोठी में किसी बड़े पुलिस अफसर ने खुद को गोली मार ली है।

### कुमार ने आईपीएस अफसरों के प्रमोशन पर सवाल उठाए थे

पिछले साल हरियाणा में आईपीएस अफसर वाई पूरन कुमार ने कुछ आईपीएस अफसरों के प्रमोशन पर सवाल उठाया था। ये अफसर 1991, 1996, 1997 और 2005 बैच के थे। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी को एक पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया था कि ये प्रमोशन गलत तरीके से किए गए हैं। वित्त विभाग ने गृह मंत्रालय के नियमों को अनदेखा करके सिर्फ अपनी सहमति से ये प्रमोशन कर दिए। उन्होंने पत्र में ये भी लिखा कि उन्होंने पहले 11 अक्टूबर 2022 को गृह विभाग के बड़े अफसर को बताया था।

# यूपी में कफ सिरप को लेकर बदले नियम, अब केमिकल की भी होगी जांच, पांच साल से ऊपर ही दी जा सकेगी दवा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश में अब दवा एवं सिरप बनाने में प्रयोग होने वाले केमिकल की भी औषधि निरीक्षक जांच कर सकेंगे। मिलावटी व नकली दवा मिलने पर औषधि निरीक्षक तत्काल संबंधित फर्म के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करा सकेंगे। अभी तक यह व्यवस्था नहीं थी। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त डा. रोशन जैकब ने सभी औषधि निरीक्षकों को निर्देश दिया है। मध्य प्रदेश एवं राजस्थान में कफ सिरप से बच्चों की मौत मामले के बाद उत्तर प्रदेश में अलर्ट घोषित किया गया है। सोमवार से सभी औषधि निरीक्षकों को कफ सिरप की जांच के आदेश दिए गए हैं। मंगलवार को विभाग की आयुक्त डा. रोशन जैकब ने सभी औषधि निरीक्षकों को भेजे गए निर्देश में स्पष्ट किया है कि सभी निरीक्षक निरंतर जांच करते रहेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दी है कि पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए कफ सिरप का उपयोग अनुशंसित नहीं है। ऐसे में यह सुनिश्चित कराया जाए कि पांच साल से कम उम्र के बच्चों को सिरप न दिया जाए। मेडिकल स्टोर संचालक बिना डॉक्टर के पर्चे के कोई भी कफ सिरप नहीं बेचेंगे। बिना पर्चे के कफ सिरप बेचने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए।

### निर्माणशालाओं का नियमित निरीक्षण किया जाए: आयुक्त

आयुक्त डा. रोशन जैकब ने यह भी निर्देश दिया है कि विभिन्न औषधि फार्मूलेशन में सक्रिय अवयव के अलावा अन्य घटकों का भी प्रयोग किया जाता है, जिनमें अपमिश्रण होने के कारण भी संबंधित औषधि हानिकारक हो सकती है। ऐसे में कफ सिरप में प्रयोग होने वाले सक्रिय अवयवों ( एक्टिव इनग्रेडिएंट) की भी जांच की जाए। जहां पर कफ सिरप अथवा दवाएं बन रही हैं, उन निर्माणशालाओं का नियमित निरीक्षण किया जाए। औषधियों बनाने में प्रयोग होने वाले केमिकल के भी नमूने लिया जाए और उनका परीक्षण कराया जाए। इन केमिकल के क्रय अभिलेखों का भी परीक्षण किया जाए। आयुक्त ने यह भी निर्देश दिया है कि किसी व्यक्ति अथवा फर्म द्वारा औषधियों में मिलावट अथवा नकली नाम व पता आदि से दवा की खरीद व बिक्री करता है तो उसके खिलाफ तत्काल रिपोर्ट दर्ज कराई जाए। कोई भी एक्सपायरी दवा की बिक्री न होने पाए।

# यूपी: एटीएस ने की मुजाहिदीन आर्मी के सदस्यों से की पूछताछ

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



मुजाहिदीन आर्मी बनाकर हिंदू धर्मगुरुओं की हत्या की साजिश रचने वाले पांच कट्टरपंथी विचारधारा वाले युवकों को एटीएस ने मंगलवार को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी। एटीएस मुख्यालय में पांचों का आमना-सामना कराकर तमाम सवाल किए गए। उन्होंने कबूला कि उनके निशाने पर भड़काऊ भाषण देने वाले दो हिंदू धर्मगुरू थे। बता दें कि एनआईए की अदातल ने पांचों आरोपियों को आठ दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर एटीएस के सुपुर्द करने का आदेश दिया था, जिसके बाद मंगलवार सुबह 10 बजे एटीएस की टीम ने कड़ी सुरक्षा में सुल्तानपुर निवासी अकमल रजा, सोनभद्र निवासी सफिल सलमानी उर्फ अली रिजवी, कानपुर निवासी मोहम्मद तौसीफ और रामपुर निवासी कासिम अली और फतेहपुर निवासी सरगना मोहम्मद रजा को अपनी कस्टडी में लेकर मुख्यालय ले जाकर आमना-सामना कराया। इस दौरान अधिकारियों ने उनके व्हाट्सएप के कोर ग्रुप मशवरा के बाकी सदस्यों के नाम भी पूछे, जिसके बाद उनकी तलाश में टीमें जिलों में भेजी गई हैं। एटीएस ने उनसे फंडिंग के बारे में भी पता लगाने का प्रयास किया और उनके बैंक खातों की जानकारी को सामने रखकर सवाल किए। एटीएस पांचों को बुधवार को कुछ जगहों पर ले जाकर छापे मारने की तैयारी में है। सूत्रों की मानें तो इस दौरान हथियारों की बरामदगी हो सकती है।

# सफाई के दौरान अप्रिय घटना घटने पर मिलेंगे 35 से 40 लाख: योगी

- चरित्र से युक्त व्यक्ति ही लोककल्याण व राष्ट्र कल्याण का माध्यम बन सकता है
- भारत के देवतुल्य ऋषियों की परंपरा ने सभी कालखंड में समाज का किया मार्गदर्शन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

स्वच्छता कर्मियों को पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा का कवर भी देंगे। जब अकाउंट में कॉरपोरेशन से पैसा आएगा तो यह व्यवस्था करेंगे कि दुर्भाग्य से किसी सफाई कर्मचारी के साथ घटना-दुर्घटना हुई या वह आपदा की चपेट में आ गया तो बैंक से बात करेंगे कि बैंक के माध्यम से 35-40 लाख रुपये देने की व्यवस्था की जानी चाहिए। यूपी के 80 हजार होमगार्ड को यह कवर दे दिया गया है। अब सफाई कर्मचारियों को इस व्यवस्था से जोड़ने जा रहे हैं। सीएम योगी मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह में शामिल हुए। सीएम ने भगवान वाल्मीकि की जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। कार्यक्रम में लघु फिल्म भी दिखाई गई। सीएम योगी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारत के महापुरुषों की परंपरा के भाग्य विधाता हैं। तप और साधना से तपे हुए ऋषि को जब लेखनी चलानी थी, तब लोककल्याण व मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने और नई कृति की रचना के लिए उन्होंने हजारों वर्ष पहले देवर्षि नारद से प्रश्न किया कि चरित्र से युक्त कौन ऐसा व्यक्ति है, जिसके बारे में मैं कुछ लिख सकूं, क्योंकि महर्षि वाल्मीकि जानते थे कि चरित्र से युक्त व्यक्ति ही लोककल्याण व राष्ट्र कल्याण का माध्यम बन सकता है। स्वामी



विवेकानंद जब शिकागो की धर्मसभा में गए तो उनकी वेशभूषा देख विदेशी हंस रहे थे। तब उन्होंने कहा कि तुम्हारी पहचान पहनावे से बनती है, लेकिन हमारे देश और हमारी पहचान चरित्र से बनती है। हमारे लिए चरित्र महान है।

### भगवान वाल्मीकि का कृतज्ञ है मानव समाज

सीएम योगी ने कहा कि वाल्मीकि रामायण लिखते समय उन्होंने पूरी कथा को राम पर आधारित किया। उन्होंने यह भी बताया कि राम को क्यों आधार बनाया, क्योंकि राम ही साक्षात धर्म हैं। मानव समाज भगवान वाल्मीकि का कृतज्ञ है। जब भी किसी भारतीय के मन में संदेह पैदा होता है तो महर्षि वाल्मीकि ने हर स्थिति में जो आदर्श रखा, वह मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का था। उन्होंने राम के चरित्र को दिया, जो हर काल, देश, परिस्थिति में प्रासंगिक है। भाई-भाई, पिता-पुत्र, मां-बेटे, राजा-प्रजा में क्या रिश्ते होने चाहिए, उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम कहकर यह भाव भरा। राम ने मर्यादा की लक्ष्मण रेखा का कभी उल्लंघन नहीं किया। सीएम योगी ने कहा कि भगवान वाल्मीकि की फोटो लगाकर आज हर देव मंदिर में अखंड रामायण पाठ चल रहा है। सीएम ने अपील की कि महर्षि वाल्मीकि का चित्र हर भारतीय के घर में होना चाहिए। भारत का हर कथावाचक सबसे पहली वंदना भगवान वाल्मीकि की करते हैं। वह जिस पीठ पर बैठते हैं, वह सबसे पवित्र व्यास पीठ कही जाती है। भारत के देवतुल्य ऋषियों की परंपरा ने सभी कालखंड में समाज का मार्गदर्शन किया। रामायण कालखंड में महर्षि वाल्मीकि, महाभारत कालखंड में महर्षि वेदव्यास, मध्यकाल में सद्गुरु रविदास और देश जब आजादी की लड़ाई लड़ रहा था तो बाबा साहेब समाज का मार्गदर्शन करते दिखाई देते थे। सभी की दृष्टि एक है। पीएम मोदी इसे एक भारत-श्रेष्ठ भारत, सबका साथ और सबका विकास कहते हैं। सीएम ने कहा कि रामराज्य वही है, जहां जाति, मजहब, संप्रदाय के नाम पर भेदभाव न हो। आज यही कार्य भाजपा की डबल इंजन सरकार कर रही है।

### वोटबैंक के नाम पर जाति का सहारा लेने वालों पर हमलावर रहे सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग श्रीराम को गाली देते हैं, वे भगवान वाल्मीकि का अपमान करते हैं। भगवान वाल्मीकि का अपमान करने वाले भगवान राम का भी अपमान करते हैं। उन्होंने वोटबैंक के नाम पर जाति का सहारा लेने वालों पर हमला किया। सीएम ने कहा कि 2012 में जब सपा सरकार आई थी तो सामाजिक न्याय के पुरोधाओं के स्मारक को तोड़ने की धमकी दी थी, तब भाजपा ने कहा था कि इन स्मारकों को तोड़ने वालों को यूपी की जनता तोड़कर रख देगी। आज यह लोग प्रत्येक प्रेसवार्ता में बाबा साहेब का स्मरण करते हैं, लेकिन तब सपा के मुख्यमंत्री ने कन्नौज मेडिकल कॉलेज से बाबा साहेब का नाम बदल दिया था। हमने फिर उसे बाबा साहेब के नाम पर रख दिया। लखनऊ का भाषा विश्वविद्यालय मान्यवर कांशीराम के नाम पर था, सपा ने उसे भी बदल दिया। सहारनपुर मेडिकल कॉलेज का नाम भी बदल दिया। इनके दोहरे चेहरे हैं। यह हर कार्य को वोटबैंक की दृष्टि से देखते हैं।

### सीएम की अपील- बच्चों को पढ़ाइए, यह योग्य होंगे तो समाज को नेतृत्व देंगे

सीएम ने वाल्मीकि समाज से कहा कि बच्चों को पढ़ाइए, स्कूल भेजिए। वे योग्य होंगे तो समाज में नेतृत्व प्रदान करेंगे। कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता है। परिवार के अभिभावक के रूप में मां बच्चे की गंदगी साफ करती है। आप समाज में उसी भूमिका में रहते हैं। आपकी महानता है कि उस कार्य से जुड़कर भी समाज में विद्वेष का भाव पैदा नहीं होने दिया। सबके साथ खड़े होकर समाज के लिए कार्य किया। विपरीत परिस्थितियों में अपमान झेलते हुए भी त्योहारों को बेहतर तरीके से संपन्न करने के लिए कार्य किया है। भगवान वाल्मीकि ने समाज के लिए समर्पित होने का भाव पैदा किया है। समर्पण का यही भाव एक भारत, श्रेष्ठ भारत और राष्ट्र प्रथम से जोड़ता है। आज लखनऊ समेत हर जनपद में भव्यता से कार्यक्रम हो रहे हैं। हम हर वर्ष इस कार्यक्रम को बढ़ाएंगे। महर्षि वाल्मीकि ने सांसारिक उत्कर्ष के साथ-साथ राम का नाम देकर मुक्ति का मार्ग भी प्रशस्त किया है। उन्होंने हर भारतीय को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# जनपद में आस्था व उत्साह के साथ मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट





जिला प्रशासन, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि आश्रम लालपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही अन्य स्थानों पर भी वाल्मीकि जयंती के अवसर पर रामायण पाठ, भजन-कीर्तन, हवन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं एवं नागरिकों ने सहभागिता की। वाल्मीकि आश्रम लालापुर में आयोजित कार्यक्रम में जनपद के प्रभारी मंत्री ने मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि को संस्कृत साहित्य का प्रथम कवि और विश्व के महानतम ग्रंथों में से एक 'रामायण' के रचयिता के रूप में जाना जाता है। उन्होंने 24,000 श्लोकों में ÷रामायण÷ की रचना की, जिसमें भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, धर्म, मर्यादा और मानवता के मूल्यों का वर्णन है। इसी कारण उन्हें 'आदि कवि' कहा जाता है।

माता सीता ने अपने वनवास काल में महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में शरण ली थी, जहाँ उनके पुत्र लव और कुश का जन्म हुआ। इस दौरान रामायण पाठ, भजन-कीर्तन, हवन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालु व जनपदवासी आस्था एवं उत्साह के साथ शामिल हुए। इस मौके पर पूर्व सांसद आर.के. सिंह पटेल, भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, वाल्मीकि आश्रम के महंत भरत दास, उपनिदेशक पर्यटन आर.के. रावत, अपर जिलाधिकारी उमेश चंद निगम, मानिकपुर एसडीएम मोहम्मद जसीम, एएसडीएम राकेश पाठक, उप प्रभागीय वनाधिकारी राजीव रंजन सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इसी क्रम में वाल्मीकि जयंती के अवसर पर लालापुर में जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ दिलीप सिंह के मागदर्शन में विशाल होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 240 श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। इस मोके पर डॉ विपिन कुमार यादव, डॉ मुकेश कुमार पांडेय, डॉ करिश्मा कौशल श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट बद्री प्रसाद, सुशील सिंह आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य ने की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली के सदस्य प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता में मंगलवार को मानवाधिकार एवं समावेशी विकास की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में आयोग के सदस्य ने समाज कल्याण विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के पास्को एक्ट से संबंधित मामलों में मुआवजा की जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी से आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित लोगों की जानकारी ली। वृद्धा पेंशन लाभान्वित लोगों की जानकारी लेते हुए कहा कि कोई भी वृद्ध छूटने न पाए। कहा कि क्षेत्रों में जगह-जगह कैंप लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं। इसके अलावा उन्होंने बच्चों, महिलाओं आदि से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी लेते हुए लाभार्थियों के बारे में पूछा तथा सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा जिलाधिकारी के माध्यम से इसका सर्वे कराने को कहा। उन्होंने ट्रांसजेंडर कल्याण योजना के संबंध में जिला समाज कल्याण अधिकारी को चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। नगर पालिका परिषद कर्मी के संबंध में सफाई कर्मचारियों के बारे में जानकारी ली। जिला दिव्यांग अधिकारी से दिव्यांगों को वितरण किए जाने वाले सहायक उपकरणों की जानकारी ली तथा दिव्यांगों को योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी से आंगनबाड़ी केन्द्रों में बिजली के कनेक्शन, नल कनेक्शन व उनमें चलने वाले स्कूलों के जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सहायक श्रम आयुक्त से संचालित क्रेशर व कार्य करने वाले नाबालिग बच्चों की जानकारी लेते हुए कहा कि कार्य स्थल पर बच्चों के कार्य करते हुए पाए जाने पर उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराएं। पुलिस ने कहा कि पास्को एक्ट में कार्रवाई कर केस बनाकर सूचना मेल करें। जेल अधीक्षक से कहा कि जेल में निरुद्ध 75 साल से अधिक के लोगों व दिव्यांगों का आयुष्मान कार्ड बनवाएं। साथ ही जुर्माने व जमानत के अभाव में जेल में निरुद्ध बंदियों की जानकारी लेकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने आयोग के सदस्य को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बांदा



सोमवार को संत कृपाल सिंह इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ द्वारा महिला सशक्तिकरण के विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन नगर की प्रमुख महिलाओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में समाज की विभिन्न प्रष्ठभूमि से आई प्रेरणादायक महिलाओं ने अपने अनुभव एवं विचार सांझा किए, कि कैसे उन्होंने सामाजिक रूढ़ियों को तोड़कर अपने आपको सशक्त किया और अन्य महिलों को भी प्रोत्साहित किया जिससे एक सशक्त समाज का निर्माण हो सके।कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो० (डॉ०) दीपाली गुप्ता (प्राचार्य, राजकीय महिला महाविद्यालय), विशिष्ट अतिथि ममता मिश्र एडवोकेट, छाया सिंह एवं लक्ष्मी त्रिपाठी एडवोकेट द्वारा दीप प्रज्वलन एवं विधि महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्रों द्वारा दहेज प्रतिषेध अधिनियम (1961), घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम (2005), कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम (2013),और मातृत्व लाभ अधिनियम (1961,2017 में संशोधित) इत्यादि के बारे में अवगत करा व्यापक चर्चा की गई।

विशिष्ट अतिथि ममता मिश्र एडवोकेट ने महिलाओं के विधिक अधिकारों की जागरूकता के लिए संत कृपाल सिंह विधि महाविद्यालय को धन्यवाद दिया और कहा कि कानून हमे एक तरफ विशेष रूप से सशक्त करता है तो दूसरी तरफ कुछ दायित्व भी आरोपित करता है। हमें पुरुषों को शत्रु न समझकर सहयोगी समझने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि प्रो० (डॉ०) दीपाली गुप्ता ने कहा कि हमें अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हमारे किसी कृत्य द्वारा किसी अन्य व्यक्ति के साथ अन्याय न हो जाए। उन्होंने बताया कि लैंगिक समानता से सामाजिक संतुलन और समाज मे शांति स्थापित होती है।

# जोरशोर से मनाई गई वाल्मीकि जयंती

जन एक्सप्रेस। हमीरपुर




वालमीकि जयंती जोर शोर से मनाया गया। इस मौके पर नगर निकाय में चयनित प्रमुख देव मंदिर तथा विकासखंड स्तर पर चयनित ग्राम पंचायतों के प्रमुख मंदिरों पर रामायण पाठ, भजन, कीर्तन, हनुमान चालीसा, सुंदर काण्ड, रामचरित मानस पाठ आदि कार्यक्रम किए गए। महर्षि बाल्मीकि जयंती के अवसर पर जनपद में चयनित प्रमुख देव मंदिर यथा बड़े देव बाबा मंदिर हमीरपुर, बाल्मीकि मंदिर कुरारा, तपोभूमि हनुमान मंदिर सुमेरपुर, वाल्मीकि मंदिर मौदहा, चौपड़ा मंदिर राठ, नौराबली मंदिर गोहाण्ड, हनुमान मंदिर हटवारा सरीला में दीपदान व दीप प्रज्वलन के साथ बाल्मीकि रामायण का अखंड पाठ सहित भजन, कीर्तन आदि कार्यक्रम किए गए। इसके अलावा जिले की सभी विकास खण्डों की ग्राम पंचायतो के राम मंदिर, हनुमान मदिर, बाल्मीकि मंदिर/आश्रम सहित देवालय स्थित हैं, ग्राम पंचायत-खण्डेह, राम मंदिर, लरौद शिव मंदिर चकदहा-भगत बाबा मंदिर, पिपरौदा-हनुमान मंदिर, सिलौली-माता मंदिर, कपसा- राम मंदिर, किसवाही-राम जानकी मंदिर, सिजनौडा- हनुमान मंदिर, बिहरका-बडी माता मंदिर में साफ-सफाई कराते हुए लाइटिंग एवं साज सज्जा के साथ माइक लाउडस्पीकर आदि की व्यवस्था कराते हुए जनमानस की सहभागिता से हनुमान चलीसा, सुन्दर काण्ड एवं रामचरित मानस के पाठ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुये।

# यूएन के सतत विकास लक्ष्य एसडीजी 6 और 8 पर चल रहे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ समापन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की 109वीं जयंती के अवसर पर धर्मनगरी स्थित दीन दयाल शोध संस्थान में आयोजित दो दिवसीय सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर आधारित पाँचवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के अंतिम दिन मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन से प्रेरित मूल विषयवस्तु को आगे बढ़ाते हुए चर्चा की गई। जिसमें पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और नानाजी देशमुख के ग्रामीण सशक्तिकरण हस्तक्षेपों के बीच सतत विकास लक्ष्यों के लक्ष्य 6 और 8 के साथ संबंधों को दोहराया गया।

सम्मेलन के अंतिम दिन पूर्व केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ संजय पासवान ने कहा कि सर्वोदय, अभ्युदय, अंत्योदय और ग्रामोदय से पुनरोदय होगा और दुनिया को भारत दिशा देने का काम करेगा।

मध्य प्रदेश की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ कृष्णा गौर ने कहा कि आज के समय का सबसे ज्वलंत विषय आने वाली पीढ़ी को एक सुरक्षित भविष्य देने का है, इसके लिए पूरी दुनिया भी भारत की ओर टकटकी लगाए हुए हैं। इन्दौर के महापौर डॉ पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि स्वच्छता हमारे संस्कारों में शामिल होनी चाहिए।

देश के मानचित्र पर इंदौर की स्वच्छता यात्रा सिर्फ एक प्रशासनिक प्रयास नहीं, बल्कि जनता की भागीदारी से मिली बड़ी सफलता है। सभी स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएँ तथा सफाईकर्मियों का सम्मान करें।

## फल व सब्जी व्यापारियों ने सौंपा प्रभारी मंत्री को ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** गल्ला मण्डी परिसर के फल व सब्जी व्यापारियों ने खुले टीन शेड में व्यापार करने की मांग को लेकर मंगलवार को व्यापारी नेता शानू गुप्ता के नेतृत्व में जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने बताया कि गल्ला मण्डी परिसर में फल व सब्जी व्यापारियों को व्यापार के लिए खुले टीन शेड की आवश्यकता है ताकि फल व सब्जी जल्द खराब न हो। ऐसे में फल व सब्जी व्यापारियों को टीन में व्यापार करने दिया जाएग। इस सम्बन्ध में व्यापारियों ने जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल को ज्ञापन सौंपा गया। जिस पर प्रभारी मंत्री ने फल व सब्जी व्यापारियों की समस्या का जल्द ही निदान करने का भरोसा दिया। इस मौके पर विनोद केशरवानी, शकुंतला गुप्ता, संतोष गुप्ता, राकेश जायसवाल, रवि राज अग्रहरी, मोहम्मद रईस, मोहम्मद राज, गोरेलाल अग्रहरि, महेश गुप्ता, भोले गुप्ता, शम्भू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## मंत्री ने सुनी व्यापारियों की समस्याएं

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बीते सोमवार को प्रभारी जिला बांदा से लौटते समय जिला मुख्यालय कर्वी के डाक बंगले में ठहर कर जिले के व्यापारियो की समस्याओ को सुना। व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर मंत्री ने संबंधित अधिकारियों से वार्ता की तथा निराकरण के लिए निर्देशित कया। कहा कि भाजपा सरकार में व्यापारी अपने को पूरी सुरक्षित मानता है। पिछली सरकारों में अवैध वसूली कर व्यापारियों के साथ बदसलूकी की जाती थी, लेकिन अब बेझिझक व्यापार हो रहा है। इस मौके पर प्रकाशचंद्र केशरवानी, अंकित, स्वप्निल अग्रवाल, आशुतोष, प्रणव, शुभम, अंकुर आदि मौजूद रहे।

# मऊ एसडीएम ने किया खाद वितरण समितियों का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



मऊ तहसील क्षेत्र में खाद वितरण में अनियमितताओं की शिकायतें मिलने के बाद उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन ने रामनगर सोसायटी का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने किसानों की समस्याओं को सुना तथा मौके पर ही खाद वितरण की व्यवस्था में सुधार कराया। इसके साथ ही एसडीएम ने बरगढ़ एवं खण्डेहा समिति का भी निरीक्षण किया। रामनगर समिति में खाद वितरण पर अनियमितताएं की शिकायत मिलने पर मंगलवार को उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन ने मौके पर पहुंचकर समिति का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्वयं किसानों की लाइने लगवाईं। जिसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग लाइनें लगवाई गई। एसडीएम ने समिति संचालक को फटकार लगाते हुए सही तरीके से खाद वितरण करने और हिसाब-किताब दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी ने बरगढ़ और खण्डेहा स्थित समितियों का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि खाद का वितरण पारदर्शी तरीके से किया जाए, जिसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग लाइने लगवाए। कहा कि इसमें किसी भी प्रकार के दलालों को शामिल न किया जाए। चेतावनी दी कि यदि निर्देशों का पालन नहीं किया गया या दलालों को वितरण प्रक्रिया में शामिल किया गया, तो संबंधित समिति केंद्र के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बताया कि जनपद में पर्याप्त खाद की आपूर्ति है और सभी किसानों को नियमानुसार खाद दी जाए। एसडीएम ने तीनों केंद्रों के संचालकों को किसानों के साथ अच्छा व्यवहार करने और लाइन के अनुसार सभी को खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# संगोष्ठी का आयोजन कर भाजपा नेताओं ने बताए जीएसटी घटने के फायदे

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलवार को जीएसटी घटाए जाने व हर घर स्वदेशी अभियान चलाने से सम्बन्धित संगोष्ठी का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया गया। जिसमें जीएसटी कम होने के लाभ के बारे में लोगों को जागरूक करने व स्वदेशी अभियान के प्रति जागरूक करने पर चर्चा की गई। संगोष्ठी में जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने कहा कि दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग से देश में कामगारों की आमदनी में इजाफा हो रहा है। जीएसटी में छूट से महंगाई दर काफी कम हुई है। जिससे आम आदमी की खरीद से खरीद दूर रहने वाली चीजे भी अब आसानी से खरीदी जा सकती है। पूर्व जिलाध्यक्ष बांदा एवं सहकारिता क्षेत्र कानपुर बुंदेलखंड पुरुषोत्तम पाण्डेय ने कहा कि कभी भारत देश किसी एक परिवार के कुल में फंसकर भुखमरी के कगार पर था पर जबसे देश का नेतृत्व राष्ट्रवादी विचारधारा से ओतप्रोत सच्चे देशभक्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में आया, तब से हमारा देश सुई से लेकर ब्रम्होस मिसाइल बना रहा है। कहा कि सभी अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए ज्यादा से ज्यादा देश में निर्मित वस्तुओं को खरीदने व उपयोग करने का काम करें। भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा देश हित में निर्णय लिया हैं, जिसके क्रम में उन्होंने जीएसटी को कम कर आम आदमी को मंहगाई से राहत दिलाई है। कार्यक्रम संयोजक पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी को कम करने का कार्य बहुत ही सराहनीय है। जन-जन तक जीएसटी के लाभ को बताने का काम किया जा रहा है, जिसके तहत संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र कहा कि ज्यादा से ज्यादा देश में निर्मित वस्तुओं को खरीद कर स्वदेशी अभियान को सफल बनाए। पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि जीएसटी घटाने पर प्रधानमंत्री को आज पूरा देश बधाई दे रहा है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, लवकुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा नेता आलोक पांडेय, भागवत त्रिपाठी, श्याम गुप्ता, ओम प्रकाश शाहू, सौरभ, सुशील द्विवेदी, शानू गुप्ता, देव त्रिपाठी, शिवशंकर सिंह, बृजेश पांडेय, सुरेश अनुरागी, हीरो मिश्रा, आशीष पांडेय, हेमन्त प्रताप सिंह, जवाहर सोनी आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति-5.0 पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित हुई महिला पुलिसकर्मियों, महिलाओं व बच्चो की दौड़ प्रतियोगिता



जन एक्सप्रेस। बांदा

शासन द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में सघन जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है साथ ही कई रचनात्मक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में दिनांक 07अक्टूबर को पुलिस लाइन ग्राउंड में महिला पुलिसकर्मियों व बच्चों की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महिला पुलिस कर्मियों,महिलाओं व बच्चों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया गया। इस दौरान 50 मीटर बच्चों की दौड़ प्रतियोगिता में अनाया को प्रथम,आयुष को द्वितीय तथा कृष्णा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

100 मीटर बच्चियों की दौड़ प्रतियोगिता में निष्ठी को प्रथम, उर्मी को द्वितीय तथा प्रसिद्धि को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

1600 मीटर बच्चियों की दौड़ प्रतियोगिता में ईसिता को प्रथम, साक्षी को द्वितीय तथा साक्षी (द्वितीय) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

1600 मीटर की महिला पुलिसकर्मियों की दौड़ प्रतियोगिता में महिला आरक्षी आंकाक्षा पाण्डेय प्रथम, महिला आरक्षी रंजना कुशवाहा द्वितीय तथा महिला उप निरीक्षक रेनू शर्मा तृतीय स्थान पर रही। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सोना यादव प्रथम, अनीता व पूजा संयुक्त रुप से द्वितीय तथा रेखा तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता जीतने वाली सभी महिला पुलिसकर्मियों, महिलाओं व बच्चों अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक, जिला क्रीड़ा अधिकारी कल्पना, प्रतिसार निरीक्षक बेलास यादव आदि उपस्थित रहे।

## लूट की वारदात के दौरान सख्त चोट पहुंचाने के गुनाहगार को नौ साल की सजा के साथ ही हुआ पन्द्रह हजार का जुर्माना

**जन एक्स्प्रेस/हमीरपुर।** जलालपुर में 10 अप्रैल 2016 में बारात में आई बोलेरो नंम्बर-यू0पी091यू0-3166 में बैठे बारातियों से रुपया लूटकर उन्हें जख्मी कर दिया गया था। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर जलालपुर पुलिस ने मु0अ0सं0-75/16 धारा-394,307,411 आईपीसी सहित 7सीएलए एक्ट, 2(बी)/14डीए एक्ट के तहत भेड़ी डांडा निवासी अभियुक्त राहुल सिंह पुत्र कमल सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत डकैती अदालत के स्कालर जज अनिल कुमार खरवार ने अभियुक्त राहुल सिंह को गुनाहगार मानते हुये नौ साल की सख्त सजा के साथ ही पन्द्रह हजार रुपये का किया जुर्माना। मामले की विवेचना तत्कालीन एस आई रोशन लाल ने पूरी की। जबकि अभियोजन की तरफ से दमदार पैरवी करते हुये जाने माने एडीजीसी मणिकर्ण शुक्ला ने अदालत से अभियुक्त को सख्त सजा देने की मांग की।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। बांदा

पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम राजेश एस. व पुलिस अधीक्षक स्रपलाश बंसल द्वारा दिनांक 06अक्टूबर को मिशन शक्ति केन्द्रों की पुलिस लाइन स्थित सभागार में जनपद के समस्त थानों पर गठित ''मिशन शक्ति केन्द्रों'' के प्रभारी एवं कर्मचारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक के दौरान डी.आई.जी. द्वारा मिशन शक्ति अभियान हेतु जारी एस.ओ.पी. (SOP) के अनुसार अभिलेखों के सही रख-रखाव, प्रविष्टियों की समयबद्ध अद्यतनता एवं प्रत्येक मिशन शक्ति केन्द्र में महिलाओं से सम्बन्धित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने महिला सुरक्षा,सम्मान एवं स्वावलम्बन से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा की और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि मिशन शक्ति केन्द्र महिलाओं के लिए सहायता एवं सहयोग का प्रभावी मंच बनें डी.आई.जी. ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा सभी कर्मियों को निष्ठा, संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्रवाही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। यह समीक्षा गोष्ठी अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक, क्षेत्राधिकारीगण एवं अन्य अधिकारियों/कर्मचारीगणों की उपस्थिति मौजूद रही। डी.आई.जी. व एसपी ने की समस्त थानों में गठित मिशन शक्ति टीम के कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा बैठक।

# एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम व जोश

जन एक्सप्रेस। बांदा



जिला कबड्डी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी प्रांगण में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन, कबड्डी टीम तिंदवारा, मवई, जे.एन. कॉलेज बबेरू, भागवत प्रसाद की कबड्डी टीमों के द्वारा कबड्डी मैच खेला गया उसमें सभी खिलाड़ियों ने अपना बेस्ट प्रदर्शन कर सभी का दिल जीत लिया।

उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के द्वारा होने वाली 49 वीं जूनियर बालक (जोन बी) ओपन स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप मेरठ 2025/26 के संदर्भ में प्रत्येक जिले में उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के संबंध में जिला सचिवों को एक निर्देश प्राप्त हुआ है कि यह चैंपियनशिप दिनांक 11 से 12 अक्टूबर तक गांधी स्मारक इंटर कॉलेज दबथुआ मेरठ में आयोजित होगी। जिसके क्रम में जनपद में कबड्डी खिलाड़ियों के ट्रायल हेतु दिनांक 07 अक्टूबर को एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन आयोजित था।

जिस पर खिलाड़ियों का चयन करते हुए 11से12अक्टूबर में मेरठ में आयोजित होने वाली (जोन बी) ओपन स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए चयन कर 14 सदस्यीय टीम को भेजा जाएगा।हुए सभी कबड्डी मैच में सभी खिलाड़ियों का जिन्होंने अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है उनको चयन कर जनपद की टीम में शामिल किया गया है। जो 11 से 12 अक्टूबर के मध्य होने वाली कबड्डी प्रतियोगिता जो मेरठ में आयोजित होगी उसमें प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर कबड्डी जिला एसोसिएशन के सचिव कमल सिंह यादव, सलाहकार मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना, अंकित कुशवाहा, राजेंद्र प्राचार्य, राजेंद्र मिश्रा पत्रकार, सत्यम गुर्जर, जितेंद्र सिंह, निरंजन, रेफरी रितु गुप्ता, प्रवीण पांडे आदि उपस्थित रहे। सभी ने अच्छा प्रदर्शन कर चयनित हुए खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की और मेरठ में आयोजित होने वाली कबड्डी प्रतियोगिता में अपना अच्छा प्रदर्शन कर अपने गृह जनपद का नाम रोशन करने की प्रार्थना की।



**कफ-सिरप से दो राज्यों में अब तक 23 बच्चों...**

मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीला कफ सिरप पीने से 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें मध्य प्रदेश में अब तक 19 बच्चों और राजस्थान में 4 बच्चों की मौत हो चुकी है। मामला सामने आने के बाद मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु और पंजाब ने इस... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# लखनऊ में कानून का मखौल

## जनसेवा हॉस्पिटल बिना रजिस्ट्रेशन के चला रहा इलाज का धंधा

■ क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट की धज्जियां उड़ाकर चल रहा इलाज का धंधा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ




राजधानी लखनऊ में स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे जनसेवा हॉस्पिटल ने क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 के सारे नियम-कायदे ताक पर रख दिए हैं। यह अस्पताल पहले डीबीएल लॉन के पास, (मां कृपा लॉन के बगल) पर संचालित था, लेकिन अब अचानक बिना अनुमति नए पते– मोहान रोड, पिंक सिटी के समीप स्थित नई बिल्डिंग में संचालन शुरू कर चुका है। सवाल यह उठता है कि आखिर इस नए परिसर के लिए किसने अनुमति दी और क्या इसका नया पंजीकरण कराया गया? क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत किसी भी निजी अस्पताल को संचालन से पहले निर्धारित मानकों को पूरा कर सीएमओ कार्यालय से वैध रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य है। इसके बावजूद जनसेवा हॉस्पिटल ने बिना पंजीकरण के नई लोकेशन पर इलाज शुरू कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक जांच में पाया गया कि न तो इस बिल्डिंग में फायर एनओसी, न बायोमेडिकल वेस्ट डिस्पोजल व्यवस्था, और न ही आपातकालीन सेवाओं के मानक पूरे किए गए हैं।

### अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहा खेल

सूत्र बताते हैं कि स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी– मुख्य चिकित्साधिकारी लखनऊ डॉ. एनज़्बी सिंह और सीएमओ कार्यालय के नोडल अधिकारी (क्लीनिकल एक्ट) डॉ. अखंड प्रताप सिंह को इसकी पूरी जानकारी है, लेकिन दोनों ने अब तक कोई निरीक्षण नहीं किया। पहले भी जनसेवा हॉस्पिटल के पंजीकरण को लेकर शिकायतें की गई थीं, पर कार्रवाई के नाम पर केवल फाइलें सरकती रहीं। अब जब अस्पताल नए स्थान पर शिफ्ट होकर खुल गया है, तब भी प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

### मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़, कानून का मखौल

बिना रजिस्ट्रेशन चलने वाला कोई भी अस्पताल मरीजों की जान के साथ सीधा खिलवाड़ करता है। न योग्य डॉक्टरों की पुष्टि, न इन्फ्रास्ट्रक्चर की जांच—यह सब स्वास्थ्य सुरक्षा अधिनियम का खुला उल्लंघन है। अस्पताल में कार्यरत कई स्टाफ सदस्यों की नियुक्तियां भी संदिग्ध पाई गई हैं, जिनके पास चिकित्सकीय योग्यता के दस्तावेज तक नहीं हैं।

### जनता पूछ रही, कानून आखिर किसके लिए है?

जनसेवा हॉस्पिटल के इस बेखौफ संचालन ने स्वास्थ्य विभाग की जवाबदेही और निगरानी व्यवस्था दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब आम नागरिक एक छोटे से मेडिकल स्टोर के लिए दर्जनों कागजों में उलझता है, तब यह पूरा हॉस्पिटल बिना अनुमति कैसे चल रहा है? क्या यह सब अधिकारियों की मिलीभगत और भ्रष्टाचार का नतीजा नहीं है? अगर विभाग ने अब भी कार्रवाई नहीं की तो यह मामला सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि मरीजों की सुरक्षा के साथ किया गया अपराध साबित होगा। राजधानी लखनऊ में जनसेवा हॉस्पिटल जैसे अस्पताल यह दिखा रहे हैं कि कानून अब कागजों में जिंदा है, जमीन पर नहीं।

# लखनऊ सीएमओ वायरस

## कार्रवाई रुकी, वसूली शुरू

■ स्वास्थ्य विभाग में नया संक्रमण जहां 'गबन' दोष नहीं, इनकम बन गया

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

कभी स्वास्थ्य सेवाओं की नब्ज कहा जाने वाला लखनऊ का सीएमओ ऑफिस अब 'सिस्टम ऑफ मनी ऑर्डर' में बदल चुका है। यहां इलाज नहीं, डील होती है। शिकायतें नहीं, रेट तय होते हैं। और जांच उतनी ही चलती है, जितनी में जेब भर जाए।

### 13 मार्च: गबन उजागर, फिर 'खामोशी' का इंजेक्शन

13 मार्च 2025 रेखा तोमर नाम की कर्मचारी पर 7.92 लाख के गबन का मामला सिद्ध हुआ। कागज़ों पर अपराध साबित, पर कुर्सी पर आज भी आराम। कार्रवाई नहीं, बल्कि सेटलमेंट स्क्रिप्ट लिखी गई और उसमें मुख्य किरदार बने निदेशालय के 4-डी-वन अनुभाग के प्रशासनिक अधिकारी संजय रावत और प्रधान सहायक भानू कुमार। दोनों ने जांच रोकने का नया फार्मूला निकाला साप्ताहिक वसूली योजना। सूत्रों के मुताबिक रेखा तोमर से जांच ठंडे बस्ते में डालने की कीमत तय हुई 50,000 प्रति सप्ताह। हर शुक्रवार, जैसे सैलरी का दिन हो, सिस्टम का पेट भर दिया जाता है।

### डार्क हॉर्स डॉक्टर: बीस साल से सिस्टम की नसों में

इस पूरे खेल का पर्यवेक्षक माना जा रहा है डॉ. ए.पी. सिंह सीएमओ ऑफिस का डार्क हॉर्स। दो दशक से एक ही जिले में जमे रहना यह कार्यकाल नहीं, पकड़ है। उन्हें हटाने की कोशिश कई बार हुई, पर हर बार ऊपर से फोन ने केस को आईसीयू में डाल दिया। अब सवाल है – लखनऊ सीएमओ कार्यालय के धृतराष्ट्र सीएमओ डॉ. एन.बी. सिंह की चुप्पी क्या मौन सहमति है या मजबूरी? क्योंकि जब शीर्ष अधिकारी खामोश हों, तो भ्रष्टाचार खुद बोलने लगता है।




### बलरामपुर अस्पताल जहां फार्मासिस्ट भी अब 'क्लर्क' हैं

लखनऊ सीएमओ वायरस अब लखनऊ बलरामपुर अस्पताल तक पहुंच चुका है। यहां चीफ फार्मासिस्ट को लिपिकीय कार्य दे दिया गया है जबकि उनका वेतन क्लर्क से डेढ़ गुना ज्यादा है! यह सिर्फ नियमों का उल्लंघन नहीं, अदालत और आम जनता दोनों का अपमान है। मरीज कतार में हैं, दवाएं कम हैं, लेकिन दफ्तरों में फाइलें भाग रही हैं। यहां इलाज नहीं, इच्छाएं चलती हैं जो झुके वही कर्मचारी, जो बोले वही अधिकारी।

### लखनऊ सीएमओ ऑफिस, अब भ्रष्टाचार का 'कमांड सेंटर'

अब यह विभाग नहीं, एक संगठित नेटवर्क है। हर फाइल की अपनी कीमत है, हर जांच की बोली लगती है। जिन पर गबन सिद्ध हुआ, वे अब भी कुर्सी पर हैं। जो सवाल पूछे उसी पर जांच शुरू हो जाती है। निदेशक स्तर की कार्रवाई सिर्फ ऑक्सीजन चढ़ी खानापूर्ति बनकर रह गई है। सिस्टम बीमार है, लेकिन डॉक्टर खुद रोगी बन चुका है।

### जन एक्सप्रेस की पड़ताल में सामने आए तथ्य

- 7.92 लाख का गबन सिद्ध, पर कोई निलंबन नहीं।
- 50,000 साप्ताहिक वसूली तय — जांच रोकने के नाम पर।
- निदेशालय और लखनऊ सीएमओ ऑफिस में डील नेटवर्क सक्रिय।
- लखनऊ बलरामपुर अस्पताल में पदों का मनमाना दुरुपयोग।
- सीएमओ और निदेशक स्तर पर मौन स्वीकृति की स्थिति।

### अब नया टिकड़म

गबन के मामलों में नियम साफ हैं या तो सेवा से बर्खास्तगी, या पदावनति के साथ न्यूनतम वेतन पर वापसी। लेकिन रेखा तोमर केस में बस एक वेतन वृद्धि रोकने की तैयारी है यानी भ्रष्टाचार पर सिर्फ पट्टी, इलाज नहीं। सवाल वही अगर स्वास्थ्य विभाग में जांच भी बिकती है, तो मरीजों का इलाज कौन खरीदेगा?

# लखनऊ एयरपोर्ट पर 2 फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

■ वजह: मौसम खराब और एयरफोर्स अभ्यास, दिल्ली से वाराणसी और प्रयागराज जा रहे थे विमान

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ एयरपोर्ट पर मंगलवार को इंडिगो के 2 विमानों की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। एक विमान दिल्ली से वाराणसी तो दूसरा प्रयागराज जा रहा था। वाराणसी वाले विमान को वाराणसी के करीब पहुंचते ही पायलट को सूचना मिली कि यहां मौसम खराब है। फ्लाइट को लखनऊ के लिए डायवर्ट कर दिया गया। यह विमान सुबह 6꞉45 बजे लखनऊ में लैंड हुआ। प्रयागराज वाला विमान भी प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंच गया था। उसे भी लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली क्योंकि वहां एयरफोर्स का अभ्यास चल रहा था। यह विमान लखनऊ एयरपोर्ट पर दोपहर करीब 1꞉15 बजे उतरा और फिलहाल खड़ा है। इन दोनों विमानों के पायलट से बताया गया कि लैंडिंग पॉसिबल नहीं है। इसके बाद पायलट ने अमौसी एयरपोर्ट अथॉरिटी से कॉल मांगे। इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई-5076 दोपहर 12:20 बजे प्रयागराज पहुंचती है। दिल्ली से 10:55 बजे रवाना होकर यह उड़ान प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंची, लेकिन लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली। इसे भी लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। यह विमान लखनऊ एयरपोर्ट पर करीब 1:15 बजे उतरा और अभी खड़ा है। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, वाराणसी में मौसम सामान्य होने के बाद विमान को लखनऊ में लैंड कराया गया। यहां से लगभग डेढ़ घंटे बाद सवा 8 बजे वाराणसी के लिए रवाना कर दिया गया। वहीं, प्रयागराज वाला विमान अभी खड़ा है। एयरलाइन प्रबंधन ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

### वाराणसी वाले विमान में सवार थे 92 यात्री

इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6ई–2211 दिल्ली से सुबह 4꞉50 बजे टेकऑफ हुई। वाराणसी के करीब पहुंचने पर पायलट को वहां से मौसम खराब होने की सूचना मिली। पायलट ने अमौसी एयरपोर्ट से कॉल मांगकर क्लियरेंस लिया। इसके बाद लखनऊ की ओर डायवर्ट कर दिया। लखनऊ में सुबह 6꞉42 बजे विमान की सुरक्षित लैंडिंग कर दी गई। अमौसी एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार, इंडिगो के इस विमान में 6 क्रू और 86 यात्री सवार थे। मौसम खराब होने चलते वाराणसी एयरपोर्ट पर एटीसी से लैंडिंग की परमिशन नहीं मिली। साथ ही बता दिया गया कि यहां अभी लैंडिंग नहीं की जा सकती। विमान ने एयरपोर्ट के पास 5 चक्कर लगाए। उसके बाद लखनऊ के लिए डायवर्ट कर दिया गया। लखनऊ एयरपोर्ट पर विमान आकर डेढ़ घंटे खड़ा रहा। सवार सभी 92 यात्री विमान में ही बैठे रहे।

## महिला को दबंगों ने जम कर मारा पीटा मुकदमा दर्ज

**मलिहाबाद।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक विकलांग मूकबधिर महिला को गांव के कुछ लोगों ने बेरहमी से पिटाई कर दी। इस हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।गौंदा मोअज्जम नगर गांव निवासी मूकबधिर महिला सीता मिश्रा का लिंटर निर्माण को लेकर लंबे समय से न्यायालय में विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते गांव के रजनीश, विनोद, नान और उमेश चंद्र ने महिला पर हमला कर दिया और महिला को अभद्र गालियां देते हुए जमकर पीटा।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर चाकू से हमला कर महिला को किया घायल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

■ बहन को बचाने पर भाई पर भी चाकू से हमला कर किया जख्मी

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन इटौंजा थाना के पास इटौंजा दशहरा मेला देखकर अपने घर जा रही महिला से छेड़छाड़ का विरोध करने पर मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। सोमवार की देर रात हुई इस घटना पर महिला को इलाज के लिए पास के सामुदायिक स्वास्थ्य इटौंजा केंद्र ले जाया गया। जहां से उसे इलाज के लिए बीकेटी क्षेत्र के अस्पताल में रेफर किया गया। जहां महिला का इलाज कर घर भेजा गया। वहीं इटौंजा थाना से चंद क़दम की दूरी पर इटौंजा दशहरा मेला देखकर अपने भैय्या भाभी और उनके परिवार के साथ गांव जा रही महिला से लगभग आधा दर्जन बदमाशों ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। वहीं महिला के विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दिया, तभी पीछे से आ रहे भाई ने इसका विरोध किया तभी एक बदमाश ने महिला के पेट में चाकू मारकर घायल कर भाग गए। बचाने गए उसके भाई पर भी हमला कर चोटिल कर दिया। महिला के भाई ने घायल बहन को इलाज के लिए पास में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देखते हुए उसे बीकेटी क्षेत्र के रामसागर मिश्र शौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया। ?जहां डाक्टर ने इलाज के बाद मंगलवार की सुबह उसे घर भेज दिया गया। वही पीड़िता ने बताया कि इस सम्बन्ध में इटौंजा थाना में लिखित तहरीर दी गई है। लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार, इटौंजा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता अपने भाई उनकी पत्नी और बच्चों के साथ इटौंजा का दशहरा मेला देखने आई थी, जहां से वह देर रात अपने भाई भाभी और उनके परिवार के साथ अपने मायके जा रही थी,तभी इटौंजा थाना से पहले लगभग आधा दर्जन बदमाशों ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दिया। तभी मौके पर पीछे से भाई ने आकर बदमाशों का विरोध किया इसी बीच एक बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया, जो कि उसके पेट में जा लगा। वहीं घायल हो गई चिल्लाने पर बदमाश भाग निकले। महिला अभी भी घायल है उसने बताया सही इलाज नहीं मिल सका है।

# लखनऊ में महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया, हवन पूजन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



महाकाव्य रामायण के रचनाकार आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, सांसद अनूप वाल्मीकि, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, सहित बड़ी संख्या में वाल्मीकि समाज के लोग हजरतगंज परिवर्तन चौक स्थित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, भूपेंद्र सिंह और नेताओं ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके नमन किया और आयोजित हवन, पूजन एवं माल्यार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर हवन पूजन किया। वहीं बृजेश पाठक ने कहा कि उनकी जयंती के पावन अवसर पर महर्षि वाल्मीकि को नमन करता हूं। महर्षि ने हमारी सांस्कृतिक विरासत को रामायण के माध्यम से घर-घर पहुंचने का कार्य किया। आज हम घर-घर भगवान श्री राम जी के चरित्र को पूजते हैं। महापुरुष महर्षि वाल्मीकि जी को उत्तर प्रदेश के 25 करोड लोगों की ओर से हृदय की गहराइयों से श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं महर्षि वाल्मीकि जी ने करुणा दया और परस्पर सहयोग की भावना से महाकाल रामायण की रचना की। आज पूरी दुनिया उसका अनुसरण कर रही है महर्षि वाल्मीकि जी से हमें सीख मिलती है हमारे अंदर की प्रतिभा किसी समाज की मोहताज नहीं है महर्षि वाल्मीकि जी ने पूरी दुनिया को भाईचारे का संदेश दिया कि पूरी दुनिया उनकी स्मृतियों को नमन करती है। हमारी सरकार वाल्मीकि समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है भारतीय जनता पार्टी वाल्मीकि समाज को अपने परिवार का सदस्य मानती है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा रामायण के रचनाकार आदि महाकवि जी की जयंती के अवसर पर नमन करता हूं। रामायण के माध्यम से देश के 140 करोड़ को राम के जीवन से परिचित कराया कि व्यक्ति का अतीत कितना भी संघर्षमय हो, भक्ति और तपस्या से वह मुक्ति प्राप्त कर सकता है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार महर्षि वाल्मीकि रामायण के आधार पर देश के शासन व्यवस्था चल रही है जिसमें समाज के सभी वर्गों को बिना किसी भेदभाव और जाति मत संप्रदाय के भेदभाव के सबको जोड़कर के देश के विकास के लिए संकल्पित होकर आगे बढ़ रहे हैं।मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में सदस्य, विधान परिषद मुकेश शर्मा , पूर्व सांसद अशोक वाजपेयी, कमल वाल्मीकि, सदस्य विधान परिषद रामचंद्र प्रधान ,प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि,उपाध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि जी, संतोष वाल्मीकि, रिषी कुमार वाल्मीकि वीर सिंह ,रवि वाल्मीकि अन्य मौजूद रहें।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्त किया अस्पताल में हुई मौत

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ इटौंजा थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची इटौंजा पुलिस ने घायल को इलाज हेतु पास के अस्पताल में ले जाया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं इटौंजा पुलिस मृतक की शिनाख्त करवाने का प्रयास कर रही है। बता दें कि इटौंजा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ सीतापुर रोड पर सोनितपुर गांव के मोड़ के पास सोमवार की रात को एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची इटौंजा पुलिस ने घायल को इलाज के लिए पास के इटौंजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया गया। घायल को डॉक्टर ने घायल की हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। जहां पर इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं इस सम्बन्ध में इटौंजा थाना प्रभारी मार्कंडेय यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक की शिनाख्त करवाने का प्रयास किया जा रहा है, सम्भवतः शीघ्र मृतक के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त हो जायेगी।


# राज्य सूचना आयुक्त ने किया फिल्म एकेडमी का अवलोकन



■ यूपी में फिल्म निर्माण को प्रोत्साहन: डॉ दिलीप अग्निहोत्री

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने इंडियन फिल्म एकेडमी का अवलोकन किया। इसके संस्थापक दिनेश सहगल और योगेश मिश्रा ने उनको एकेडमी के उद्देश्य संसाधन और प्रस्तावित गतिविधियों से अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि दिनेश सहगल फिल्म बंधु के पूर्व उपनिदेशक है। जबकि योगेश मिश्रा ने कई भोजपुरी फिल्मों का निर्देशन किया है। डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में फिल्म निर्माण को प्रोत्साहन मिल रहा है। ऐसे में इस प्रकार के संस्थानों की उपयोगिता बढ़ गई है। गोमती नगर में इस संस्थान में न सिर्फ कैमरा एक्टिंग सिखाई जाएगी, बल्कि एक प्रोडक्शन हाउस की पूरी सुविधा भी होगी। इस अकादमी का उद्देश्य है कि चाहे बच्चा गरीब हो या अमीर, अगर उसमें टैलेंट है तो उसे बिना किसी बड़ी फीस के मौका मिले। रहने-खाने की व्यवस्था भी है और यहाँ के छात्रों को सीधे फिल्मों और वेब सीरीज में काम भी दिया जाएगा। युवा छात्रों को अभिनय और अन्य कोर्सेज़ की शिक्षा मिलेगी।



### पूर्व राज्यपाल से मिले राज्य सूचना आयुक्त, भेंट की अपनी पुस्तकें

**लखनऊ।** राज्य सूचना आयुक्त ने राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र से लखनऊ स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने कलराज मिश्र को अपनी पुस्तक राज्यपाल की संवैधानिक सक्रियता और सनातन चेतना का जागरण भेंट की।

# औद्योगिक विकास मंत्री ने प्रबंधक यूपीसीडा हेमेंद्र प्रताप सिंह को किया बर्खास्त

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीसीडा में प्रबंधक विद्युत यांत्रिक के पद पर तैनात रहे हेमेंद्र प्रताप सिंह द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए मनमानी करना उन्हें भारी पड़ गया। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी द्वारा प्रबंधक विद्युत यांत्रिक हेमेंद्र प्रताप सिंह की बर्खास्तगी के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।27 नवम्बर 2020 को शासन द्वारा ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण से हेमेंद्र प्रताप सिंह का यूपीसीडा में स्थानांतरण आदेश जारी किया गया था। 1 दिसंबर 2020 को ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास विभाग द्वारा उन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया। लेकिन यूपीसीडा में कार्यभार सम्भालने के बजाय प्रबंधक विद्युत यांत्रिक हेमेंद्र प्रताप सिंह 18 अप्रैल 2022 तक अनुपस्थित रहे।अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने, चिकित्सा अवकाश हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत न करने, पर्याप्त आधार एवं संतोषप्रद स्पष्टीकरण के बिना अवकाश स्वीकृत कराए बगैर सेवा से विरत रहने के आरोप लगाए गए थे। उन्हें उच्चादेशों की प्रत्यक्ष अवहेलना का भी दोषी पाया गया था।आरोपों के सम्बंध में एसीईओ द्वारा जांच की गई। एसीईओ यूपीसीडा की जांच आख्या में प्रबंधक हेमेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ लगाए गए आरोप सिद्ध पाए गए। जिसके आधार पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी द्वारा प्रबंधक विद्युत-यांत्रिक हमेंद्र प्रताप सिंह के विरूद्ध उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक अनुशासन एवं अपील 1999 नियम के अंतर्गत सेवा समाप्ति के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

# मंत्री असीम अरुण की पहल से कन्नौज के युवाओं को मिलेगी आधुनिक खेल सुविधा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने जनपद कन्नौज के युवाओं के खेल भविष्य को मजबूत बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। कन्नौज के रामलीला ग्राउंड में बास्केटबॉल सिंथेटिक कोर्ट के निर्माण के लिए विधायक निधि से 24.99 लाख की धनराशि स्वीकृत कर दी है।उन्होंने कन्नौज के मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखकर परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने का निर्देश दिया है। यूपी सिडको को कार्यदायी संस्था के रूप में नामित किया गया है।श्री अरुण ने कहा कि इस नए खेल परिसर के निर्माण से युवाओं को आधुनिक खेल सुविधाएं मिलेंगी। बास्केटबॉल समेत विभिन्न खेलों को बढ़ावा मिलेगा।

# योगी सरकार में पुलिस और न्याय प्रणाली हुई बेहतर: उपमा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रसिद्ध विधि विशेषज्ञ डॉ. उपमा गौतम ने यूपी में अपराध नियंत्रण के मोर्चे पर ऐतिहासिक सुधार को लेकर जारी एनसीआरबी की ताज़ा रिपोर्ट पर योगी सरकार की प्रशंसा की है। क्रिमिनल लॉ की छात्रा और पिछले 20 वर्षों से इस क्षेत्र में कार्यरत होने के नाते कह सकती हूं कि एनसीआरबी डेटा समाज की कानून व्यवस्था का आईना होता है। आंकड़ों से साफ झलकता है कि उत्तर प्रदेश में अपराध की रिपोर्टिंग में वृद्धि हुई है, जो दरअसल नागरिकों के बढ़े हुए विश्वास को दर्शाता है। अब लोग पुलिस और न्याय प्रणाली से डरने के बजाय उस पर भरोसा कर रहे हैं।राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की ताज़ा रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश ने अपराध नियंत्रण के मोर्चे पर ऐतिहासिक सुधार दर्ज किया है। रिपोर्ट के अनुसार राज्य में कई प्रमुख श्रेणियों में अपराध दर में गिरावट आई है। कानून व्यवस्था को लेकर अक्सर चर्चा में रहने वाले उत्तर प्रदेश के इस प्रदर्शन पर कानूनी विशेषज्ञों ने भी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।जांच प्रक्रिया सरल और पारदर्शी हुई प्रो. डॉ. उपमा गौतम जीजीएसआईपीयू गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में क्रिमिनल लॉ की जानी-मानी प्रोफेसर हैं। 20 साल से ज़्यादा का शिक्षण अनुभव है। वे नए आपराधिक कानूनों पर अपने उपयोगी सेमिनार के लिए प्रसिद्ध हैं। जांच अधिकारियों, न्यायिक अधिकारियों, वकीलों और विधि क्षेत्र से जुड़े लोगों को हमेशा मार्गदर्शन और प्रेरणा दी है। नए भारतीय न्याय संहिता बीएनएस और भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता बीएनएसएस के लागू होने से रिपोर्टिंग और जांच प्रक्रिया पहले की तुलना में काफी सरल और पारदर्शी हुई है। अब लोगों को टालने या 'शू किया जाने' जैसी स्थिति नहीं है। राज्य एजेंसियां हर शिकायत को गंभीरता से ले रही हैं, जिससे नागरिकों में न्याय के प्रति भरोसा बढ़ा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की स्थिति पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि अगर आप राष्ट्रीय औसत के हिसाब से प्रति लाख जनसंख्या पर अपराध दर की तुलना करें।

# बाल्मीकि जयंती के अवसर पर भक्ति और उत्साह के रंगों में डूबी अमेठी, श्रद्धा व एकता का अनोखा संगम

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



मंगलवार को जनपद भर में महर्षि वाल्मीकि जयंती भक्ति, उत्साह और सांस्कृतिक एकता के अद्भुत संगम के रूप में मनाई गई। जिलाधिकारी संजय चौहान और मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के मार्गदर्शन में पूरे जनपद में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।इस अवसर पर मंदिरों में अखंड रामायण पाठ, भजन-कीर्तन, दीपदान और माल्यार्पण कर श्रद्धालुओं ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों और महर्षि वाल्मीकि के उपदेशों का स्मरण किया। बताया जाता है कि महर्षि वाल्मीकि विश्व के प्रथम कवि और आदि महाकाव्य **'रामायण'** के रचयिता हैं जिन्होंने श्रीराम के जीवन से मानवता को धर्म, नीति और आदर्श जीवन की दिशा दिखाई। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज में सदाचार, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त करती हैं।

जनपद के सभी 13 विकासखंडों के 19 प्रमुख मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें प्रमुख रूप से देवी पाटन मंदिर अमेठी, हनुमान मंदिर सराय महेशा फरीदपुर रायपुर रामगंज,घोरहा,उल्टा गढ़ा माफी, पालपुर कठौरा, हुसैनगंज कला, गौरा हनुमानगढ़ी, राम-जानकी मंदिर मुसाफिरखाना मवैया रहमतगढ़, कालिकन धाम संग्रामपुर, जलामा हनुमान मंदिर शाहगढ़, हनुमान मंदिर पिंडारा करनाई, तिलोई तथा बाबा दत्तहरेश्वर धाम रामपुर पंवारा, सिंहपुर प्रमुख रहे। सभी स्थलों पर दीप प्रज्ज्वलन, भक्ति संगीत, संकीर्तन और रामायण पाठ के साथ वातावरण पूर्णतः भक्ति मय बना रहा। श्रद्धालु देर शाम तक कार्यक्रमों में शामिल होते रहे और महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। जनपद के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सजीव भक्ति माहौल देखने को मिला। मंदिरों में रंगोली, पुष्प सज्जा और दीपमालाओं से सुंदर दृश्य प्रस्तुत हुआ। प्रशासन और स्थानीय समितियों की ओर से सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। जिले में मनाई गई यह जयंती सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और मानवीय मूल्यों की पुनःस्थापना का प्रतीक बनी। श्रद्धालुओं ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी की शिक्षाएं आज भी समाज को सत्य,करुणा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं।

## निजी नर्सिंग होम संचालक की लापरवाही से गर्भवती महिला की गई जान

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** निजी नर्सिंग होम संचालक की लापरवाही से गर्भवती महिला की गई जान परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर किया हंगामा मामला मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जेल रोड पर स्थित सैनिक अस्पताल का है जहां रतापुर के रहने वाले अक्षय कुमार यादव ने बताया कि 6 अक्टूबर को 11 बजे दिन में प्रसव पीड़ा होने पर महिला को सैनिक अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन डॉक्टर मौजूद नहीं थीं। नर्सों ने ही डिलीवरी कराई। नवजात पुत्र स्वस्थ हुआ पर पत्नी की हालत बिगड़ती चली गई। बार-बार डॉक्टर को बुलाने के बावजूद वह नहीं आईं और नर्सों ने इंजेक्शन लगाकर मामला संभालने की कोशिश की, पर कोई सुधार नहीं हुआ। अंततः महिला की मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि महिला की मौत के बाद अस्पताल में तैनात डॉक्टर समेत सभी कर्मचारी मौके से फरार हो गए।

# 10 दिवसीय स्वदेशी मेले की तैयारियों को लेकर डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




देश को विकसित राष्ट्र बनाए जाने हेतु देश के प्रधानमंत्री के स्वदेशी उत्पादों को अपनाए जाने के आह्वान एवं प्रदेश को विकसित बनाए जाने हेतु मुख्यमंत्री के प्रेरणा एवं मार्गदर्शन के क्रम में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु शासन के दिशानिर्देश पर जनपद 09 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक स्वदेशी मेला का आयोजन बड़ा परेड ग्राउंड में होगा। स्वदेशी मेला की तैयारियों के संबंध में बैठक डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई।

डीएम ने कहा की जिले में निर्मित स्थानीय उत्पादों एवं स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी के स्वदेशी मेला बड़ा प्लेटफार्म होगा, उन्होंने स्वदेशी मेले में स्थानीय उत्पादों एवं स्वदेशी उत्पादों की बिक्री हेतु 50 स्टॉल लगाए जाने के निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि स्वदेशी मेले में जिले में निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता दी जाएगी, दीपावली की खरीदे जाने वाले उत्पाद भी मेले में होगे, मेले में थारू जनजाति द्वारा निर्मित उत्पाद विशेष रौनक होगें। स्वदेशी मेले में स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगे। स्वदेशी मेले को भव्य रूप आयोजित किए जाने को डीएम ने बड़ा परेड ग्राउंड का भौतिक निरीक्षण किया, इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें। उन्होंने स्वदेशी मेले हेतु स्टॉल एवं स्टेज के संबध में आवश्यक दिशानिर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम सदर, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आबकारी विभाग की कार्रवाई में 64 लीटर अवैध शराब बरामद, 350 किलो लहन नष्ट

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



अवैध शराब के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान के तहत मंगलवार को जनपद में आबकारी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। यह अभियान जिलाधिकारी अमेठी तथा उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक अमेठी और जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में संचालित किया गया। गठित विशेष टीम द्वारा ग्राम हतवा, ब्रम्हनी, बाबूगंज और हारिमऊ क्षेत्रों में आकस्मिक दबिश दी गई।इस दौरान क्षेत्र-4 तिलोई अंतर्गत थाना जायस व फुरसतगंज क्षेत्र के ग्राम ब्रम्हनी और हतवा से कुल 64 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। जबकि 350 किलोग्राम लहन शराब बनाने की सामग्री मौके पर नष्ट कर दी गई। कार्रवाई के दौरान 3 अभियोग आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज किए गए हैं।टीम ने मौके पर ग्रामीणों को अवैध शराब के सेवन और निर्माण से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया एवं लोगों से अपील की कि वे ऐसी गतिविधियों की सूचना विभाग के टोल फ्री नंबर या संबंधित आबकारी निरीक्षक को दें। अभियान के दौरान आबकारी दुकानों का निरीक्षण भी किया गया, जिसमें स्टॉक और लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई।

इस कार्रवाई में रानी सागर आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 तिलोई, अपने स्टाफ के साथ सम्मिलित रहीं। आबकारी विभाग का यह अभियान जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर अंकुश लगाने की दिशा में एक सख्त कदम माना जा रहा है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसी कार्रवाइयां निरंतर जारी रहेंगी।

## अपराधों पर अंकुश लगाने में नाकाम है जिले की पुलिस - ओपी यादव

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।**सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीसी (फौ0) ओपी यादव ने जिले में बढ़ते अपराधों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अपराधों पर अंकुश लगाने में जिले की पुलिस नाकाम है। दीवानी न्यायालय के गेट पर पुलिस निगरानी के बावजूद एक सिरफिरा व्यक्ति चापड़ लेकर न्यायालय के अन्दर प्रवेश कर जाता है और एक अधिवक्ता के चैम्बर में अपनी पत्नी के ऊपर जानलेवा हमला कर देता है। यह पहली घटना नहीं है, दीवानी के लाकप व न्यायिक कक्ष के बरामदे में गोलियाँ चल चुकी हैं। परिसर के अन्दर सोहन गुप्ता व अनवर की हत्या हो चुकी है, इसके बाद भी पुलिस के कानों में जू नहीं रेगी। लगातार दीवानी न्यायालय की बाऊण्ड्री से लगी दुकानों को हटाने के लिए प्रशासन द्वारा आधी अधूरी कार्यवाही करके इतिश्री कर ली जाती है। इस भीड़ भरे माहौल का फायदा उठाकर अपराधी अपने मकसद में कामयाब हो जाता है। जबकि मान्नीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश में स्पष्ट उल्लिखित है कि मान्नीय न्यायालय, विद्यालय एवं चिकित्साल की बाऊण्ड्री नो वेन्डिंग जोन एरिया में रहेगी।

# गंगौली में कंपोजिट विद्यालय की दीवार ढही, भ्रष्टाचार और चुनावी रंजिश के आरोप

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




अमेठी विकास खण्ड के गंगौली गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय की घटिया सामग्री से निर्मित लगभग 200 मीटर लंबी दीवार गिर गई।जिससे बच्चों की सुरक्षा और निर्माण गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस घटना के बाद विवाद तेज हो गया है।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिव प्रताप यादव ने चुनावी रंजिश के चलते पड़ोसी खेत मालिकों पर दीवार गिराने का आरोप लगाया है। दूसरी ओर ग्रामीण निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं। बताते चले कि गंगौली कंपोजिट विद्यालय के चारों ओर लगभग एक साल पहले ग्राम पंचायत द्वारा 400 मीटर लंबी और 4 फीट ऊंची दीवार का निर्माण कराया गया था। ग्रामीणों के अनुसार, निर्माण में पीली ईंटों और कम गुणवत्ता वाली बालू का इस्तेमाल किया गया, जिससे दीवार तीन महीने में ही गिर गई। वहीं, प्रधान प्रतिनिधि ने दावा किया कि दीवार गिराने में विनोद यादव, अशोक यादव और संतोष यादव का हाथ है, जिन्होंने ट्रैक्टर के लेबलर से दीवार को तोड़ दिया ताकि अपनी जमीन बढ़ा सकें। उन्होंने ऑनलाइन एफआईआर भी दर्ज कराई है। गांव के लोगों ने बताया कि विद्यालय परिसर में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में भी भ्रष्टाचार हुआ है। लिंटर पूरी तरह से नहीं खुली होने के बावजूद प्लास्टर का काम शुरू कर दिया गया।इस मामले पर खंड शिक्षा अधिकारी पूजा देवी ने मौके का निरीक्षण किया और प्रिंसिपल की रिपोर्ट खंड विकास अधिकारी को सौंप दी है। अब बाउंड्री वॉल के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो रही है। अधिकारी ने बताया कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा सबसे अहम है और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित किए बिना ऐसे फैसले खतरनाक साबित हो सकते हैं।

# पूर्व सांसद ने भगवान परशुराम के मंदिर निर्माण हेतु भूमिपूजन कर किया शिलान्यास

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में मंगलवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण जन कल्याण समिति भारत की ओर से धुसाह स्थित समय माता मंदिर के बगल भगवान परशुराम के भव्य मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन एवं शिलान्यास मंगलवार को सम्पन्न हुआ। पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंदिर का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। जानकारी के अनुसार 7 अक्टूबर को आयोजित भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में आए लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने कहा कि भगवान परशुराम हमारे आराध्य होने के साथ-साथ आदर्श भी हैं।

वह वीरता के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम न्याय के प्रति धर्म रक्षक, तप, त्याग व तेज के संगम थे। उनके सिद्धांतों से ब्राह्मण समाज को प्रेरणा मिल रही है। उन्होंने कहा कि हमें भगवान परशुराम से प्रेरणा लेकर विकसित भारत के सपने को साकार करना चाहिए। हमें अपनी शक्ति का प्रयोग तब करना चाहिए जब उद्देश्य न्याय व जन जागरण का हो।

कार्यक्रम को गेल्हापुर महंत बृजानंद महाराज, एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो जेपी पाण्डेय, भाजपा नेता उदय प्रकाश त्रिपाठी, विनय मिश्र, शेरावाली शुक्ला कोमल सहित अन्य कई वक्ताओं ने संबोधित करते हुए भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डाला। समिति के जिलाध्यक्ष राम नरेश त्रिपाठी ने मंदिर निर्माण की पूरी रूपरेखा बताई। महामंत्री अम्बरीश शुक्ल ने अप्रैल माह में परशुराम जयंती तक मंदिर निर्माण कार्य को पूरा करने और इस कार्य में जन सहयोग के लिए अपील की। कार्यक्रम का संचालन डॉ तुलसीश दुबे ने किया। इस अवसर पर समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी, निर्मल कुमार पाण्डेय उर्फ बब्बल, सेतु बंधु त्रिपाठी, संजय मिश्र, बाबा उमाशंकर त्रिपाठी, इंद्र प्रकाश त्रिपाठी तथा संदीप मिश्र सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद थे।

## रायबरेली में युवक ने खाया विषाक्त पदार्थ, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** 7 अक्टूबर 2025 दिन मंगलवार को संत शिरोमणि रामायण रचयिता भगवान महर्षि वाल्मीकि जन्म जयंती के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिषद रायबरेली के सौजन्य से अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी महोदय एवं नगर के सम्मानित सभासद गणों द्वारा जलकल कैंपस में सांस्कृतिक कार्यक्रम सुंदरकांड एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें पालिका परिषद के कर्मचारी/नगर वासियों को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के कार्यकर्ता के रूप में संजय मौर्य अरविंद चौबे रामपाल दिनेश वाल्मीकि समीर आनंद घनश्याम अंजनी कुमार आशीष पाल शिव शंकर वाल्मीकि सिकंदर विनोद वाल्मीकि आकाश वाल्मीकि मोहम्मद अरशद मनोज सिंह धर्मेश गुप्ता रमाशंकर राम लखन प्रतीक श्रीवास्तव कैलाश इतिहास कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई।

# 75 लाख रुपए से होगा जुआ देवी मंदिर का जीर्णोद्धार, किया गया भूमि पूजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में विकासखंड सदर क्षेत्र अंतर्गत जुआ स्थान पर स्थित जुआ देवी मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु मंगलवार को देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर महंत मिथलेश नाथ योगी ने भूमि पूजन किया। जानकारी के अनुसार 7 अक्टूबर को के दिन उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जहां प्राचीन पर्यटन स्थलों एवं अति प्राचीन देवस्थानों के जीर्णोद्धार कराने को लेकर प्रयासरत है तो वहीं बलरामपुर जनपद जो की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद के बराबर माना जाता है यहां भी कई अति प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार हुआ है। इसी क्रम में बलरामपुर जनपद के जुवाथान स्थित जुआ देवी मंदिर का भी जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। जिसके हेतु सरकार ने 75 लाख रुपए का बजट दिया है 75 लाख की लागत से इस मंदिर का जीर्णोद्धार होगा जुआ देवी मंदिर जो कि क्षेत्रवासियों की कुलदेवी एवं अति प्राचीन मंदिर है इस लागत से मंदिर परिसर में शौचालय, हाल तथा इंटरलॉकिंग का निर्माण होगा। वहीं आज पर्यटन विभाग के द्वारा भूमि पूजन कराया गया है भूमि पूजन में मुख्य अतिथि के रूप में शक्ति पीठ देवीपाटन के महंत मिथलेश नाथ योगी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक पलटू राम ने कार्यक्रम में शिरकत किया और भूमि पूजन किया। इस अवसर पर सदर विधायक पलटू राम ने कहा कि प्राचीन देवस्थानों को लेकर योगी जी के नेतृत्व में हम सभी देवस्थानों एवं धार्मिक स्थलों का विकास करेंगे सभी स्थलों का जीर्णोद्धार करेंगे जिससे कि हमारी धार्मिक संस्कृति एवं परंपरा सदैव जागृत रहे।

# बड़ा पुल पर स्थापित दुर्गा प्रतिमा का पूर्णिमा के अवसर पर किया गया विसर्जन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में श्री श्री नव दुर्गे श्रृंगार समिति बड़ा पुल चौराहे के तत्वावधान में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन की शोभायात्रा दशहरा के पांचवें दिन शरद पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार की देर शाम बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। राप्ती नदी के तट पर जय माता दी की जयघोष के साथ पूरे श्रद्धा व आस्था के साथ मां की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

जानकारी के अनुसार 6 अक्टूबर की शाम समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र विक्रम सिंह, सरंक्षक शिव कुमार चौरसिया, उपाध्यक्ष मनोज साहू, दीपक चौहान, संजय गुप्त, आशीष गुप्त, अवधेश पाण्डेय, बुधराम गुप्त, डब्लू चौरसिया, महामंत्री नीरज मोदनवाल, आनंद कुमार चौहान, संदीप गुप्त, बबलू चौरसिया सहित अन्य कई लोगों ने हवन-पूजन करके मां भगवती की आराधना की और सभी के कल्याण हेतु मंगल कामना की। इसके पश्चात मां दुर्गा की आरती के साथ देर शाम शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा बड़े पुल से देवी दयाल तिराहा, गर्ल्स कॉलेज चौराहा, चौक बाजार , सब्जी मंडी होते हुए वीर विनय चौराहा से अम्बेडकर चौराहा से मेमोरियल हॉस्पिटल होते हुए मेजर चौराहा से काली थान होते हुए राप्ती घाट के तट पर पहुंचा। शोभायात्रा में महिलाएं, बच्चे व वृद्ध सभी का उत्साह देखते बनता था। सभी लोग बड़े ही जोश व उल्लास के साथ मातारानी के जयकारे लगाते हुए मां भगवती की विदाई कर रहे थे।

जहाँ डीजे की धुनों पर युवा, बच्चे, महिलाएं व वृद्ध झूमते नज़र आये वहीं नम आंखों से अगले वर्ष माँ फिर आना की आस के साथ कुछ भावविभोर होते दिखे। शोभायात्रा में लो आ गई मईया, लो जा रही मईया, लो कर लो दर्शन जैसे भक्तिमय जयघोष से समूचा नगर गुंजायमान हो रहा था। राप्ती के तट पर पूरी आस्था व भक्ति एवं जय माता दी कि जयघोष के साथ भक्तों ने मां की प्रतिमा का विसर्जन किया। शोभायात्रा में पुलिस प्रशासन की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था दिखी। विसर्जन शोभायात्रा में समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ तुलशीष दूबे, दुर्गा समिति के पदाधिकारी आनंद कुमार चौहान व नगर के गणमान्य नागरिक तथा भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी रही।

## उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा 2025 के सकुशल संपादन हेतु बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 12 अक्टूबर को आयोजित की जाने वाली पीसीएस परीक्षा-2025 को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं जैसे परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, पेपर की गोपनीयता, पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, बिजली, पेयजल, स्वच्छता व चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप सभी तैयारियाँ समय से पूर्ण कर ली जाएँ ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस अवसर पर उन्होंने ने निर्देश दिया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए तथा केंद्रों के आसपास किसी भी प्रकार की भीड़ या अवांछनीय गतिविधि न होने दी जाए। बैठक में समन्वय पर्यवेक्षक संजय कुमार द्वारा उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग गाइडलाइन की विस्तार से जानकारी दी गई।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर में पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में मंगलवार को 'महर्षि वाल्मीकि' की जयंती धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

जानकारी के अनुसार 7 अक्टूबर को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में 'महर्षि वाल्मीकि जी' की जयंती मनायी गयी। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी एवं प्रधानाचार्य सैयद इकलाख हुसैन ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण करके आरती उतारा तत्पश्चात् सभी अध्यापक अध्यापिकाओं ने आरती उतारी। प्रबन्ध निदेशक व प्रधानाचार्य ने विद्यालय के कर्मचारी शुभम् बाल्मीकि को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र व उपहार देकर सम्मानित किया। प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि का पुराना नाम रत्नाकर दास था। महर्षि वाल्मीकि को महर्षि और आदि कवि नामक उपाधियों से भी सम्मानित किया गया है। जहां महर्षि का अर्थ महान संत या महान ऋषि है, और आदि कवि का अर्थ प्रथम कवि। महर्षि वाल्मीकि संस्कृत रामायण के प्रसिद्ध रचयिता है। इन्होनें संस्कृत में रामायण की रचना की। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रची रामायण वाल्मीकि रामायण कहलाई। रामायण एक महाकाव्य है जो कि राम के जीवन के माध्यम से हमें जीवन के सत्य व कर्तव्य से, परिचित करवाता है। आदि कवि शब्द 'आदि' और 'कवि' के मेल से बना है। 'आदि' का अर्थ होता है 'प्रथम' और 'कवि' का अर्थ होता है 'काव्य का रचयिता'। महर्षि वाल्मीकि ने संस्कृत के प्रथम महाकाव्य की रचना की थी जो रामायण के नाम से प्रसिद्ध है। प्रथम संस्कृत महाकाव्य की रचना करने के कारण वाल्मीकि आदि कवि कहलाये। महर्षि वाल्मीकि जयंती पर, रामायण की महाकाव्य शिक्षाएं आपको हर दिन एक बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित करें, वाल्मीकि जयंती कलम की ताकत की याद दिलाती है। महर्षि वाल्मीकि के शब्द और कार्य हमेशा सच्चाई और अच्छाई को दर्शाते हैं । विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण एवं कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत कोमल गौतम ने भगवान वाल्मीकि का अभिनय किया। इसके बाद एक समूह नृत्य गीत- हे वाल्मीकि भगवान करें तुम्हें नामक गीत पर आशी, श्रेया, नितिका, आस्था, सिया, प्रेरणा, अनुकृति आदि बहुत ही मनमोहक व सुन्दर प्रस्तुति दी। तत्पश्चात भाषण कार्यक्रम में आलोक, मान्या, दर्शिका, आयुष्मान, फैजा, माशू, वैभव आदि ने प्रतिभाग किया। इसी क्रम में कला प्रतियोगिता में इशिता, साम्भवी, अयान, मरियम, उपासना, काव्या, मेधावी, सौम्या, अभिराज, रत्ना, आव्या, श्रेया आदि छात्र-छात्राओं ने माहर्षि वाल्मीकि जी का चित्र बनाकर अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन किया। अन्त में प्रबन्ध निदेशक ने बच्चों द्वारा समूह नृत्य की प्रस्तुति को देखकर समस्त प्रतिभागिओं का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि महर्षि वाल्मीकि जंयती अश्विन माह के महीने (सितम्बर-अक्टूबर) के पूर्ण चन्द्रमा यानी पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर वाल्मीकि की प्रतिमा को फूल-माला चढ़ाकर और दियों की रोशनी करके मनाया जाता है। कुछ लोगों के द्वारा वाल्मीकि मंदिर को फूलों और अन्य सजावटी सामानों से सजाया जाता है। यह पर्व वाल्मीकि के प्रति प्यार और स्नेह के साथ मनाया जाता है।

# पत्नी ने गर्लफ्रेंड के साथ पति को होटल से पकड़ा, बीच सड़क पर हुआ हाई वोल्टेज ड्रामा

### 1 घंटे तक चली बीच सड़क पर मारपीट

लोगों के मुताबिक मारपीट के दौरान पत्नी ने बीच बचाव करने आए पति को भी थप्पड़ रसीद कर दिए। पति पत्नी और प्रेमिका के बीच यह मारपीट करें 1 घंटे तक चलती रही। सड़क पर हो रही इस घटना को देख स्थानी लोग और राहगीर रुक गए। इस दौरान मौके पर खड़े पुलिसकर्मी भी दूर खड़े होकर तमाशा देख रहे थे। करीब 1 घंटे तक हुए हंगामा के बाद राजगीरों ने मामले को शांत कराकर मौके से पति को भगा दिया। पत्नी ने बताया मेरी शादी 2018 में हुई थी। मेरे तीन बच्चे हैं। पति राजकोट से 2 दिन पहले ही दिवाली त्योहार के लिए घर पर आया था। मंगलवार सुबह अपनी प्रेमिका से मिलने नरवल मोड़ स्थित एक होटल पहुंचा।





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

शहर के एक होटल से प्रेमिका के साथ निकलते समय पत्नी ने पति को रंगे हाथों पकड़ लिया। इस पर पत्नी ने बीच सड़क पर हंगामा करना शुरू कर दिया। इसी बीच पति ने पत्नी को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद पत्नी और प्रेमिका के बीच जमकर बीच सड़क पर लाख घुसे होने लगे। दोनों के बीच करीब 1 घंटे तक बीच सड़क पर जमकर हाथापाई होती रही। दोनों एक दूसरे के बाल नोचती रहीं। 20 सड़क पर हाई वोल्टेज ड्रामा होता देख राहगीरों के भीड़ इकट्ठा हो गई। कुछ लोगों ने इस पूरी मारपीट का वीडियो भी बना लिया। बाद में लोगों ने मामला शांत कराकर पति को वहां से भगाया। सूत्रों के मुताबिक महाराजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने मंगलवार को अपने पति को एक होटल में प्रेमिका के साथ देख लिया। यह होटल नरवल मोड़ के पास स्थित है। पति को प्रेमिका के साथ देखते ही पत्नी आग बबूला हो गई। इसके बाद दोनों के बीच गाली गलौज का दौर शुरू हो गया। गाली गलौज जल्द ही मारपीट में बदल गई।

### 3 साल से प्रेमिका से कर रहा था फोन पर बातचीत

पत्नी ने बताया कि मेरा पति तीन साल से प्रेमिका से फोन पर बातचीत कर रहा था। शक होने पर पत्नी भी होटल पीछे से पहुंच गई।

इस दौरान पति अपनी प्रेमिका के साथ हाथों में हाथ डाले होटल से बाहर निकल रहा था। पति ने बताया कि मेरा पति पिछले 3 साल से इस प्रेमिका से बात कर रहा है। मैंने इससे पहले भी कई बार पति को प्रेमिका के सर रंगे हाथ पकड़ा है। महाराजपुर पुलिस वायरल वीडियो की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि अभी तक इस मामले में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। महाराजपुर इंस्पेक्टर संजय पांडे ने बताया कि उन्हें मामले की कोई जानकारी नहीं है। अभी तक किसी पक्ष ने कोई शिकायत नहीं दी है। शिकायत आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पीड़ित ने कप्तान से लगाई न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

थाना रामपुर मथुरा क्षेत्र के ग्राम पड़ुखा मजरा समदा निवासी अंकित सिंह पुत्र विमल प्रकाश सिंह ने पुलिस अधीक्षक सीतापुर को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि पीड़ित का भाई संदीप सिंह जो कि लखनऊ में कार्य करता था। दिनांक 28.28.2025 को विपक्षी शुभम सिंह पुत्र पंकज सिंह, निवासी पड़ुखा मुराली पुत्र अवतार निवासी छतवारा थाना मोहम्मदपुर खाला जिला बाराबंकी, जो कि पूर्व रंजिश के विनाह पर पीड़ित के भाई संदीप सिंह को जान से मार डालने में विफल रहे को काफी मारा और उस पर धारदार हथियार से वार किया। जिससे पीड़ित का भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित के भाई संदीप सिंह की हालत काफी खराब होने के कारण लखनऊ ट्रामा सेण्टर से जवाब हो गया और पीड़ित के भाई मरणासन्न की दशा में पड़े है। जिस सम्बन्ध में म.अप. संख्या 314/25 पुलिस द्वारा दर्ज किया गया है। लेकिन अभी तक पुलिस द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार नही किया गया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।

# कुतबुल मदार उर्स की तैयारियां शुरू- इंतजामिया कमेटी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, सुविधाओं की मांग

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



मकनपुर स्थित दरगाह जिन्दा शाह मदार पर लगने वाले ऐतिहासिक उर्स कुतबुल मदार की तैयारियां जोरों पर हैं। उर्स इंतजामिया कमेटी ने उपजिलाधिकारी बिल्हौर को ज्ञापन सौंपकर श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं कराने की मांग की है।

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह प्राचीन उर्स 7, 8 और 9 नवम्बर 2025 को आयोजित होगा। इस दौरान देश के कोने-कोने से लाखों की संख्या में जायरीन (श्रद्धालु) मकनपुर पहुंचते हैं। भारी भीड़ को देखते हुए कमेटी ने प्रशासन से स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा और नेटवर्क जैसी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की अपील की है।

कमेटी ने ज्ञापन में विशेष रूप से निम्न मांगें रखीं–पीएचसी में तीन दिन डॉक्टरों व एम्बुलेंस की तैनाती, पीने के पानी के लिए टैंकरों की व्यवस्था, मोबाइल व अस्थाई टॉयलेट की स्थापना, मोबाइल नेटवर्क की कैपेसिटी बढ़ाना ताकि डिजिटल सेवाएं बाधित न हों, इसल नाले में पानी छोड़े जाने की व्यवस्था, तीनों दिन निर्बाध बिजली आपूर्ति, पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था, स्वच्छता व सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना। कमेटी ने कहा कि इन सुविधाओं की व्यवस्था समय से हो जाने पर उर्स में आने वाले जायरीनों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारियां जल्द शुरू होने की संभावना है।

# विद्युत विभाग पर अवैध वसूली का आरोप- ग्रामीण को बिना मीटर थमाया गया बिजली बिल

- धनराशि जमा करने के बाद भी अधूरा छोड़ा काम, 25 हज़ार की कथित रिश्वत मांगने का आरोप

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




तहसील क्षेत्र के ग्राम नदीहा बुजुर्ग निवासी मोहम्मद अरमान ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। अरमान का कहना है कि घरेलू विद्युत कनेक्शन के लिए पूरी राशि जमा करने के बावजूद न तो उनके घर तक केबल डाली गई और न ही मीटर लगाया गया। इसके उलट, विभाग ने उनके नाम पर बिजली का बिल थमा दिया।पीड़ित के अनुसार, उन्होंने 11 जुलाई 2025 को घरेलू विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। विभाग द्वारा 22,222 का एल.टी.स्टीमेट जारी किया गया, जिसे उन्होंने 12 अगस्त 2025 को जमा कर दिया। इसके बावजूद 27 सितंबर को कर्मचारियों ने पास के खंभे से केवल 40 मीटर तक केबल डालकर काम अधूरा छोड़ दिया, जबकि उन्होंने 85 मीटर केबल के लिए भुगतान किया था।


सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि घर में मीटर न लगने के बावजूद अगस्त माह से ही 108 यूनिट की खपत दिखाते हुए बिल जारी कर दिया गया।

जब मोहम्मद अरमान ने इस संबंध में संबंधित जेई से संपर्क किया तो कथित तौर पर ?25,000 की अतिरिक्त रिश्वत मांगी गई और कहा गया कि तभी घर तक केबल डाली जाएगी। इस पूरे प्रकरण की शिकायत करते हुए मोहम्मद अरमान ने दोषी विद्युत कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। यह मामला विभागीय कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है और ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है।

# रात होते ही सड़कों पर चमगादड़ों की तरह उड़ते हैं डंपर

## बिल्हौर क्षेत्र में मिट्टी खनन का धंधा चरम पर, प्रशासन मौन





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर थाना क्षेत्र में मिट्टी खनन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, शाम ढलते ही क्षेत्र की सड़कों पर डंपर वाहनों का जमावड़ा शुरू हो जाता है, जो रातभर मिट्टी ढोने में लगे रहते हैं। बेदीपुर, गढ़, गदनपुर सहित आसपास के इलाकों में पिछले कई दिनों से लगातार जेसीबी मशीनों के जरिए बड़े पैमाने पर मिट्टी की खुदाई और डंपरों में भरकर बिक्री का कार्य जारी है। बता दें कि इन खनन माफियाओं द्वारा क्षेत्र से लगभग 25 से 30 फीट तक की गहरान में मिट्टी उठाई गई है। ग्रामीणों ने बताया कि राजपुर गुमटी से लेकर बेदीपुर गढ़ व गदनपुर मार्ग तक सड़कों की हालत बेहद दयनीय हो चुकी है। भारी वाहनों के आवागमन से सड़कें जगह-जगह धंस चुकी हैं और कई फीट गहरे गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से दोपहिया या छोटे वाहन निकालना अब जोखिम भरा काम हो गया है। स्कूली वाहनों को भी इस रास्ते से होकर निकलना मुश्किल हो गया है। मजबूरी में बच्चों को स्कूल ले जाने वाले वाहन अब वैकल्पिक सड़कों से कई किलोमीटर का चक्कर लगाकर जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधि मौन हैं। जानकारी के मुताबिक, मिश्रिख लोकसभा सांसद अशोक रावत ने इस मार्ग के निर्माण की मांग पहले भी उठाई थी, पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

स्थानीय तहसील प्रशासन की ओर से खनन की अनुमति तो दी जा रही है, लेकिन सड़क की मरम्मत या रखरखाव पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। बता दें कि कई खनन माफिया सफेद पोस नेताओं के संरक्षण में खनन कर रहे है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही सड़क की मरम्मत और अवैध खनन पर रोक नहीं लगाई गई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# नो सिग्नल पर स्कॉर्पियो गाड़ी रोकने पर भाजपा नेता भड़के

## होमगार्ड के साथ की गाली-गलौज



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में नो-सिग्नल में स्कॉर्पियो गाड़ी रोकने पर बीजेपी नेता भड़क गया। उसने ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड को गालियां देते हुए धमकी दी। कहा- तेरी हिम्मत कैसे हुई मेरी गाड़ी रोकने की। तेरी वर्दी न उतरवा दी तो मेरा नाम धीरेंद्र सेंगर नहीं। मैं भाजपा सांसद भोले सिंह का भतीजा हूं। बुला किस अधिकारी को बुलाएगा, सबको औकात दिखाता हूं। होमगार्ड ने बताया कि खुद को सांसद का रिश्तेदार बताने वाले ने मेरा कॉलर पकड़ा। मेरी वर्दी उतरवाने की धमकी दी। बताया कि इस पूरे घटना की जानकारी मैंने डीसीपी और एडीसीपी ट्रैफिक को दी है। नो सिग्नल में गाड़ी घुसने पर रोका, भड़का भाजपा नेता मंगलवार को कल्याणपुर क्रॉसिंग के पास होमगार्ड अजय कुमार सिंह ट्रैफिक को कंट्रोल कर रहे थे। दोपहर को एक काली स्कॉर्पियो नो-सिग्नल में घुस गई। वहां तैनात ट्रैफिक कर्मियों ने गाड़ी को रोक दिया। इससे भाजपा नेता भड़क गया। अजय ने बताया कि गाड़ी से एक युवक उतरा। उसने कहा-मेरा नाम धीरेंद्र सिंह सेंगर है। तेरी हिम्मत कैसे हुई मेरी गाड़ी रोकने की। वह फ्लीट में शामिल थी। मैं भाजपा सांसद भोले सिंह का भतीजा हूं। फिर उसने मेरा कॉलर पकड़ लिया। मुझे उंगली दिखाकर अभद्रता की। भाजपा नेता ने मुझे गालियां दीं। जब मैंने अपने साथी से अधिकारी को फोन कर जानकारी देने को कहा तो वह अभद्रता करने लगा। बीजेपी नेता ने कहा- बुलाओ किसको बुलाते हो। तुम्हें औकात में नहीं ला दिया तो मेरा नाम भी धीरेंद्र सिंह सेंगर नहीं। सांसद जी की कोठी पर आओ फिर तुम्हें बताते हैं। वहां पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर समेत कई पुलिस कर्मियों की ड्यूटी थी। मगर किसी ने कुछ नहीं बोला। इस बीच मौजूद वहां लोगों ने बीच बचाव किया। इसके बाद वह गाड़ी लेकर चला गया। वहां मौजूद ट्रैफिक और कल्याणपुर थाने के पुलिस कर्मी उसे रोकने या चालान करने की हिम्मत नहीं जुटा सके।

## कार्यो की पत्रावलियों का किया गया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत भरथा में बी आर पी रामस्वरूप आजाद एवं उनकी टीम द्वारा सोशल ऑडिट किया गया।सोशल ऑडिट टीम द्वारा वर्ष 2024-2025 में मनरेगा द्वारा कराये गए कार्यों की पत्रावालियों का गहनता पूर्वक निरीक्षण करते हुए कच्चे पक्के कार्यों का भौतिक सत्यापन किया गया।तत्पश्चात ग्राम प्रधान संग्राम सिंह की अध्यक्षता में बैठक कर मनरेगा श्रमिकों एवं ग्रामीणों से संवाद किया।टीम ने अभिलेखों के रखरखाव एवं कराये गए गुणवत्तापूर्ण कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में मौजूद ग्राम रोजगार सेवक रंजीत कुमार मौर्य प्रदीप कुमार सुनीत कुमार पहलवान अनिल कुमार अंबिका प्रसाद बाबू लाल जी जितेंद्र कुमार कौशल कुमार धर्मेंद्र परशुराम आदि लगभग उपस्थित है।

# फर्जी डॉक्टर के इंजेक्शन से 11 माह के मासूम की मौत

## परिवार में मचा कोहराम, अवैध क्लीनिकों पर उठे गंभीर सवाल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

**शिवराजपुर।** बिल्हौर कस्बे में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। इलाज के लिए लाई गई 11 माह के मासूम की इंजेक्शन लगते ही मौत हो गई। परिजनों ने लालजी मार्केट में अवैध रूप से क्लीनिक चलाने वाले कथित फर्जी डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है और कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थिनी आरती कटियार पत्नी राहुल कटियार, निवासी शिवराजपुर, अपने 11 माह के पुत्र ऋषित को सूखा रोग के उपचार के लिए लालजी मार्केट स्थित डॉ. उमेश के पास लेकर गई थीं। परिजनों का कहना है कि उमेश ने बच्चे को इंजेक्शन लगाया, जिसके कुछ ही देर बाद मासूम की हालत बिगड़ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद जब परिजनों ने डॉक्टर से सवाल किया तो उसने बहाने बनाना शुरू कर दिया। आसपास के लोगों से जानकारी मिली कि उमेश के पास न कोई वैध डिग्री है, न ही लाइसेंस- फिर भी वह लंबे समय से अवैध रूप से क्लीनिक चला रहा है।इस हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने थाना व्याना, बिल्हौर में लिखित शिकायत देकर आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, इलाके में लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि – एक दिन पहले ही झोलाछाप डॉक्टरों पर दैनिक जन एक्सप्रेस अखबार में खबर छपी थीं, फिर भी स्वास्थ्य विभाग की नींद क्यों नहीं खुली? क्या इसी तरह ये फर्जी डॉक्टर अपनी मनमानी से लोगों की जान लेते रहेंगे? यह घटना न सिर्फ स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है, बल्कि अवैध क्लीनिकों पर लगाम लगाने की प्रशासनिक तैयारी पर भी बड़ा सवालचिह्न छोड़ गई है।इलाके के लोगों ने फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ अभियान चलाकर तुरंत कार्रवाई की मांग की है।

## छात्राओं को दी गई कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक के तहत गांधी इण्टर कॉलेज, बहादुरपुर कस्बा सिधौली में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत छात्र-छात्राओं को महिलाओं की सुरक्षा और कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग (300 ) बालिकाओं और महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में हेल्पलाइन नंबरों और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा, महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम के दौरान एक धावक (दौड़) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए चर्चा भी की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही के साथ अपराध निरीक्षक राम मणी यादव, उनि.आस्था शर्मा (मिशन शक्ती प्रभारी) सुशील कुमार, पूजा कुमारी, फिरोज आलम मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में मुस्ता टीम ने बाजी मारी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



शिवराजपुर। युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार मेरा युवा भारत कानपुर नगर के द्वारा ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन डॉ राजेंद्र नाथ इंटर कॉलेज मुस्ता शिवराजपुर में किया गया प्रतियोगिता का शुभारंभ 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर जिला पंचायत सदस्य कार्तिकेय शुक्ला द्वारा किया गया तत्पश्चात रस्सा कशी प्रतियोगिता में टोडकापुर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं दूसरे स्थान पर दहारूद्रपुर की टीम रही 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में पारुल गौरी अभयपुर प्रथम स्थान प्राप्त किया प्रतिमा अलौंलापुर दूसरा स्थान प्राप्त किया वहीं तीसरे स्थान पर सविता रही बालक 400 मीटर दौड़ में अभिषेक मुस्ता ने प्रथम स्थान प्राप्तकिया संदीप रौतापुर खुर्द ने दूसरा स्थान प्राप्त किया तीसरे स्थान पर अनुभव रहे तत्पश्चात वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख शिवराजपुर शुभम वाजपेई द्वारा फीता काटकर एवं खिलाड़ियों का परिचयप्राप्त करके किया गया वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कांटे की टक्कर मुश्ता और गुरैनी के फाइनल मुकाबले में देखने को मिली जिसमें मुस्ता की टीम ने बाजी मारी और प्रथम स्थान पर रही वहीं दूसरे स्थान पर गुरैनी की टीम रही लंबी कूद में प्रथम स्थान अभिराज गुरैनी ने प्राप्त किया दूसरे स्थान पर वीरू मुश्ता रहे तीसरे स्थान पर सत्यम गुरैनी रहे कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को शील्ड मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई एवं जिला पंचायत सदस्य कार्तिकेय शुक्ला द्वारा सम्मानित किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक विनय त्रिपाठी ने बताया की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में जिन प्रतिभागियों ने जीत हासिल की है उनको जिले पर प्रतिभाग करने का अवसर दिया जाएगा इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई ने कहा खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है खेल के द्वारा स्वस्थ शरीर का निर्माण किया जा सकता है ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है और अपने गांव ब्लॉक एवं जिले का नाम रोशन कर सकते हैं कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य कार्तिकेय शुक्ला ने कहा की खेलकूद के द्वारा युवाओं में आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है खेल के द्वारा हम अपने स्वस्थ शरीर का निर्माण कर सकते हैं खेल का हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है इस अवसर पर उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को एवं उपस्थित विभिन्न मैच रेफरी खिलाड़ियों को भी बधाई दी कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई जिला पंचायत सदस्य कार्तिकेय शुक्ला प्रबंधक आयुष कटियार प्रधानाचार्य शिखा कटियार विनय त्रिपाठी अशनीश कुमार आर्यन कटियार एवं युवा मंडल के सदस्य गण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत गठित समूहों को वित्तीय सहायता (बैंक क्रेडिट लिंकेज) उपलब्ध हेतु सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन पर जनपद स्तरीय बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें जनपद सीतापुर की समस्त बैंकों के सभी शाखा प्रबंधको, जिला समन्वयकों, अग्रणी जिला प्रबंधक, बैंक सखियों व समूह सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया है।कार्यशाला का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उक्त आयोजित कार्यशाला में जिलाधिकारी द्वारा 10 स्वयं सहायता समूहों को बैंक द्वारा स्वीकृत ऋण का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। साथ ही साथ समूहों बैंक क्रेडिट लिंकेज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच शाखा प्रबंधकों (अपूर्व गुप्ता, सत्यमपाल यू0पी0 ग्रामीण बैंक, पुष्कर रस्तोगी बैंक आफ इंडिया, गुंजन मिश्रा स्टेट बैंक, सुधीर कुमार वर्मा इंडियन बैंक) मनोज कुमार अग्रणी जिला प्रबंधक तथा 05 बैंक सखियों (ऊषा देवी रेखा देवी, रेशमा, मधु सिंह, सरोजनी देवी) को प्रशंसा पत्र दिया गया है। उन्मुखीकरण हेतु एन0आर0आई0डी0 से आयी टीम द्वारा बैंकर्स को वित्तीय समावेशन पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी। कार्यशाला के माध्यम से समूह और बैंक के मध्य अच्छे पारस्परिक संबंध स्थापित होने की जिलाधिकारी द्वारा अपेक्षा की गयी है।

## तैलिक समाज की बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर। खैराबाद।** तैलिक समाज खैराबाद की माह अक्टूबर 2025 की मासिक बैठक नगर पालिका परिषद खैराबाद के पनवड़िया वार्ड के सभासद एवं तैलिक समाज के उपाध्यक्ष उमेश जयसवाल के पनवड़िया स्थित आवास पर आयोजित की गई। संगठन के अध्यक्ष के किसी आवश्यक कार्य से बाहर होने के कारण बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष श्री विजय कुमार जयसवाल द्वारा की गई। बैठक का आरंभ मां कर्माबाई की आरती से हुआ। बैठक में तैलिक समाज की विभिन्न समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा की गई एवं कहा गया कि तैलिक समाज का प्रत्येक व्यक्ति एक यूनिट की तरह जुड़कर कार्य करे एवं संगठन को मजबूत बनाएं। समाज के किसी भी व्यक्ति का किसी भी स्थिति में अहित नहीं होने दिया जाएगा। खैराबाद के आसपास के गांव को संगठन से जोड़े जाने का कार्य की समीक्षा की गई तथा इस कार्य मेंआ रही समस्याओं के निराकरण पर भी चर्चा की गयी। इस अवसर पर सियाराम जयसवाल,विनय जयसवाल, जगदीश जयसवाल, अयोध्या प्रसाद राठौर नीरज जयसवाल, आशाराम जयसवाल, छोटू जयसवाल आदि के साथ काफी संख्या मे समाज के व्यक्ति उपस्थित रहे।

# एक्सप्रेस खबरें...

### आत्मनिर्भर भारत के तहत सीतापुर विधानसभा का सम्मेलन

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है की 2047 तक भारत विश्व गुरु बने और इसकी आधारशिला आत्मनिर्भर भारत ही होगा। आज हम भारत माता को परम वैभव दिलाने का प्रण लेते हैं और हमें आत्मनिर्भर देश बनाने के लिए जान-जान में जागरूकता पैदा करनी है। जीएसटी की दरों में घटाव इसका पहला पड़ाव है ।उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा आत्मनिर्भर भारत सीतापुर विधानसभा सम्मेलन के दौरान नेहरू हॉल मे कही गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर विधायक राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने लोगों से आत्मनिर्भर बनने की अपील की। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य डॉ पवन सिंह चौहान ने विस्तार से अपनी बात रखते हुए बताया की कैसे आत्मनिर्भर भारत दुनिया का सबसे मजबूत देश बनकर उभरेगा। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत के बच्चे बच्चे के हाथ में हुनर है और इस हुनर से जब देश आत्मनिर्भर बनेगा तो जहां हमारा देश विकसित होगा वहीं विश्व का नेतृत्व भी करेगा जोकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष नीरज वर्मा झल्लर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राहुल जायसवाल, राजकुमार अग्रवाल सहित पार्टी पदाधिकारियों व जिले के समाजसेवियो ने भी संबोधित किया। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारी सीतापुर विधानसभा के नागरिक व्यापारी सहित पार्टी के समर्थक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूक कर मनाया वन्य प्राणी सप्ताह

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खंडेलवाल ने बताया कि सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, सीतापुर के सीतापुर एवं महमूदाबाद रेंज के अन्तर्गत वन्य प्राणी सप्ताह वर्ष-2025 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सीतापुर रेंज के अन्तर्गत सेक्रेड हार्ट डिग्री कॉलेज, सीतापुर में वन्य प्राणी सप्ताह 2025 के दौरान सुयष श्रीवास्तव, क्षेत्रीय वनाधिकारी, सीतापुर व रेंज स्टाफ की उपस्थिति में श्रष्टि नेचर एण्ड एडवेन्चर क्लब द्वारा कॉलेज के छात्र-छात्राओं को मानव वन्यजीव संघर्ष के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार वितरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में सेक्रेड हार्ट डिग्री कॉलेज, सीतापुर के प्राचार्य व जीव विज्ञान विभाग के प्रोफेसर योगेश दीक्षित तथा जवाहर नवोदय विद्यालय, खैराबाद व उजागर लाल इंटर कॉलेज सीतापुर के अध्यापक व छात्र-छात्रायें उपस्थित थे। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। महमूदाबाद रेंज के अन्तर्गत कम्पोजिट विद्यालय लोधासा, महमूदाबाद में वन्य प्राणी सप्ताह 2025 के दौरान चित्रकला प्रतियोगिता आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। कार्यक्रम में दौरान विक्रम सिंह, क्षेत्रीय वनाधिकारी, महमूदाबाद व रेंज स्टाफ एंव कालेज के प्रधानाचार्य अजय मिश्रा व उनका स्टाफ व ग्रामीण उपस्थित रहे।इस अवसर पर क्षेत्रीय वनाधिकारी, महमूदाबाद द्वारा छात्र-छात्राओं को वन्य जीवों के महत्व और उनके संरक्षण के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा मानव वन्य जीव संघर्ष के बारे में जागरूक किया गया। प्रतियोगिता में सफल होने वाले छात्र-छात्राओं को उत्साह वर्धन हेतु पुरस्कार वितरण किया गया।

### पर तो है बस.. खुले आमसान मे उड़ान भरने की जरूरत

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय, खैराबाद सीतापुर में बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी, उपजिलाधिकारी धामनी एम दास, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल, सी0ओ0 सिटी नेहा त्रिपाठी उपस्थित रहीं।मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय महाविद्यालय की बच्चियों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष के द्वारा बच्चियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि उन्हें अपने भविष्य को बहुत ही सुंदर आकर देना है जो कि वह अपने आप ही दे सकती हैं, उन्हें अपना समय किसी व्यर्थ चीज में न लगाकर सकारात्मक सोच के साथ सकारात्मक दिशा में प्रयोग करना है। अध्यक्ष ने कहा कि पर तो हम सबके पास होते हैं बस उनको उड़ान भरने के लिए खुले आसमान की आवश्यकता है, जिसके लिए हमारा समाज, हमारा घर, हमारे घर के सदस्य सबको आगे आना पड़ेगा ऐसा नहीं है कि हम महिलाएं हैं तो कुछ कर नहीं सकते हैं वर्तमान समय में कठिन से कठिन कार्य हमारी बच्चियों ही कर रही हैं चाहे वह सुनीता विलियम्स हो, चाहे वह मदर टेरेसा चाहे हो, चाहे वह करनल सोफिया कुरैशी या फिर इंडियन आर्मी की विंग कमांडर वोमिका सिंह सबने हमारे समाज का और हमारे देश का नाम रोशन किया है। सीओ सिटी नेहा त्रिपाठी द्वारा बच्चियों को साईबर क्राईम महिलाओं से संबंधित टोल फ्री नंबर 1090, 1030 ,1076 ,112, 102, 108 आज की जानकारी देते हुए उन्हें सतर्क रहने की सलाह दी गई। तदोपरांत विकास भवन सभागार में 08 महिलाओं की महिला जनसुनवाई की गई। उसके बाद निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 05-05 लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र बांटे गए।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## पार्टी का नाम आम आदमी पार्टी लेकिन काम अमीरों को राज्यसभा सांसद बनाना



*दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब से राज्यसभा के लिए खाली हुई सीट से मशहूर उद्योगपति राजिंदर गुप्ता को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। इसी के साथ एक बार फिर से वही पुराना सवाल खड़ा हो गया है कि पार्टी का नाम आम आदमी पार्टी लेकिन काम अमीरों को राज्यसभा सांसद बनाना है। आखिर अरविंद केजरीवाल को हर बार राज्यसभा भेजने के लिए अमीर उद्योगपति ही क्यों पसंद आते हैं ? क्या आम आदमी के नाम पर राजनीति करने वाले केजरीवाल के पास कोई ऐसा आम आदमी नहीं है जिन्हें वो राज्यसभा सांसद बना सके। वर्ष 2018 में इन्ही अरविंद केजरीवाल ने आशुतोष और कुमार विश्वास जैसे पार्टी के दिग्गज नेताओं को नजरअंदाज करके एनडी गुप्ता और सुशील गुप्ता को राज्यसभा भेजा था। तब से लेकर आज तक केजरीवाल के रवैए, जिद और मनमाने फैसले लेने की आदत में कोई बदलाव नहीं आया है। इस बार भी आम आदमी पार्टी ने पंजाब के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक और देश के प्रमुख उद्योगपति राजिंदर गुप्ता को 24 अक्टूबर को होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया है। पंजाब विधानसभा में आम आदमी पार्टी का बहुमत है इसलिए राजिंदर गुप्ता को राज्यसभा सांसद बनने से कोई रोक नहीं सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो, राजिंदर गुप्ता पंजाब के सबसे अमीर लोगों में से एक हैं। उनकी कुल संपत्ति 1.2 बिलियन डॉलर यानी लगभग 10 हजार करोड़ रुपए है। यह सीट जिन संजीव अरोड़ा के इस्तीफे के कारण खाली हुई है, वह भी एक उद्योगपति ही हैं। संजीव अरोड़ा का राज्यसभा सांसद का कार्यकाल अप्रैल, 2028 तक था। लेकिन कार्यकाल खत्म होने से पहले ही उन्हें पंजाब की लुधियाना वेस्ट विधानसभा सीट से चुनाव लड़वा दिया गया। विधायक बनने के बाद केजरीवाल के कहने पर भगवंत मान ने उन्हें अपनी सरकार में मंत्री बना दिया। आज तक यह सवाल एक अबूझ पहेली बना हुआ है कि, आखिर संजीव अरोड़ा में ऐसी क्या खासियत थी कि अरविंद केजरीवाल ने पहले उन्हें राज्यसभा सांसद बनवाया और फिर बीच में ही इस्तीफा दिलवा कर भगवंत मान की सरकार में मंत्री बनवा दिया। यह भी एक अबूझ पहेली ही बनी रहेगी कि उद्योगपति संजीव अरोड़ा के इस्तीफे से खाली हुई राज्यसभा सीट पर चुनाव लड़ने के लिए उद्योगपति राजिंदर गुप्ता को ही क्यों चुना गया? अब जरा इस तथ्य पर भी गौर कीजिए कि, पंजाब में राज्यसभा की 7 सीटें हैं, जिनमें से एक पर होने जा रहे उपचुनाव के लिए राजिंदर गुप्ता को उम्मीदवार बनाया गया है। जबकि छह अन्य आप राज्यसभा सांसदों की बात करें तो इसमें राघव चड्ढा और संदीप कुमार पाठक के अलावा आप के अन्य सांसदों में एक निजी विश्विद्यालय के मालिक अशोक कुमार मित्तल, उद्योगपति विक्रमजीत सिंह और मशहूर क्रिकेटर हरभजन सिंह जैसे व्यक्ति शामिल हैं। ऐसे लोगों को राज्यसभा भेजने से पहले केजरीवाल को कम से कम अपनी पार्टी के कैडर को यह तो बताना ही चाहिए कि आखिर अशोक कुमार मित्तल, विक्रमजीत सिंह , हरभजन सिंह और अब राजिंदर गुप्ता जैसे लोगों ने आम आदमी और आम आदमी पार्टी के लिए क्या किया है?*

### एक्सप्रेस आलेख

**मृतक परिवारों को समयबद्ध मुआवजा और पुनर्वास सहायता मिले। चंद्रशेखर पोल की मौत उस हकीकत की याद दिलाती है कि विदेश जाना केवल अवसर नहीं, बल्कि जोखिम भी है। पिछले पांच वर्षों में सैकड़ों भारतीयों की मौत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रवासी सुरक्षा को केवल कूटनीति का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना होगा। हर लौटता हुआ ताबूत भारत के लिए एक संदेश है कि उसके नागरिक जहां भी जाएं, उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी देश की भी है। जब तक भारत इस संकट को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गंभीरता से नहीं उठाता, तब तक चंद्रशेखर जैसे युवाओं की बलि इसी तरह चढ़ती रहेगी।**



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**विदेश मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों (2021-2025) में भारतीय नागरिकों पर कई हमले हुए हैं, जिनमें अनेक लोगों की हत्या तक कर दी गई। 2025 के आंकड़े अभी आंशिक हैं, लेकिन शुरुआती महीनों में ही कई गंभीर घटनाएं हिंसा की सामने आ चुकी हैं।) इन आंकड़ों में विशेष रूप से चिंताजनक बात यह है कि अकेले 2024 में 30 भारतीय छात्रों की हत्या हुई। इनमें से कनाडा में 16, अमेरिका में 12 और ब्रिटेन व सऊदी अरब में 10-10 मामलों की पुष्टि हुई।**

## विदेशी धरती पर भारतीयों पर बढ़ते हमले

विदेशों में भारतीयों की मौत और हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। यह अब केवल आंकड़ों या खबरों का विषय नहीं रह गया है, यह भारत की प्रवासी सुरक्षा और वैश्विक प्रतिष्ठा का गंभीर प्रश्न बन चुका है। अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप जैसे विकसित देशों में भारतीय छात्रों और प्रवासियों पर हो रहे हमले इस सदी के सबसे दर्दनाक सामाजिक परिदृश्यों में से एक बन गए हैं। ताजा घटना अमेरिका के टेक्सास राज्य के डलास शहर की है, जहां 27 वर्षीय भारतीय छात्र चंद्रशेखर पोल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह हैदराबाद के रहने वाले थे और टेक्सास में डेंटल सर्जरी में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रहे थे। वह गैस स्टेशन पर अपनी पार्ट-टाइम नौकरी में व्यस्त थे, तभी एक अज्ञात बंदूकधारी ने उन पर गोलियां दाग दीं। अस्पताल ले जाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। यह खबर जैसे ही भारत पहुंची, हैदराबाद में उनके घर पर कोहराम मच गया। माता-पिता, जिन्होंने बेटे की पढ़ाई के लिए घर गिरवी रख दिया था, अब उसके पार्थिव शरीर के लौटने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। पिता ने कहा, वह डॉक्टर बनना चाहता था, लेकिन हमें अब सिर्फ उसका शव मिल रहा है। तेलंगाना के बीआरएस विधायक सुधीर रेड्डी और पूर्व मंत्री टी. हरीश राव ने परिवार से मुलाकात की और इसे राज्य की सामूहिक त्रासदी बताया। हरीश राव ने सोशल मीडिया पर लिखा, जिस बेटे के ऊंचाइयों तक पहुंचने की उम्मीद थी, उसके लिए अब केवल शोक ही बचा है। राज्य सरकार को तुरंत कदम उठाकर शव को भारत लाना चाहिए। पांच सालों में बढ़े विदेशी हमले डर और असुरक्षा की रेखा यह घटना किसी अपवाद की तरह नहीं आई। विदेश मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों (2021-2025) में भारतीय नागरिकों पर कई हमले हुए हैं, जिनमें अनेक लोगों की हत्या तक कर दी गई। 2025 के आंकड़े अभी आंशिक हैं, लेकिन शुरुआती महीनों में ही कई गंभीर घटनाएं हिंसा की सामने आ चुकी हैं।) इन आंकड़ों में विशेष रूप से चिंताजनक बात यह है कि अकेले 2024 में 30 भारतीय छात्रों की हत्या हुई। इनमें से कनाडा में 16, अमेरिका में 12 और ब्रिटेन व सऊदी अरब में 10-10 मामलों की पुष्टि हुई। यह संख्या बताती है कि विदेशों में भारतीय छात्रों की सुरक्षा कितनी नाजुक हो चुकी है। अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में पिछले कुछ वर्षों में भारतीयों पर हुए हमले नस्ली भेदभाव और अपराध दोनों से जुड़े दिखे हैं। अमेरिका डलास, इंडियाना, शिकागो, और ह्यूस्टन जैसे शहरों में भारतीय छात्रों और टैक्सी ड्राइवरों पर हमले हुए हैं। जनवरी 2025 में इंडियाना में एक भारतीय छात्रा पल्लवी राव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। चंद्र मौली नागमल्लैया नामक भारतीय व्यक्ति की हत्या 10 सितंबर 2025 को डलास, टेक्सास (अमेरिका) में की गई । 2024 में ही टोरंटो और ब्रैम्पटन में भारतीय युवकों की हत्याएं हुईं। कुछ



**यूएई में 29, सऊदी अरब और कुवैत में कई भारतीय नागरिकों को अब भी कठोर दंड का सामना करना पड़ रहा है। हर वर्ष लगभग 15 लाख भारतीय विदेशों में रोजगार या शिक्षा के लिए जाते हैं। इनमें से सबसे बड़ा हिस्सा अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में उच्च शिक्षा और तकनीकी नौकरियों के लिए जाता है।**

मामलों में 'गैंगवार' का संदेह जताया गया। आयरलैंड की राजधानी डबलिन में जुलाई 2025 में 40 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को बेरहमी से पीटा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मेलबर्न में एक 23 वर्षीय भारतीय छात्र पर नस्ली गालियां देते हुए हमला किया गया। मध्य-पूर्वी देशों में स्थिति अलग है, वहां हत्याओं से अधिक कानूनी जटिलताएं, श्रमिकों के शोषण और सजा-ए-मौत के मामलों ने भारतीयों की सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं। यूएई में 29, सऊदी अरब और कुवैत में कई भारतीय नागरिकों को अब भी कठोर दंड का सामना करना पड़ रहा है। हर वर्ष लगभग 15 लाख भारतीय विदेशों में रोजगार या शिक्षा के लिए जाते हैं। इनमें से सबसे बड़ा हिस्सा अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में उच्च शिक्षा और तकनीकी नौकरियों के लिए जाता है। परंतु इस प्रवास के साथ एक मूक संकट भी चलता है, विदेशी समाजों में 'असमान पहचान', नस्लीय टिप्पणियां, और सुरक्षा का असंतुलन। भारतीय छात्र आमतौर पर कम लागत वाले क्षेत्रों में रहते हैं और खर्च पूरा करने के लिए रात में पार्ट-टाइम काम करते हैं, जैसे चंद्रशेखर गैस स्टेशन पर करते थे। अप्रैल 2025 में भारतीय विदेश मंत्रालय ने संसद में बताया कि पिछले पांच वर्षों में भारतीय छात्रों पर हुए हिंसक हमलों में 30 छात्रों की मौत हो चुकी है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि वह दूतावासों और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर हरसंभव सहायता प्रदान कर रहा है। विदेश मंत्री ने हाल ही में एक बयान में कहा, ÷सरकार हर नागरिक की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। दूतावासों को अधिक संवेदनशील बनाया गया है और प्रभावित परिवारों को आर्थिक और कानूनी सहायता दी जा रही है।÷ हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि केवल सहायता से काम नहीं चलेगा, भारत को 'प्रवासी सुरक्षा समझौते' जैसी दीर्घकालिक नीति अपनानी होगी। भारत आज वैश्विक स्तर पर बड़ी आर्थिक और रणनीतिक शक्ति है, परंतु जब उसके नागरिकों पर विदेशी धरती पर बार-बार हमले होते हैं, तो यह उसकी कूटनीतिक क्षमता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। क्या भारत इन देशों से औपचारिक रूप से सुरक्षा की गारंटी मांग सकता है? क्या नस्लीय हिंसा पर संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर दबाव बनाया जा सकता है? विशेषज्ञों के अनुसार, अब भारत को केवल ÷मामले की जांच÷ या ÷दूतावास की निगरानी÷ से आगे जाकर इन देशों के साथ संयुक्त सुरक्षा पहल करनी चाहिए। विश्वविद्यालयों में भारतीय छात्रों के लिए सुरक्षा ऑडिट, रात के कार्यस्थलों के लिए स्थानीय पुलिस की निगरानी और इंडियन हेल्पलाइन÷ जैसी व्यवस्थाएं तत्काल आवश्यक हैं। यानी ऐसा कॉमन संपर्क नंबर कि दुनिया के किसी भी देश में भारतीय संकट की स्थिति में उस नंबर को डायल कर सकें और वहां से संबंधित देश के साथ समन्वय स्थापित कर तत्काल सहायता जरूरतमंद भारतीय तक पहुंचाई जा सके। हालांकि भारत ने हाल के वर्षों में पोर्टल, प्रवासी सहायता मिशन और हेल्पलाइन जैसी व्यवस्थाएं शुरू की हैं, लेकिन इनका प्रभाव सीमित रहा है। इसलिए जरूरत है, विदेशों में भारतीय छात्रों के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल अनिवार्य बनाए जाएं। प्रत्येक विश्वविद्यालय में भारतीय छात्र समन्वयक नियुक्त हों। रात्रिकालीन कार्यस्थलों की सुरक्षा जांच भारत और स्थानीय प्रशासन संयुक्त रूप से करें। मृतक परिवारों को समयबद्ध मुआवजा और पुनर्वास सहायता मिले। चंद्रशेखर पोल की मौत उस हकीकत की याद दिलाती है कि विदेश जाना केवल अवसर नहीं, बल्कि जोखिम भी है।




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितिया 26:22 तक |
| नक्षत्रः | अश्विनी 24:44 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | बुधवार |
| योगः | हरषाना, 25:28 तक |
| सूर्योदयः | 06:17 |
| सूर्यास्तः | 17:52 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 12:05-13:31 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### हो गया ऐलान !!!

*तारीखों का आज ।*
*हो गया ऐलान ।।*
*हो रहे सब आतुर ।*
*लेने को कमान ।।*
*पकड़ेगा अब जोर ।*
*झटपट ये प्रचार ।।*
*जल्द होगी वोटिंग ।*
*जो सबका अधिकार ।।*
*मतदाता को पक्ष में ।*
*है अब तो लुभाना ।।*
*लोकतंत्र में वोटर ।*
*सबसे बड़ा सयाना ।।*
*शुरू हो गये दावे ।*
*है हमारी मांग ।।*
*उस दिशा में सारे ।*
*रच रहे अब स्वांग ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## एलर्जिक राइनाइटिस का इलाज न करवाने पर हो सकती हैं कई समस्याएं

**एलर्जिक** राइनाइटिस, धूल, मिट्टी और हवा में घूम रहे पेड़-पौधों के पराग की वजह से होने वाली बीमारी है। इस बीमारी में नाक की झिल्लियों में सूजन की समस्या हो जाती है। इसकी वजह व्यक्ति को लगातार छींक आती है, नाक में जलन महसूस होती है और फिर नाक से लगातार पानी आने लगता है। ऐसे में व्यक्ति परेशान हो जाता और फिर तरह-तरह घरेलू उपचारों की मदद लेता है। जबकि यह घरेलू उपाय भले ही आपको कुछ देर के लिए आराम महसूस करवाए लेकिन, लंबे समय में यह कारगर नहीं है। ऐसी स्थिति में बीमारी बढ़ सकती है और आप कई समस्याओं का शिकार हो सकते हैं।

**नाक के अंदर पॉलीप्स बन जानाः** नाक के पॉलीप्स राइनाइटिस से जुड़े हो सकते हैं। इसकी एक बड़ी वजह है नाक में लंबे समय तक होने वाली सूजन और जलन। इसकी वजह से नाक से लगातार पानी गिरता है और यही आपके नाक के पैसेज से लेकर ब्रेन तक को प्रभावित कर सकता है। यह दिक्कत समय के साथ गंभीर रूप ले सकती हैं। इसलिए एलर्जिक राइनाइटिस की बीमारी को नजरअंदाज करने की कोशिश न करें।

**ब्रोंकाइटिसः** एलर्जिक राइनाइटिस की वजह से व्यक्ति को ब्रोंकाइटिस की समस्या हो सकती है। दरअसल, जब आप लंबे समय तक किसी एलर्जी के संपर्क में रहते हैं तो यह ब्रोंकाइटिस की



दिक्कत को ट्रिगर कर सकती है। इसकी वजह से आपके फेफड़ों में सूजन की समस्या हो सकती है और यह दिक्कत समय के साथ और बढ़ सकती है। इतना ही नहीं आपको इसकी वजह से लंबे समय में तमाम प्रकार की गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, जिसे नजरअंदाज करना मुश्किल है।

**अस्थमाः** एलर्जिक राइनाइटिस की वजह से आपको अस्थमा की समस्या बार-बार परेशान कर सकती है। दरअसल, इस समस्या में हिस्टामाइन, एलर्जी प्रतिक्रियाओं का कारण बनते हैं जो आंखों, नाक, गले, त्वचा और फेफड़ों को प्रभावित कर सकते हैं। जब वायुमार्ग प्रभावित होते हैं तो यह अस्थमा के लक्षण जैसे खांसी, घरघराहट या सांस लेने में परेशानी ला सकता है। शरीर इस प्रतिक्रिया को याद रखता है और लंबे समय में यह अस्थमा को ट्रिगर कर सकता है।

**खर्राटेः** एलर्जिक राइनाइटिस लंबे समय तक रहने पर खर्राटे की समस्या हो सकती है। एलर्जिक राइनाइटिस नींद के दौरान खर्राटों और सांस लेने की समस्याओं में योगदान दे सकता है, जैसे कि स्लीप एपनिया। ऐसा इसलिए है क्योंकि जब आप एलर्जिक राइनाइटिस से पीड़ित होते हैं, तो आपके नाक के मार्ग सूज जाते हैं और नाक बंद हो जाता है। खर्राटे की दिक्कत

**एलर्जिक कंजंक्टिवाइटिसः** एलर्जिक कंजंक्टिवाइटिस आंख के सफेद भाग को ढकने वाली झिल्ली की सूजन है जो लोगों को बहुत परेशान करती है। यह समस्या अक्सर एलर्जिक राइनाइटिस से जुड़ा होता है और इसके लक्षणों में आम तौर पर आंखों का लाल होना, आंसू आना और खुजली शामिल होती है। जब आपको एलर्जिक राइनाइटिस होता है, तो साइनस में सूजन आ जाती है, और बलगम और बैक्टीरिया का जमाव संक्रमण पैदा कर सकता है। यह बैक्टीरिया कंजंक्टिवा तक फैल सकते हैं, जिससे एलर्जिक कंजंक्टिवाइटिस हो सकता है।

**राइनाइटिस आपके दैनिक जीवन को कैसे प्रभावित करता हैः** राइनाइटिस के लक्षण नींद के पैटर्न को बाधित कर सकते हैं, जिससे थकान कम होती है। इससे आपके प्रोडक्टिविटी में कमी आती है। कंजेशन, छींकने और खुजली जैसे लक्षण काम या स्कूल में ध्यान और ऑफिस के काम काज को प्रभावित कर सकते हैं।

### एक्सप्रेस विशेष



योगेश कुमार सोनी

**यह बेहद दुर्लभ है चूंकि इस प्रकरण में निजता पर जो प्रहार हो रहा है उससे विशेषज्ञ भी परेशान हो रहे हैं। दरअसल हम चाहें तो किसी तकनीकी का सही प्रयोग कर बहुत हासिल कर सकते हैं लेकिन कुछ लोग इसका गलत इस्तेमाल करके लोगों का डरा रहे हैं।**

## एआई सबको भायी, खतरे भी लाई

**तकनीक** का जितना फायदा नहीं होता उससे ज्यादा नुकसान होने लगता है। बीते दिनों एक रिपोर्ट आई कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से कुछ लोगों के नकली आधार और पैन कार्ड बनाने का प्रयास किया गया।आजकल अपनी फोटो को चैट जीपीटी से कलात्मक व आकर्षक बनाने के लिए लोग इसका जमकर प्रयोग कर रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर गूगल जेमिनी का (बनाना एआई साडी ट्रेंड) किस्सा वायरल हो रहा है, जिसमें यूसर्ज अपनी फोटो को एआई की मदद से साडी में बदल रहे हैं। बीते दिनों एक महिला ने इंस्टाग्राम पर बताया कि उससे इस ऐप का प्रयोग किया और साडी वाली तस्वीर बनवाई, लेकिन एआई ने उसकी फोटो के शरीर के उस हिस्से का तिल दिखा दिया जो उसकी अपलोड की गई फोटो में नजर नहीं आ रहा था। इस बात से वह महिला बहुत भयभीत हो गई और इस घटना को डरावना बताया और बाकी लोगों को भी चेताया कि बिना सोचे समझे अपनी फोटो इस तरह के ऐप पर न डालें। इसके अलावा एक लड़का जो किसी लड़की को चाहता था लेकिन लड़की उसको पंसद नहीं करती थी। उसने एआई की मदद से अपना और उसके फोटो को मिलाकर किसिंग वाला वीडियो बना दिया और उसको उस लड़की के रिश्तेदार व दोस्तों को सेंड

**दरअसल एआई के दुरुपयोग से लगातार अनैतिक गतिविधियों से खास से लेकर आम आदमी तक परेशान हो रहा है। कुछ शरारती तत्व इसका गलत इस्तेमाल करके लोगों को परेशान कर रहे हैं। इससे निजता का भी हनन हो रहा है व इसके अलावा अन्य कई तरह के संकट बढ़ते जा रहे हैं। इसके लिए जल्द ही कोई ठोस नीति बनानी चाहिए। चूंकि यह एक ऐसा तंत्र बन चुका है।**

कर दिया, जिससे उसकी इमेज पर बडा डेंट पडा। दरअसल आज भी एक आयु वर्ग एआई से परिचित नही हैं तो कुछ लोगों ने उसको असली मान लिया, जिससे वह लड़की को ही गलत समझने लगे। स्थिति यह थी कि लड़की आत्महत्या करने की कोशिश करने लगी लेकिन उसको बचा लिया। यह एक छोटी सी घटना है लेकिन देशभर में हर रोज ऐसी सैकड़ों घटनाएं हो रही हैं। इसके अलावा एक शर्मसार करने वाले घटना सामने आई जिसमें देश के बड़े संत व कथावाचकों के साथ पोर्न स्टार का बात करते हुए व अश्लील हरकत करते हुए वीडियो बना दिया गया। इस घटना से समाज में एक नकारात्मकता फैली व भक्त बहुत नाराज हुए। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के महोबा में शातिर दिमाग लोगों ने एआई का दुरुपयोग कर सरकारी राजस्व को चूना लगा दिया। महोबा जिले में इस हाईटेक फर्जीवाड़ा में तीन लोग धरे गए। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपितों ने खनिज विभाग की आधिकारिक वेबसाइट की हूबहू कॉपी बनाते हुए नाम से नकली पोर्टल तैयार कर लिया। वह इस वेबसाइट के जरिए ठेकेदारों और बिचौलियों को फर्जी ई-ट्रांजिट पास (रॉयल्टी प्रपत्र) उपलब्ध करा रहे थे। ऐसी घटनाओं से विशेषज्ञ चिंतित तो हैं लेकिन अब तक इसका कोई हल नहीं निकल पाया। 09 सितंबर, 2025 को अभिनेत्री ऐश्वर्या राय ने दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया और व्यक्तियों व प्लेटफॉर्मों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व अन्य तरीकों से उनकी छवि, पहचान और व्यक्तित्व के दुरुपयोग से रोकने की मांग की। उनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप सेठी, वकील प्रवीण आनंद और ध्रुव आनंद पेश हुए। उन्होंने दलील दी कि ऐश्वर्या राय बच्चन का नाम और चेहरा उनकी अनुमति के बिना इस्तेमाल किया जा रहा है। यहां तक कि उनके नाम पर कथित रूप से पैसे भी वसूले जा रहे हैं। सेठी ने अदालत को बताया कि उनकी छवि का ऑनलाइन इस्तेमाल यहां तक किया जा रहा है कि किसी की ÷यौन इच्छाओं की पूर्ति÷ हो सके, जिसे उन्होंने बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया। ऐश्वर्या की याचिका ने देश के मनोरंजन उद्योग में डीप फेक और एआई जनित कंटेंट से बढ़ते खतरे को उजागर किया है। ऐश्वर्या राय से पहले, बॉलीवुड के दिग्गज जैकी श्रॉफ ने मई में अदालत का रुख किया था। उनका आरोप था कि उनके नाम पर मर्चेंडाइज बेचना और उनके विकृत वीडियो बनाने जैसी गतिविधियां प्रथम दृष्टया, उनकी शख्सियत और पब्लिसिटी राइट्स के अनधिकृत शोषण के माध्यम से व्यावसायिक लाभ कमाने के प्रयास लगते हैं। अदालत ने उनके व्यक्तित्व और पब्लिसिटी अधिकारों की सुरक्षा की थी। हाल के महीनों में कई बड़े सितारों ने भी अपनी पहचान की सुरक्षा के लिए इसी तरह के कदम उठाए हैं। 2023 में अनिल कपूर ने दिल्ली हाई कोर्ट से अपने नाम, आवाज और मशहूर डायलॉग ÷झक्कास÷ के दुरुपयोग पर रोक का आदेश हासिल किया था। उसी समय अमिताभ बच्चन ने भी अपनी पहचान के अनधिकृत इस्तेमाल से सुरक्षा प्राप्त की थी। आज देश में आस्था की दुनिया में प्रख्यात संत प्रेमानंद देश के बड़े संत हैं। कुछ लोगों ने उनको भी नही छोड़ा। उनके प्रसारित प्रवचन का कुछ लोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से दुरुपयोग कर रहे हैं। एआई की मदद से उनके प्रवचनों को दूसरी भाषाओं में प्रसारित कर रहे हैं। श्रीराधा केलिकुंज ने चेतावनी जारी कर इस तरह के अमर्यादित कृत्यों से बचने को कहा है।

# रसिया खानपुर में वायरल बुखार का कहर

## तीन सप्ताह में सात मौतें, गांव में दहशत का माहौल



### चिंता और भविष्य की तैयारी



ग्रामीणों का कहना है कि गंदगी और जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे वायरल बुखार जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और बीमार होने पर तुरंत स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करें। टीमों को घर-घर जाकर स्वास्थ्य जांच, दवा वितरण और जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। रसिया खानपुर की यह स्थिति प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के लिए चेतावनी है। केवल कागजी कार्रवाई या अस्थायी शिविरों से समस्या का समाधान नहीं होगा। नियमित निगरानी, साफ-सफाई और स्थायी चिकित्सा सुविधा ही ग्रामीणों को सुरक्षा प्रदान कर सकती है। समय रहते ठोस कदम न उठाए जाने पर मौतों का सिलसिला और बढ़ सकता है।

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

पीलीभीत के ग्राम रसिया खानपुर में वायरल बुखार का संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले 24 घंटे के भीतर तीन और लोगों की मौत ने गांव में भय और शोक का माहौल पैदा कर दिया है। इस प्रकार तीन सप्ताह में कुल सात लोग इस बीमारी के शिकार हो चुके हैं।

### मौतों का सिलसिला और परिजनों की प्रतिक्रिया

गत मंगलवार को सकीना 20 वर्ष पुत्री अल्लू खान की पांच दिन से तेज बुखार के कारण बरेली ले जाते समय मौत हो गई। पूती बेगम 60 वर्ष पत्नी रिजवान चार दिन से बुखार से पीड़ित थीं और उनकी सोमवार शाम को घर पर ही मौत हो गई। वहीं, रेहान हुसैन 22 वर्ष पुत्र एजाज हुसैन को पांच दिन से तेज बुखार था। उसे परिजनों ने बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, लेकिन मंगलवार दोपहर उसकी भी मौत हो गई। मृतकों के परिजनों ने इन मौतों का कारण वायरल बुखार बताया। गांव में लगातार मौतों और बीमारी की बढ़ती संख्या से लोग दहशत में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित है और नियमित चिकित्सा सुविधा पर्याप्त नहीं मिल रही।

### प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की प्रतिक्रिया

तीन नई मौतों की सूचना मिलते ही मंगलवार दोपहर एसडीएम बीसलपुर नागेंद्र पांडे गांव पहुंचे और मृतकों के परिजनों से बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक को विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार करने और स्वास्थ्य सर्वे कराने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्साधिकारी सीएमओ डॉ.आलोक कुमार शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों के ब्लड सैंपल लिए जा रहे हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही मौतों के वास्तविक कारणों का पता चलेगा। स्वास्थ्य विभाग ने गांव में मेडिकल कैंप,दवा वितरण और सफाई अभियान शुरू कर दिया है। ग्राम पंचायत के सहयोग से फॉगिंग और कीटनाशक छिड़काव भी कराया जा रहा है।

### बारिश से आए फॉल्ट से वाधित रही बिजली सप्लाई

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। वारिश और आंधी के चलते लाइन पर पेंडों की टहनियां टूट कर गिर गईं। इससे फाल्ट आने से देहात व नगर क्षेत्र के दर्जनों गांव की बिजली आपूर्ति बाधित रही। इससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली कर्मचारी देर शाम तक व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटे रहे। बीतीरात आधी तेज आंधी के साथ बारिश ने बिजली आपूर्ति को बाधित कर दिया। देहात क्षेत्र में पैडों के नीचे से गुजर रही लाइनें पेड़ों की टहनियां टूटने से टूट गई। जिसके चलते बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके चलते तहसील क्षेत्र से जुड़े गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली आपूर्ति न मिलने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। बिजली चलित उपकरण और बिजली से होने वाले कामकाज बाधित रहे।बिजली आपूर्ति न मिलने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हांलाकि बरसात से लोगों को गर्मी से राहत मिली। लेकिन बिजली नही मिली। इससे उपभोक्ताओं को रात अंधेरे में काटनी पडी।बिजली कर्मचारियों ने बिजली सप्लाई को सुचारू करने के लिए फाल्ट को ठीक करने में जुटे रहे। लेकिन समाचार लिखे जाने तक बिजली सप्लाई ठप रही।

# सपाइयों ने महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक योगदान पर जोर

**महर्षि वाल्मीकि का जीवन हमें सिखाता है कि कोई भी व्यक्ति, चाहे कितना भी पतित क्यों न हो, तप, भक्ति से महान बन सकता है- नफीस अहमद अंसारी**



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

मंगलवार को नकटादाना स्थित के.जी.एन. 2 कॉलोनी लोकसभा चुनाव कार्यालय में महर्षि वाल्मीकि जी जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार किया गया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय सम्मानित लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि केवल एक महाकवि नहीं थे, बल्कि वे सांस्कृतिक मार्गदर्शक और धार्मिक प्रेरणा के स्रोत भी थे। उनका जीवन इस बात का प्रतीक है कि कोई भी व्यक्ति तपस्या, ज्ञान और भक्ति के माध्यम से अपने जीवन को महान बना सकता है। सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन हमें यह सिखाता है कि कोई भी व्यक्ति, चाहे कितना भी पतित क्यों न हो, तप और भक्ति से महान बन सकता है। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि को प्रकृति प्रेमी और मानव जीवन परिवर्तन के प्रतीक के रूप में याद किया।

सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर ने महर्षि वाल्मीकि के साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि ने संस्कृत साहित्य का प्रथम महाकाव्य रचा और श्लेषालंकार का उपयोग किया। उनके आश्रम में सीता ने वनवास के दौरान लव-कुश को जन्म दिया और उन्होंने उन्हें रामायण का गायन सिखाया। बरखेड़ा विधानसभा अध्यक्ष धनपति वर्मा ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन परिचय पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का वास्तविक नाम रत्नाकर था। उन्होंने कठिन तपस्या के दौरान शरीर पर चींटियों के कारण बॉबी (वाल्मीकि) बन जाने के कारण वाल्मीकि नाम से विख्यात हुए। तपस्या के पश्चात उन्हें आत्मज्ञान प्राप्त हुआ और वे महान ऋषि बन गए। कार्यक्रम का संचालन 127 सदर विधानसभा पीलीभीत अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी ने किया। इस अवसर पर सपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, मखदूम खान, बालकराम सागर, काशीराम सरोज, अकबर अहमद अंसारी, ओमप्रकाश यादव एडवोकेट, अमित पाठक एडवोकेट, धनपति वर्मा एडवोकेट, 129 विधानसभा पूरनपुर अध्यक्ष संजय सिंह यादव, सपा अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट, सपा मजदूर सभा जिलाध्यक्ष मो. तुफैल अहमद, नरेश कुमार सागर, रामौतार वर्मा, ऋषिपाल वर्मा, कामता प्रसाद वर्मा, वेद प्रकाश दीक्षित, प्रशांत अवस्थी, अता हुसैन मियां, अफरोज खान सहित तमाम सम्मानित नेतागण, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे। सम्मेलन में महर्षि वाल्मीकि के साहित्यिक, धार्मिक और सांस्कृतिक योगदान को सराहा गया। उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए समाज में नैतिकता, भक्ति और तपस्या को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल और रोचक बताया गया, जिसमें सभी उपस्थित लोग गहन रुचि के साथ शामिल रहे।

# मंदिर की भूमि पर जबरन कब्जा करने का प्रयास

## सूचना पर पहुंची पुलिस, मंदिर पर पुलिस बल तैनात

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर



मामला कोर्ट में बिचाराधीन होने के बाद भी प्राचीन देवी मंदिर पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया गया। विवाद की सूचना पर दो थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। विवाद की स्थिति को लेकर मंदिर पर पुलिस फोर्स तैनात किया गया है।

मामला घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव भगौतीपुर मंदिर का है। गांव में प्राचीन देवी मां का मंदिर है। गांव गुलडिया भूपसिंह निवासी अमित सिंह अपनी पत्नी माला सिंह के साथ मंदिर की देख रेख करते हैं, उन्होने वताया कि उनके पूर्वजों ने मंदिर का निर्माण कराया था। मंदिर के नाम 34 एकड़ जमीन दान में दी थी। उसके पास स्टे भी है। दूसरा पक्ष इसे अपना वता रहा है। जिससे मामला न्यायालय में बिचाराधीन है। जिससे जमीन खाली पड़ी हुई है। अमित सिंह का आरोप है कि सोमवार को देर शाम पड़ोस के गांव के ही रहने वाले कुछ लोग संतों को मंदिर परिसर में लेकर पहुंचे हैं। और कब्जा करने की नीयत से झोपडी डाल दी। आरोप है कि मंदिर की देख रेख कर रहे दंपति ने जब झोपडी डालने का विरोध किया। जिस पर दूसरे पक्ष के लोग आग बबूला होकर मारपीट करने पर आमादा हो गए।

इसको लेकर दोनों पक्षों में हंगामा शुरू हो गया। काफी नोक झोंक हुई इसके बाद मामले की सूचना पर घुंघचाई थाना पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस ने मंदिर पर पहुंचे सभी को बाहर निकाला।

मंगलवार को दूसरे पक्ष से कई लोग फिर मंदिर पहुंच गए। और अंदर घुसने लगे। इस पर वहां बवाल हो गया। मामले की सूचना मिलने पर घुंघचाई और पूरनपुर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। और सभी को मंदिर से हटाया इसके बाद वमुश्किल पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया। विवाद की स्थिति को लेकर मंदिर पर पुलिस बल तैनात रहा।

# बारिश से धान की फसल चटाई की तरह बिछी



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

मूसलाधार बारिश और तेज आंधी से किसानों की धान की फसल खेतों में चटाई की तरह बिछ गई।जिससे किसानों का काफी नुकसान होना बताया जा रहा है। किसान पहले से ही काफी परेशान थे। बरसात हुई नहीं जब हुई तो बरसात ने किसानों की कमर तोड़ दी। किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें देखी जा रही हैं। किसानों की समस्याएं इस बार रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार की रात्रि में हुई मूसलाधार बारिश और तेज आंधी के चलते किसानों के खेतों में तैयार खडी धान की फसल खेतों में चटाई की तरह बिछ गई। जिससे किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें देखी जा रही है। किसानों ने बताया कि एक तरफ पहले से ही फसल को जैसे-तैसे सींच कर तैयार की थी। पल भर में आई बरसात और तेज हवा से उनकी फसल को चौपट कर दिया।जिससे उनको भारी नुकसान उठाना पड़ा है।उनका कहना है कि बरसात तो पूरे सीजन में नहीं हुई। जब हुई तो किसानों की फसल को बर्बाद कर दिया।इसके चलते किसानों में चिंताएं देखी जा रही है।

# सचिवालय में नहीं हो रहा कार्य, ग्रामीण दर-दर की ठोकर खाने को हो रहे मजबूर

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीणों के लिए सरकारी योजनाओं के लाभ घर-घर पहुंचने के लिए गांव गांव सचिवालय का निर्माण करवाया गया। सचिवालय में एक पंचायत सहायक नियुक्त किया गया। जिससे ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। और सभी पंचायत विभाग के कार्य समय से पूर्ण हो सके, लेकिन जनपद के ब्लॉक पूरनपुर की अधिकाश ग्राम पंचायत में सचिवालय बनकर तैयार हो गया है। लेकिन यहां पर बैठने वाला कोई भी नहीं है। सचिवालय के अंदर सभी प्रकार की सुविधा उपस्थित हैं। अंदर पंखा हर वक्त चलता रहता है। गांव के कुछ जागरूक नागरिकों से सचिवालय के बारे में जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि जब कभी विभाग की ओर से कोई विशेष काम होता है, तब ही सचिवालय को खोला जाता है। वैसे यहां पर कभी कोई बैठने नहीं आता है। यहां पर तैनात पंचायत सहायक के बारे में बताया कि ग्रामीणों का आरोप है कि चार पांच माह में एक दो बार पंचायत सहायक सचिवालय में आती हैं। और विभागीय लोगों को अवगत कराने के लिए केवल एक फोटो खींचते हैं, और अपने भाई या पिता के साथ तुरंत ही वापस चली जाती हैं। जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है की पंचायत सहायक काम करना ही नहीं चाह रही है।

वहीं दूसरी तरफ ग्रामीणों का कहना है कि सचिवालय की व्यवस्था जल्द से जल्द ठीक नहीं कराई गई तो इसकी शिकायत जिला अधिकारी से संबंध में पंचायत सहायक करेंगे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### युवक ने महापुरुषों को अपमानित कर इंस्टाग्राम पर लगाई स्टोरी

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। गांव सिमरिया में एक युवक इंस्टाग्राम आईडी पर वीडियो बनाता है। युवक ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर और भगवान श्री राम द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर को मारते हुए स्टोरी लगाई है। इसके बाद युवक ने डॉ.भीमराव अंबेडकर साहब के द्वारा नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद को मारते हुए अपमानित कर स्टोरी लगाई है।जिससे लोगों की भावनाएं आहत हुई है। गांव के कई लोगों ने सामूहिक रूप से थाने पहुंच कर मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया। युवक ने माफी मांगते हुए भविष्य में ऐसा न करने की बात कही। समझौता होने पर पुलिस ने उसको शांति भंग की आशंका में जेल भेज दिया। थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने बताया युवक ने माफी मांग ली थी। युवक को शांति भंग की आशंका में जेल भेजा गया है।

### बारिश से मंडी में किसानों का धान भीगा, किसान परेशान

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। मूसलाधार बारिश से मंडी समिति में किसानों का धान भीग गया। जिससे किसानों को काफी नुकसान होना वताया जा रहा है। बेमौसम हुई बारिश से किसानों के चेहरों पर मायूसी छाई हुई है। शुरु से ही धान तौल अव्यवस्थाओं के बीच शुरू हुई है। किसानों का मंडी में धान खुले में पड़ा हुआ है।तौल में खानापूर्ति की जा रही है। बारिश के चलते मंडी समिति में पड़ा किसानों को धान भीग कर बर्बाद हो गया।इससे उनका धान खरीदने के लायक नहीं बचा है।जिससे किसानों के चेहरों की रंगत उडी गई है।किसानों ने जैसे तैसे घर की जमा पूंजी लगाकर फसल को तैयार किया। उम्मीद पर किसान मंडी में लेकर आए।जिससे उनका धान सरकार मूल्य पर बिक जाएगा।जिससे उपज का मूल्य मिल सके इस बरसात ने किसानों का सैकड़ों कुंतल धान बारिश की भेंट चढ़ गया।जिससे किसानों को बड़ा नुकसान हुआ है। लेकिन व्यवस्था न होने से खुले आसमान में पड़ा उनका धान नष्ट हो गया।जिससे किसानों में बेचैनी देखी जा रही है।साथ ही किसान सरकारी सिस्टम को कोसते नजर आ रहे हैं।

### नगर में धूमधाम से निकाली गई वाल्मीकि शोभा यात्रा

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। नगर में बाल्मीकि जंयती पर शोभा यात्रा निकाली गई। जो नगर की गलियों में घूमी। समाज के लोगों ने उनके वारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान कई मौजूद रहे।तहसील क्षेत्र में मंगलवार को वाल्मीकि जंयती धूमधाम के साथ मनाई गई। नगर में महर्षि वाल्मीकि भव्य शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई।जिसमे बडी संख्या में समाज के लोग व महिलाएं शामिल हुईं। विधायक पुत्र रितुराज पासवान ने फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। यह शोभायात्रा नगर के ब्लाक रोड,स्टेशन रोड,सिरसा चौराहे से होकर नगर की गालियों से होकर पुन:स्थल पर पहुंची। इस दौरान कई जगह पर शोभायात्रा का पुष्प बर्षा कर स्वागत किया गया। समाज के लोगों ने वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी। सुरक्षा को लेकर पुलिस भी मौजूद रही। इस दौरान शोभायात्रा में नगर के अलावा आस पडोस के गांव से भी समाज के लोग शामिल हुए।इससे पहले लोगों ने अपने घरों पर बाल्मीकि की पूजा अर्चना कर उनके द्वारा वताए गए रास्ते पर चलने की अपील की।

### विवादित टिप्पणी करने पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव दुर्जनपुर कला (नजीरगंज) निवासी डालचंद और चिरंजी लाल ने पुलिस को बताया कि उनके गांव में मस्जिद में मौलाना रेहान रजा खान ने मस्जिद के बाहर गांव के कुछ मुस्लिम समुदाय के लोगों व बच्चों को 80 करोड हिंदू वाले आबादी को जूते की नोक पर रखने की बात कही। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस टिप्पणी से हिंदू समाज के लोगों की भावनाएं आहत हो रही है। साथ ही मौलाना के इस कृत से समाज में द्वेष भावना की पैदा हो रही है। मामले की तहरीर पर पुलिस ने नौशाद गाजी, नसुमुदीन, सितारुद्दीन, इदरीश, छोटा, हैदर सहित कई लोगों ने समाज में जहर खोलने का कार्य किया। पुलिस ने रिपोर्ट मुकदमा दर्ज किया है।

### रहस्यमय बुखार के चलते दो गांव में पांच की मौत हो गई

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। पसगवां ब्लॉक क्षेत्र के गांव सिसोरा नासिर और सहमत में रहस्य में बुखार फैलने से एक सप्ताह के भीतर पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई 25 से अधिक लोग चपेट में आने पर अलग-अलग अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है डॉक्टरों ने सामान्य बुखार की बात कह कर पल्ला झाड़ लिया है उच्च अधिकारियों की शिकायत पर गांव में तीन डॉक्टरों की टीम ने संक्रमित लोगों के सैंपल लेना शुरू किया है। ब्लॉक क्षेत्र के गांव सिसोरा नासिर और सहामत में



भीषण गंदगी के बीच फैले रहस्यमय बुखार के चलते ईशानूर, गुरफान, फरनाज, यूनुस, और मुन्नी की मौत हो गई है वहीं 25 से अधिक लोग संक्रमण की चपेट में आ गए हैं जिनके अलग-अलग जगह पर इलाज चल रहा है। अधीक्षक अश्वनी वर्मा ने बताया मृतकों में कई लोग गंभीर बीमारी से पहले ही जूझ रहे थे वहीं डेंगू जैसी महामारी से बचाव को लेकर एंटी लारवा का छिड़काव युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। डेंगू की पुष्टि के लिए एलाइजा का सैंपल लेकर जिला पर भेजा जा रहा है जिससे बीमारी कंफर्म हो जाएगी। गांव में मेडिकल सचल दल की टीम में कैंप लगाकर जांच कर दवाई वितरण करने का काम कर रही हैं स्थिति नियंत्रण में है।

# खीरी में धूमधाम से मनी महर्षि वाल्मीकि जयंती

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



मंगलवार को गत वर्षो की भांति खीरी में महर्षि वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाई गई। मंदिरों में दीप प्रज्वलन, दीपदान के साथ-साथ वाल्मीकि रामायण का अखंड पाठ शुरू किया गया। इस अवसर पर शासन के निर्देश पर जिले की सभी तहसील, विकासखंड एवं नगरीय निकाय स्तर पर विभिन्न मंदिरों में संस्कृति विभाग में पंजीकृत सांस्कृतिक भजन मंडलियों ने रामायण का अखंड पाठ शुरू किया। फॉरेस्ट कॉलोनी मंदिर में पूजा-प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ, जिसमें सीडीओ अभिषेक कुमार ने महार्षि वाल्मीकी जी की चित्र पर माल्यार्पण किया तथा अखंड रामायण पाठ शुरू कराया। साथ ही महर्षि वाल्मीकी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को महर्षि वाल्मीकी जी के पद चिन्हों पर चलने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही जनपद के विभिन्न वाल्मीकी मंदिरों में प्रतिमा का माल्यापर्ण, भजन-कीर्तन तथा प्रसाद वितरण किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि महर्षि बाल्मीकि वैदिक काल में महान ऋषियों में आते हैं। महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि के नाम से भी जाना जाता है, उनके द्वारा रचित विश्व प्रसिद्ध कालजयी कृति रामायण महाकाव्य सामाजिक मूल्यों, मानव मूल्यों एवं राष्ट्र मूल्यों की स्थापना का आदर्श है। कहा कि वाल्मीकि रामायण में निहित मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्य एवं राष्ट्रीय मूल्यों से जन सामान्य को जोड़ना है। इस अवसर पर डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, सीवीओ डॉ. दिनेश सचान, पर्यटन सूचना अधिकारी संजय भंडारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और श्रद्धालु मौजूद रहे। पूरे जिले में दिनभर श्रद्धा और आस्था का माहौल बना रहा। शहर में भुफोरवानाथ मंदिर, मुड़िया महंत मंदिर, राम नवमी मंदिर धौरहरा और मंगला देवी मंदिर गोला गोकर्णनाथ सहित जिलेभर में बड़ी संख्या में प्रमुख मंदिरों में रामायण पाठ शुरू हुआ।

# जीएसटी दरों में कमी पर पूर्व डीजीपी बृजलाल ने जताया आभार, बोले-मोदी सरकार ने जनता को दी बड़ी राहत

जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी



केंद्र सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू किए जाने के बाद आम जनजीवन पर इसके सकारात्मक असर को लेकर रविवार को निघासन ब्लॉक सभागार में विधानसभा सम्मेलन आयोजित हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद और उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बृजलाल ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।सभा को संबोधित करते हुए सांसद बृजलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जीएसटी में राहत देकर जनता को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में कमी आने से अब रोजमर्रा की जरूरतों का खर्च कम होगा, जिससे आम परिवारों को राहत मिलेगी। सरकार ने इंसान के जीवन से जुड़ी आवश्यक वस्तुओं पर कर घटाकर यह साबित कर दिया है कि उसकी प्राथमिकता जनता का हित और महंगाई पर नियंत्रण है, उन्होंने कहा। पूर्व डीजीपी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जीएसटी को लेकर विपक्षी दल लगातार भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन मोदी सरकार के ठोस फैसले ने उनके सारे आरोपों को बेअसर कर दिया। विपक्ष जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहा था, पर अब उनके मुंह पर ताला लग गया है, उन्होंने कहा। उन्होंने आगे कहा कि सरकार के इस निर्णय से न केवल व्यापार जगत को बल मिलेगा बल्कि उपभोक्ता बाजार भी सशक्त होगा। जीएसटी मेंकटौती से छोटे व्यवसायियों, किसानों और मध्यम वर्ग को विशेष राहत मिलेगी। यह आर्थिक दृष्टि से दूरदर्शी और संतुलित कदम है, बृजलाल ने कहा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने हर वर्ग की चिंता करते हुए कर संरचना में बदलाव किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद केवल कर संग्रह बढ़ाना नहीं, बल्कि आम जनता की सुविधा सुनिश्चित करना है। इस मौके पर जिला महामंत्री विनोद लोधी, जसवंत वर्मा, देवेंद्र पांडे, खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह, तथा भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष ने किया और अंत में धन्यवाद ज्ञापन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा किया गया। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटी रही। महिलाओं और युवाओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। सभा के अंत में सांसद बृजलाल ने कहा कि भाजपा सरकार की यही नीति है- जनता की सुविधा और राष्ट्र का विकास।

# केन्द्रीय मंत्री की झण्डी राजपरिवार संग भेंट, बोले समाज सेवा की अद्भुत मिसाल है झंडी राज परिवार

जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी



भारत सरकार में केन्द्रीय राज्यमंत्री विदेश एवं वन - पर्यावरण राज्य मंत्री व मनकापुर के राजा कीर्तिवधन सिंह का शिष्टाचार भेंट हेतु झण्डी के राजा व उ.प्र भाजपा विदेश विभाग के प्रदेश संयोजक राजा राज राजेश्वर सिंह के लखनऊ न्यू हैदराबाद स्थित आवास झण्डी हाउस में आगमन हुआ जहाँ उन्होने राजमाता साहब व परिजनों से शिष्टाचार भेंट की।उन्होंने झण्डी राज परिवार के द्वारा खीरी जनपद व प्रदेश में किये गये सामाजिक योगदान विशेषकर लखनऊ शहर को झण्डी पार्क के रुप में वर्षों पूर्व अपनी संपत्ति तत्कालीन नगरपालिका को जनहित में देने वाले राजा साहब के परबाबा श्रद्धेय राजा रघुबर सिंह की भी चर्चा व सराहना की। उल्लेखनीय है कि झण्डी राज परिवार के द्वारा लालबाग लखनऊ नगर निगम के सामने स्थित यह पार्क इनकी स्टेट के नाम पर झण्डी पार्क के नाम से लोकप्रीय है जहाँ नगर निगम द्वारा श्रद्धेय राजा साहब के सम्मान में एक बड़ी प्रतिमा लगाकर उसके ऊपर एक क्षत्री का निमार्ण कराया गया है। इस पार्क से संलग्न रोड का नाम भी स्व॰ राजा साहब के नाम पर राजा रघुवर सिंह मार्ग है।

झण्डी राज परिवार के द्वारा दी गयी यह संपत्ति आज जनहित में लखनऊ शहर के लोगों के पार्क व पार्किंग के रुप मे काम आ रही है।

# न्यायाधीश सैय्यद माऊज बिन आसिम के स्थानांतरण पर जिला अधिवक्ता संघ द्वारा विदाई समारोह का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

जनपद न्यायाधीश सैय्यद माऊज बिन आसिम के स्थानांतरण हो जाने पर आज जिला अधिवक्ता संघ, लखीमपुर-खीरी में संघ के पं0 ब्रम्हादीन स्मारक हाल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पं. कमला कान्त दीक्षित एड0 एवं संचालन महामंत्री राजीव कुमार पाण्डेय एड0 ने किया विदाई समारोह कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि माननीय जनपद न्यायाधीश सैय्यद माऊज बिन आसिम के माल्यार्पण से हुआ उनको एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन राज कुमार त्रिवेदी एड0, अवधेश कुमार दुबे एड., बरिस्टर सिंह चौहान एड., पं.हरी शंकर पाण्डेय एड., उमेश प्रताप सिंह चौहान एड., राकेश मिश्र एड., अवधेश कुमार सिंह एड., राकेश शुक्ला एड., प्रभात शुक्ला एड., धर्मेद्र शुक्ला एड., पंकज शुक्ला एड.सहित अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश शैलोज चंद्रा,वी एन पाण्डेय, गुलाम मुस्तफ़ा, सी जे एम प्रमोद कुमार यादव, प्रदीप कुमार कुशवाहा जी व अन्य न्यायिक अधिकारी मौजूद रहें।

मुख्य अतिथि का स्वागत कार्यकारिणी जिला अधिवक्ता संघ, खीरी द्वारा माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

उक्त कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ, लखीमपुर-खीरी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालस्टर लाल पाण्डेय एड0, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील कुमार शुक्ला एड0, कोषाध्यक्ष सत्ती सरन गौतम एड0, संयुक्तमंत्री प्रभाकर ब्रम्ह मिश्र एड0, ऐश्वर्य धुरिया एड., अरविन्द श्रीवास्तव एड. गवर्निंग कौंसिल वरिष्ठ मो0 इजराईल खॉ एड0, अनिल कुमार शर्मा एड0, राजेन्द्र कुमार अग्निहोत्री एड0, गवर्निंग कौंसिल कनिष्ठ अनुराग बाजपेयी एड0, अश्वनी शर्मा एड0, सुरेन्द्र कुमार आजाद एड0 सहित संघ के सम्मानित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्तागण तथा जनपद लखीमपुर-खीरी की समस्त तहसीलों के सम्मानित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नशे की लत में आकर स्कूली बच्चे और युवा पीढ़ी हो रही बर्बाद, एमएलसी ने लिया संज्ञान

**जन एक्सप्रेस । महोबा**






बुंदेलखण्ड के महोबा जिले में नशे का अवैध कारोबार जमकर फल फूल रहा है द्य चरखारी कस्बे के स्कूली बच्चों में नशे का खुमार बढ़ता जा रहा है जिसको लेकर सोशल मीडिया पर हर खास और आम अड्डों का स्थानीय लोगों ने खुलासा किया है द्य साथ ही सोशल मीडिया में चल रहे खुलासों को लेकर विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सेंगर ने गंभीरता से लेते हुए लगाम लगाने की बात की है लेकिन गांजा, सिगरेट, पेपर गांजा जैसी घातक नशा तथा नौनिहालों की जिन्दगी को नरक में झेलने वाली बुराई से पुलिस पूरी तरह से अनभिज्ञ है। सरकारी अस्पताल के सामने एक ऐसी दुकान है जहां शासन द्वारा प्रतिबंधित कफ सीरप की बिक्री भी धड़ल्ले से हो रही है।

कस्बा में कुछ चुनिन्दा चाय की दुकानें हैं जहां देश विदेश की सिगरेट आसानी से मुहैया हैं और अपनी जिन्दगी को धुएं के गुबार में डुबोने वाले 14 से 20 साल के किशोर व युवा भी मौजूद हैं। सिगरेट के अलावा गांजा, पेपर गांजा की लत सुबह से ही घरों से दुकानों तथा निर्धारित अड्डों तक खींच लाती है।

कस्बा में बढ़ रहे नशे के चलन और युवाओं की बढ़ती संख्या पर एक अध्यापक राजेन्द्र सोनी की पोस्ट ने बहस तो छेड़ी ही है साथ ही प्रशासन को आईना भी दिखाया है। वायरल पोस्ट में सैकड़ों लोगों ने नशे के अड्डों और बढ़ावा देने वालों का खुलासा किया है जिसमें कुछ खास जगहों के नामों का उजागर लोगों ने किया है। हालांकि वायरल पोस्ट को संज्ञान में लेते हुए विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर ने इस बुराई पर लगाम लगाने का आश्वासन दिया है। कस्बा के महत्वपूर्ण स्थान पर नशाखोरी पर अधिवक्ता भूपेश पाठक ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए गांजा' सिगरेट, पेपर गांजा की एक दुकान के संचालन पर सवाल उठाया है। सतेन्द्र द्वेदी ने डयोढ़ी के पास विद्यालयों के छात्रों का जमावड़ा नशाखोरी के लिए हो रहा है। शिक्षक नरेन्द्र सेंगर ने कहा कि अपने लाभ के लिए नई पीढ़ी को अंधकार में धकेला जा रहा है। योगेन्द्र मिश्रा का कहना है कि जब सभी अड्डों का आमजनमानस को पता है पुलिस को पता है तो कार्यवाही व निगरानी होना चाहिए। उमेश पाठक ने कहा जहां दिन भर कानून की किताबें खुलती हैं वहां शाम को धुंआं धुंआ उठता है। राजेन्द्र सोनी ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि अफसोस इस बात का है कि जिनको जागना चाहिए वो सो रहे हैं।

सरकारी अस्पताल के सामने एक मेडिकल स्टोर अपने लाभ के लिए युवा पीढ़ी को प्रतिबंधित कफ सीरप खुलेआम परोस रहा है जिसकी खरीद बिक्री का समस्त लेजा जोखा सप्लायर्स से लेकर विक्रेता के पास मौजूद है और बिना डाक्टर के पर्चा के धड़ल्ले से सीरप बेंचा जा रहा है। कुल मिलाकर कस्बा की कुछ चुनिन्दा दुकानों ने अपने लाभ के लिए नशाखोरी के बाजार को बढ़ा दिया है और युवा किशोर पीढ़ी ने खुद को अंधकार में धकेल दिया है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार पीडब्ल्यूडी कर्मचारी की मौत

**उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने मेडिकल कॉलेज के पास बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार पीडब्ल्यूडी कर्मचारी की मौत हो गई। डकोर कोतवाली क्षेत्र के मोहाना गांव निवासी इंद्रकुमार 42 वर्ष पीडब्ल्यूडी में मेट के पद पर तैनात था। परिजनों ने बताया कि उनकी ड्यूटी कालपी के जोल्हूपुर मोड़ के पास चल रही थी। जिस पर वह प्रतिदिन बाइक से ड्यूटी जाते थे।

सोमवार की देर शाम वह बाइक से ड्यूटी कर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक शहर कोतवाली क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज के पास पहुंची कि पीछे से कार ने टक्कर मार दी। इस दौरान आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल घटना के बाद से मृतक की पत्नी मंजू देवी व पुत्रों सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर अखंड रामायण पाठ का किया गया आयोजन



**जन एक्सप्रेस । महोबा**

शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के कुशल मार्गदर्शन में महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। नगर के वाल्मीकि चौराहा स्थित महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संतोष चौरसिया सहित गणमान्य लोगों द्वारा माल्यार्पण कर पूजा पाठ किया गया। इस अवसर पर संस्कृति विभाग के पंजीकृत कलाकारों द्वारा वाल्मीकि रामायण का अखंड पाठ आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलाकारों का नेतृत्व संगीतचार्य जगप्रसाद तिवारी ने किया द्य कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि पूरे विश्व के आदि कवि है उनके द्वारा रची गई वाल्मीकि रामायण समस्त कालखण्ड में मनुष्य के लिए प्रेरणा स्रोत बनी रही है। नई पीढ़ी को वाल्मीकि रामायण का अध्ययन कर अपने जीवन में धारण करना चाहिए।

नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौरसिया ने बताया कि आदिकवि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण वर्तमान में भी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बनी है। इस अवसर पर समाजसेवी शिव कुमार गोस्वामी, दाऊ तिवारी, जग प्रसाद तिवारी, संतोष वाल्मीकि सीताराम वाल्मीकि, वीरेंद्र वाल्मीकि सहित अन्य मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन पर्यटन अधिकारी डा. चित्रगुप्त श्रीवास्तव द्वारा व्यक्त किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद के वाल्मीकि मंदिर खरेला, कुलपहाड़ के रामलला मंदिर, बेलाताल के हनुमान मंदिर, चरखारी के वाल्मीकि मंदिर, बड़े हनुमान मंदिर, श्रीनगर के रामराजा मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फर्जीवाड़ा करने वाले वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित उ0नि0 रमेश कुमार यादव मय हमराह कां0 नन्दलाल व कां0 कृष्णकान्त के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत धारा 318(4), 338, 336(3) बी0 एन0 एस0 से सम्बन्धित वाछिंत अभियुक्त श्रीकान्त वर्मा उर्फ संदीप पुत्र छितानीराम निवासी नई दुनिया कसहाई थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को कस्बा चरखारी के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। इसके बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

# श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के आखिरी दिन भंडारे का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



कबरई कस्बे में किदवई नगर बीला रोड स्थित शहनाई पैलेस के सामने शिवशक्ति धाम मंदिर प्रमुख सेविका धर्मणी सीमा महंत जयगोविंद सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के आखिरी दिन मंगलवार को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद पाया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर एवं हजारों की संख्या में भक्ति उपस्थित रहे। कथावाचक पंडित शिवाकांत शास्त्री वृंदावन, पंडित पीयूषकांत मिश्रा बनारस, विशेष सहयोगियों में भाजपा सह जिला मीडिया प्रभारी राम लखन सोनी पत्रकार, वालेंद्र कुशवाहा, रमाकांत राजपूत, राजेश राजपूत संजय कुशवाहा, मुस्करा, मुख्य यजमान सोनम, पवन कुमार साहू, यज्ञ यजमान सुमन, प्रमोद कुमार, राजकुमारी, राजबहादुर, सुनीता, बच्चा, रामरती, सुरेश, मंजू, शिवबरन, आरती, अशोक, रजनी, अमरचंद, मालती, भूरालाल कथा संचालक अध्यक्ष सुनील कुमार कुशवाहा, शिवराज पंडित, कौशल महाराज, सुरेश गुप्ता, राजेश गुप्ता आदि रहे। एमएलसी का शिव शक्ति धाम प्रमुख, महंत, कमेटी के सभी सदस्य एवं नगरवासियों ने जोरदार तरीके से फूल माला और वस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

# दबंग कार सवारों ने व्यापारी के साथ की मारपीट

**जन एक्सप्रेस । उरई**

चुर्खी निवासी संजीव सोनी गांव में किराने की दुकान रखें हुए है। जो सोमवार को दुकान का सामान खरीदने के लिए बस द्वारा कानपुर गया था। सामान खरीदने के बाद वह देर रात कानपुर से वापस लौटा और उरई बस स्टैंड पर खड़े होकर चुर्खी जाने बाले वाहनों को तलाशने लगा। इस दौरान उसे वहां एक चार पहिया वाहन खड़ा दिखाई दिया और उसमें चार लोग बैठे हुए थे। व्यापारी ने वाहन में बैठे लोगों से चुर्खी चलने की बात कही तो उन्होंने हां कहकर उसे वाहन में बैठा लिया। इसके बाद वाहन चालक उसे चुर्खी न जाकर कोंच की ओर लेकर चल दिया। जब व्यापारी ने गलत रास्ता होने की बात कही तो अन्दर बैठे लोगों ने डरा धमकाकर उसे चुप करा दिया। व्यापारी का आरोप है कि चार पहिया वाहन कोंच नहर के किनारे आने बाले मार्ग से होता हुआ रेलवे लाइन के किनारे से एक काली मंदिर के पास जाकर रुका तब वाहन में सवार लोगो ने उससे पैसे मांगे और उसकी तलाशी भी ली। लेकिन उसके पास पैसे नही मिले तो उन लोगों ने पैसे घर से फोन पेय पर मंगवाने का दबाव बनाया। जब उसने पैसे मंगवाने से मना किया तो उन लोगो जे उसे मारा पीटा बाद में एक बाइक वहां आई और उन लोगो ने उसे बाइक पर बैठा दिया। बाइक सबार उसे लेकर आगे बड़ा और एक मोड़ पर आकर छोड़ कर भाग गया।मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अजित सिंह ने बताया कि व्यापारी द्वारा बताई गई घटना की जांच की जा रही है।

# टेसू की बारात निकालकर धूमधाम से टेसू–झिंझिया का हुआ विवाह

**जन एक्सप्रेस । जालौन**



अश्विन पूर्णिमा पर एक ओर जहां वाल्मीकि मंदिर में धार्मिक आयोजन किये गये। वहीं, दूसरी ओर नगर के कई स्थानों पर टेसू की बारात भी निकाली गई। मोहल्ले के लोगों ने इस बुंदेली कार्यक्रम का आंनद लिया। शरद पूर्णिमा पर नगर में कई स्थानों पर टेसू झिंझिया के विवाह के आयोजनों की धूम रही।

लोगों का मानना है कि टेसू झिंझिया के ब्याह के बाद से शादी, विवाह का दौर शुरू हो जाता है। उसमें कोई अड़चन नहीं आती है। नगर के मोहल्ला तोपखाना, जोशियाना, हरीपुरा, चुर्खीबाल, गंगाधाम के बगल में युवाओं की टोली ने टेसू की बारात निकाली। टेसू के पात्र को विशेष रूप से बड़ा काजल, हाथों में झाडू को लेकर सजाया गया। इसके बात मस्ती में नाचती गाती बारात सड़कों पर घुमाई गई। बारात के स्वागत में महिलाओं ने अचरी गीत गाए। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आचार्य ने विवाह कार्यक्रम संपन्न कराए। देर रात तक कार्यक्रम चलता रहा। इसके बाद की सुअटा आकृति को बच्चे लूट ले गए। टेसू और झिंझयि का विवाह संपन्न होने पर लोगों ने आतिशबाजी चलाई। कई किलो की पूड़ियों का भोजन व मिष्ठान टेसू की बारात लेकर आए बारातियों को खिलाया गया। मान्यता है कि यह कहानी सुआटा नामक राक्षस द्वारा बालिकाओं को परेशान किए जाने और टेसू नामक वीर द्वारा उसका बध कर बालिकाओं को उसके त्रास से मुक्त कराने की है।

## डीसीएम में दूसरी डीसीएम ने मारी टक्कर, अधेड़ की मौत

**उरई।** आटा थाना क्षेत्र में हाईवे पर तेज रफ्तार डीसीएम ने आगे चल रही दूसरी डीसीएम में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में डीसीएम की छत पर बैठकर जा रहे अधेड़ की गिरकर मौत हो गई। जिला कानपुर देहात के थाना देवराहट के ग्राम रसूलपुर भलार निवासी 45 वर्षीय रामलाल व्यापारी के साथ डीसीएम में बकरियां भरकर मैसूर बेचने के लिए जा रहा था।बताया गया कि वह डीसीएम की छत पर बैठा था। जैसे ही डीसीएम झांसी-कानपुर हाईवे पर आटा रोड के आगे पहुंची। तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रही दूसरी डीसीएम ने उसमें टक्कर मार दी। जिससे छत पर बैठा रामलाल छत से सड़क पर जा गिरा और गम्भीर रूप से घायल हो गया। साथ ही हादसे के बाद डीसीएम चालक मौके से भाग निकला। इसके बाद लोगों ने उसे गम्भीर हालत में इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। मामले में आटा थाना प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिली थी।

# रोडवेज बस स्टैंड पर लाल बहादुर शास्त्री की मूर्ति स्थापित कराने की विधायक से मांग

**जन एक्सप्रेस । जालौन**



नगर में निर्माणाधीन रोडवेज बस स्टैंड का नाम लाल बहादुर शास्त्री रोडवेज बस स्टैंड किए जाने बस स्टैंड पर लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग करते हुए भाजपा के पूर्व नगर महामंत्री ने सदर विधायक को मांग पत्र सौंपा है।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव, भाजपा के पूर्व नगर महामंत्री प्रदीप सक्सेना, सभासद विक्की श्रीवास्तव ने सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा को मांग पत्र सौंपकर बताया कि नगर के चुर्खीरोड पर रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इस बस स्टैंड का नामकरण भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के नाम पर किया जाए। रोडवेज बस स्टैंड का नाम लालबहादुर शास्त्री रोडवेज बस स्टैंड किया जाए। इसके साथ बस स्टैंड परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा भी स्थापित कराई जाए। जिससे आने वाली पीढ़ियां उन्हें याद रख सकेंगी और 'जय जवान, जय किसान' की विचारधारा बनी रहे।

## मरीजों की संख्या बढ़ने से दवा वितरण खिड़की पर बढ़ी भीड़

**जालौन।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बढ़ती मरीजों की संख्या को देखते हुए दवा वितरण खिड़की पर भीड़ लगी रहती है। भीड़ के कारण तीमारदारों के अभाव में मरीजों को दवा लेने में दिक्कत हो रही है। जनपद में सबसे ज्यादा मरीजों की संख्या स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में होती है।

प्रतिदिन 600-700 मरीज उपचार कराने के लिए आते हैं। इन मरीजों में ग्रामीण क्षेत्रों के तमाम बुजुर्ग होते हैं तथा बड़ी संख्या में मरीज ऐसे होते हैं जिनके साथ कोई तीमारदार नहीं होता है। बुजुर्ग व तीमारदार न होने के कारण मरीज किसी तरह चिकित्सक को दिखा तो लेता है किन्तु पर्चा बनवाने व दवा लेने में बहुत दिक्कत होती। मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण पर्चा बनवाने व दवाएं लेने में मरीजों को बहुत दिक्कत हो रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बढ़ती मरीजों की संख्या को देखते हुए दवां वितरण काउंटर बढ़ाने व पर्चा बनाने के काउंटर की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

## ऑल इंडिया नोटबुक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने जीएसटी 2.0 के नोटबुक उद्योग पर प्रभाव को लेकर चिंता जताई

**जन एक्सप्रेस । झांसी**

इंडिया नोटबुक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन प्रधानमंत्री और भारत सरकार का जीएसटी 2.0 सुधारों के तहत कर प्रणाली को सरल बनाने और आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने के लिए उठाए गए साहसिक कदमों हेतु हार्दिक आभार व्यक्त करता है। हालांकि, वर्तमान में जो स्थिति उत्पन्न हुई है, जिसमें नोटबुक पर 0प्रति. जीएसटी और आसियान मुक्त व्यापार समझौते (एएसईएएन एफटीए) के तहत 0प्रति. कस्टम ड्यूटी लगाई गई है, वह भारतीय नोटबुक उद्योग के लिए विनाशकारी साबित हो रही है। आसियान समझौते के अंतर्गत इंडोनेशिया, थाईलैंड और मलेशिया जैसे देशों से आयात पर कोई सीमा शुल्क नहीं लगता। अब, 0प्रति. जीएसटी के कारण, इन आयातों पर आईजीएसटी भी नहीं लगेगा, जिसका मतलब यह है कि इन पर कोई काउंटरवेलिंग ड्यूटी भी नहीं लगेगी-जिससे ये पूरी तरह से ड्यूटी मुक्त होकर भारतीय उत्पादों की तुलना में सस्ते हो जाते हैं, जबकि भारत में घरेलू मांग को पूरा करने की पूरी क्षमता मौजूद है। हाल ही में, शिक्षा क्षेत्र में लागत को कम करने के उद्देश्य से नोटबुक में प्रयुक्त कागज पर जीएसटी को 0प्रति. किया गया था। परंतु व्यावहारिक रूप में, इस निर्णय के कई अनपेक्षित दुष्परिणाम सामने आए हैं। भारतीय नोटबुक निर्माण में उपयोग होने वाले पेपरबोर्ड और अन्य कच्चे माल जैसे पैकेजिंग सामग्री, गोंद, तार, पैकिंग फिल्म आदि पर 18प्रति. जीएसटी लागू होता है, जो भारतीय निमार्ताओं को वहन करना पड़ता है, जबकि उन्हें इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ नहीं मिलता। साथ ही, नोटबुक उद्योग में उपयोग होने वाला कोटेड पेपरबोर्ड, जिस पर पहले 12प्रति. जीएसटी था।

# 11 सदस्यीय दल ने कारगिल शहीद कमांडो की समाधि पर अर्पित किए अपने श्रद्धा सुमन

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



भारत-चीन के मध्य 1962 में हुए युद्ध के दौरान लद्दाख के रिजांगला में 13वीं कुमाऊं बटालियन के 120 जवानों के अदम्य साहस और बलिदान की स्मृति में 13 अप्रैल को बिहार के छपरा से शुरू हुई रिजांगला रज कलश यात्रा आज महोबा पहुंची। रज कलश को लेकर 11 सदस्यीय दल ने पहले पचपहरा गांव स्थित कारगिल शहीद कमांडो जगदीश यादव की समाधि पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कलश यात्रा की अगुवाई कर रहे कानपुर के मनोज सिंह यादव व हैदराबाद के किरन कुमार व उनके साथी फौजियों के साथ कीरत सागर झील के नीचे स्थित शहीद राकेश चौरसिया की समाधि पर पहुंचे एवं श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बताया कि अब तक ये कलश यात्रा देश के 18 राज्यों का भ्रमण कर चुकी हैं और रास्ते में मिली शहीदों की सभी समाधियों पर हमने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। हमने महोबा के शूरवीर आल्हा-ऊदल की मूर्ति पर भी माल्यार्पण किया। महोबा से हम बांदा जाएंगे हमारी यात्रा रिजांगला शहीद दिवस पर 18 नवंबर को दिल्ली में संपन्न होगी। बुंदेली समाज संयोजक तारा पाटकर ने रिजांगला के शहीदों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर शहीदों के परिजन ज्ञानदास चौरसिया, दयाशंकर, पूर्व ब्लाक प्रमुख छत्रपाल यादव, पूर्व प्रधान राम लाल, तेज प्रताप, पूर्व फौजी कैप्टन मोहन सिंह, देवीदीन यादव, हुकुम सिंह यादव समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## महिंद्रा ने नए डिजाइन, बेहतरीन इंटीरियर और आधुनिक सुविधाओं के साथ पेश की नई बोलेरो रेंज

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

भारत की अग्रणी एसयूवी विनिमार्ता, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने आज बोलेरो की नई रेंज पेश की। नई बोलेरो की कीमत रुपये 7.99 लाख (शोरूम में) से शुरू होती है, और नए पेश किए गए टॉप-एंड (मंहगे) बी8 वेरिएंट की कीमत रुपये 9.69 लाख (शोरूम में) है। नई बोलेरो नियो की शुरूआती कीमत रुपये 8.49 लाख (एक्स-शोरूम) है, जबकि नए टॉप-एंड (मंहगे) वेरिएंट एन11 की कीमत रुपये 9.99 लाख (एक्स-शोरूम) है। इस लॉन्च के साथ, बोलेरो रेंज खूबसूरती, अधिक आराम और आधुनिक सुविधाओं के साथ अपना विशिष्ट आकर्षण बरकरार रखे हुए है। बोलेरो अपनी 25 साल की विरासत में बहुउपयोगी एसयूवी बनी हुई है। यह शहर की व्यस्त सड़कों से लेकर ऊबड़-खाबड़ सड़कों वाले ग्रामीण इलाकों तक, विविध इलाकों में बेहतरीन प्रदर्शन करती है और असाधारण अनुकूलनशीलता तथा मूल्य प्रदान करती है। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ऑटोमोटिव डिवीजन के मुख्य कार्यकारी, नलिनीकांत गोलागुंटा ने कहा, बोलेरो समय की कसौटी पर खरी उतरी है और 25 साल से भी अधिक समय से भारत की सबसे बहुमुखी तथामजबूत एसयूवी में से एक के रूप में अपनी जगह बनाए हुए है। इस स्थायी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, नई बोलेरो रेंज को गतिशील और तेजी से विकसित हो रहे नए भारत की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। मजबूती, समकालीन स्टाइल, अधिक आराम और आधुनिक सुविधाओं के शानदार मेल के साथ, नई बोलेरो और बोलेरो नियो शक्तिशाली एसयूवी का अनुभव प्रदान करती हैं जो शहरी परिवेश और चुनौतीपूर्ण इलाकों में समान रूप से कारगर है।

# प्रेम संबंध से नाराज भाई ने किया कत्ल, बोला–'मेरे दोस्त से उसके प्रेम संबंध हैं... मैंने बहन को मार डाला'

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गोरखपुर में प्रेम संबंध से नाराज भाई ने बहन को नाले में डुबोकर मार डाला। पुलिस ने मां की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

गोरखपुर के कैंपियरगंज में घर की इज्जत के नाम पर रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। कैंपियरगंज इलाके में सोमवार को 18 वर्षीय युवती की हत्या उसके सगे भाई ने ही कर दी। मामा के घर छोड़ने का झांसा देकर वह बाइक से बहन को ले गया और रास्ते में एक नाले की पुलिया पर पानी में डुबोकर मार डाला।

वारदात के बाद आरोपी थाने पहुंचा और थाना प्रभारी से कहा- मैंने बहन को मार डाला है। मेरे दोस्त से उसके प्रेम संबंध हैं। उसकी हरकतों से घर की इज्जत मिट्टी में मिल गई थी। पुलिस ने मां की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, युवती रविवार रात भाई से विवाद के बाद घर छोड़कर निकल गई थी। देर रात तक उसकी तलाश होती रही, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। सोमवार सुबह मां और भाई को वह कैंपियरगंज इलाके के एक चौराहे पर मिल गई।

समझा-बुझाकर उसे घर लाए। कुछ देर बाद भाई ने मां से कहा कि वह बहन को मामा के घर छोड़ने जा रहा है। इसके बाद वह बहन को बाइक पर बैठाकर घर से निकला।

इसके बाद भाई ने रास्ते में बाइक एक नाले की पुलिया पर रोकी जहां दोनों के बीच फिर कहासुनी हुई। गुस्से में उसने बहन को पकड़कर नाले में धकेल दिया। खुद भी कूद गया और तब तक पानी में डुबोए रखा जब तक उसकी सांसें थम नहीं गईं।

वारदात के बाद आरोपी बाइक लेकर घर लौटा और सीधे कैंपियरगंज थाने पहुंचा। वहां उसने थाने में मौजूद एसओ राकेश कुमार रोशन को पूरी घटना बताई। पुलिस टीम आरोपी को घटनास्थल ले गई। वहां उसकी निशानदेही पर बहन के शव को बरामद कर लिया गया। घटना के बाद मां थाने पहुंचीं और बेटे के खिलाफ तहरीर दी।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। इसके साथ ही शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

**प्रेम प्रसंग बनी हत्या की वजह**

पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी की बहन का महराजगंज के एक युवक से तीन साल से प्रेम संबंध था। वह आरोपी के दूर का रिश्तेदार और पुराना दोस्त भी है। दोस्ती के बहाने उसका घर आना-जाना शुरू हुआ। दोनों के बीच नजदीकी बढ़ीं तो परिवार ने विरोध किया और युवती की शादी दूसरी जगह तय कर दी। इसके बावजूद दोनों के बीच बातचीत जारी रही। यह बात आरोपी को नागवार गुजरी। उसे लगा कि बहन की वजह से परिवार की इज्जत पर दाग लग रहा है।

आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने पूछताछ में अपराध स्वीकार किया है। मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

**– जितेंद्र श्रीवास्तव, एसपी नार्थ**

**घर की इज्जत..हर साल जा रही देशभर में 1000 लोगों की जान**

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, भारत में हर साल करीब 1000 से अधिक ऑनर किलिंग के मामले दर्ज होते हैं। इनमें सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान में सामने आते हैं।

हर कहानी का चेहरा बदलता है। कभी पिता, कभी भाई तो कभी चाचा, लेकिन वजह वही रहती है घर की इज्जत। 2019 में हरदोई में पिता ने बेटी और उसके प्रेमी को कुल्हाड़ी से काट डाला था। 2022 में प्रयागराज में एक भाई ने बहन को जिंदा जला दिया क्योंकि उसने अपनी पसंद से शादी की थी। और अब 2025 में कैंपियरगंज में यह मामला फिर से वही सवाल उठा रहा है।

**कानून सख्त, लेकिन मानसिकता अब भी वही**

ऑनर किलिंग को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में साफ कहा था कि इज्जत के नाम पर हत्या भी हत्या ही है। इसकी सजा फांसी तक हो सकती है। फिर भी आंकड़े बताते हैं कि इन मामलों में दोषसिद्ध की दर बेहद कम है।

## संसाधनों का अकाल...तीन दिन से 'बेजान' पड़ी है बिजली

जन एक्सप्रेस। देवरिया

दिन-रात एक करने के बाद भी सोमवार को तीसरे दिन संपूर्ण रूप से बिजली आपूर्ति जिले में बहाल नहीं हो सकी। पांच सौ से अधिक गांव अंधेरे में डूबे हैं। शहर के कुछ हिस्सों में सोमवार को देर रात तक काम चला, मगर आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। बरियारपुर, रामपुर कारखाना और भिंगारी बाजार उपकेंद्र पर आने वाली मेन लाइन होल्ड नहीं हो रही है। इसकी मॉनिटरिंग के लिए पूर्वांचल विद्युत वितरण कार्यालय वाराणसी के डिस्कान विभाग से दो एसई देवरिया में डेरा डाले हैं। गोरखपुर बिजली निगम कार्यालय के चीफ इंजीनियर पंकज अग्रवाल ने भी जिले में भ्रमण कर बिजली आपूर्ति में हो रही देरी की वजह जानी। देरी की मुख्य वजह संसाधनों और वर्करों की कमी बताई जा रही है। शुक्रवार और शनिवार को आंधी-बारिश में शहर से लेकर गांव तक बिजली आपूर्ति ठप हो गई। पांच सौ से अधिक खंभे, तार टूट गए, ट्रांसफॉर्मर गिर गए।

# राइस मिल पर छापा, बरामद हुए एक ब्रांड के 10931 बोरे



जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

सिंदुरिया थानाक्षेत्र के कुइयां कंचनपुर स्थित एक राइस मिल पर शिकायतकर्ता की शिकायत पर थाना क्षेत्र के ग्रामसभा कुइया कंचनपुर में मंडी समिति के इंस्पेक्टर ने पुलिसकर्मियों के साथ एक राइस मिल पर छापा मारा। छापे के दौरान टीम को एक ट्रेडमार्क के 10931 खाली बोरे मिले। इस दौरान सिंदुरिया थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक से शिकायतकर्ता ऋषि अग्रवाल ने शिकायत की थी कि उनके अन्नपूर्ति ट्रेडमार्क का प्रयोग करके एक राइस मिल से गुणवत्ताविहीन चावल बेचा जा रहा है। शिकायत का संज्ञान लेकर सिंदुरिया थानाध्यक्ष और मंडी समिति के इंस्पेक्टर विनोद कुमार शर्मा, श्याम नंदन साहनी, उपनिरीक्षक रण विजय वर्मा ने राइस मिल में छापा मारा।

## कप्तानगंज में जेवर चोरी के मामले में दो महिलाओं पर केस

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

कप्तानगंज पुलिस ने ग्राहक बन ज्वेलर्स की दुकान से चोरी करने वाली एक नामजद व एक अज्ञात महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना में जुट गई है। पुलिस को सौंपे तहरीर के मुताबिक कप्तानगंज कस्बे के चांदनी चौक पर खेतान ज्वेलर्स के मालिक विपुल खेतान ने बताया है कि 30 सितंबर को उनके दुकान पर दो महिलाएं ग्राहक बन आभूषण की खरीददारी करने आयीं। इस दौरान सोने की चेन में वजन का टैग लगा रहे स्टाफ अनिल प्रजापति से दोनों महिलाएं चैन देखने लगीं। स्टाफ टैगिंग के कार्य में व्यस्त होने का लाभ उठाकर महिलाओं ने एक चेन चुरा लिया। महिलाओं के करतूत दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में है। दोनों महिलाओं में से एक ने कान का एक जोड़ी लटकन भी खरीदा है तथा बिल पर अपना नाम व पता दर्ज कराया है। टैगिंग के उपरान्त जब स्टाफ टैगिंग किये हुए चैन के डिब्बे का वजन तौल कराया तो करीब 11 ग्राम का एक चैन कम था।

# चाय के बहाने बुलाकर बनाया बंधक, 4 लाख वसूली फिरौती

जन एक्सप्रेस। देवरिया

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर चौकी अंतर्गत इस्लामपुर गांव निवासी एक युवक को नेपाल निवासी एक युवक ने दोस्ती का हवाला देते हुए चाय पीने के बहाने बुलाकर बंधक बना लिया और चार लाख की फिरौती लेने के बाद उसे छोड़ा गया।

इस दौरान युवक को पीटा भी गया। फिरौती देने के बाद युवक ने अपने घर पहुंचकर और नेपाल के विथरी थाने की पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित युवक आजाद अहमद ने बताया कि जिस दोस्त पर भरोसा था वही दुश्मन बन बैठा पिस्टल दिखाकर चार लाख नेपाली रुपये ले लिए। आजाद अहमद के अनुसार, नेपाल निवासी परवेज नामक युवक से उसकी पुरानी पहचान थी। तीन अक्तूबर को परवेज ने उसे फोन कर नेपाल भंसार कार्यालय में एक सामान पास कराने और मिलने के लिए बुलाया। इसके बाद परवेज उसे बाइक बाइक पर बैठाकर भैरहवां एयरपोर्ट चौराहा होते हुए लुंबिनी रोड स्थित मोतीपुर ले गया। मोतीपुर के पास एक ईंट भट्टे के गोदाम में पहले से आठ से 10 उसके अन्य साथी थे। वहां पहुंचने पर उसे बंधक बना लिया गया।

इसके बाद मोबाइल से आजाद अहमद के रिश्तेदारों को फोन कर चार लाख रुपये की फिरौती मांगी गई। जब रिश्तेदारों ने पैसे देने में आनाकानी की, तो एक युवक ने आजाद की कनपटी पर पिस्टल सटाकर जान से मारने की धमकी दी। देर रात युवक से फिरौती की रकम लेने के बाद उसे मारपीट कर सुनसान रास्ते पर फेंक दिया।इसके बाद परवेज उसे बाइक बाइक पर बैठाकर भैरहवां एयरपोर्ट चौराहा होते हुए लुंबिनी रोड स्थित मोतीपुर ले गया। मोतीपुर के पास एक ईंट भट्टे के गोदाम में पहले से आठ से 10 उसके अन्य साथी थे। वहां पहुंचने पर उसे बंधक बना लिया गया। इसके बाद मोबाइल से आजाद अहमद के रिश्तेदारों को फोन कर चार लाख रुपये की फिरौती मांगी गई। जब रिश्तेदारों ने पैसे देने में आनाकानी की, तो एक युवक ने आजाद की कनपटी पर पिस्टल सटाकर जान से मारने की धमकी दी। देर रात युवक से फिरौती की रकम लेने के बाद उसे मारपीट कर सुनसान रास्ते पर फेंक दिया।चाय के बहाने बुलाकर बनाया बंधक, 4 लाख वसूली फिरौती आजाद ने बताया कि उसने नेपाल विथरी थाने में शिकायत पत्र दिया है। वहीं कोतवाल सोनौली अजित प्रताप सिंह ने बताया कि इस मामले में उन्हें कोई जानकारी नही है।

## खेत लिखवाने के बहाने रची अपहरण की साजिश, लाखों की ठगी का आरोप

जन एक्सप्रेस। देवरिया

थाना क्षेत्र के सरौरा गांव में जमीन के सौदे के बहाने ठगी और अपहरण की साजिश का मामला सामने आया है। पीड़ित विपिन कुमार ने गांव के ही एक शख्स व उसके बेटों पर लाखों रुपये हड़पने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पीड़ित के अनुसार, उसके बड़े भाई आनंद रतन से गांव के एक शख्स ने कहा कि वह उसका खेत लिखवा दे। भरोसा कर आनंद रतन उसके साथ गोपालगंज चले गए, जहां 1.44 लाख रुपये का स्टांप पेपर तैयार कराया गया।

इसके बाद आरोपियों ने साजिश के तहत थाने में झूठी तहरीर दी कि आनंद रतन ने उनके पिता का अपहरण कर जबरन खेत लिखवा लिया है। जांच के दौरान उक्त शख्स ने स्वयं पुलिस को बताया कि वह अपनी मर्जी से गया था, उसका अपहरण नहीं हुआ।

# शव मिलने का मामला: डीएम देवरिया पहुंचीं घटनास्थल, किया निरीक्षण– बोलीं, 'बिना अनुमति पानी टंकी न साफ की जाए'

जन एक्सप्रेस। देवरिया



जिलाधिकारी रैंप के सहारे चढ़कर पांचवी मंजिल पर पहुंची वहां दरवाजे की कुंडी टूटी हुई मिली। इस पर उन्होंने प्राचार्य राजेश बरनवाल से सवाल पूछे। प्राचार्य कुंडी टूटने का समुचित उत्तर नहीं दे सके। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल मंगलवार को मेडिकल कॉलेज पहुंची। वह सीधे ओपीडी बिल्डिंग के पांचवे तल पर जाकर पानी की टंकी का निरीक्षण किया। इस टंकी में सोमवार को एक सड़ी गली लाश बरामद की गई थी। जिलाधिकारी रैंप के सहारे चढ़कर पांचवी मंजिल पर पहुंची वहां दरवाजे की कुंडी टूटी हुई मिली। इस पर उन्होंने प्राचार्य राजेश बरनवाल से सवाल पूछे। प्राचार्य कुंडी टूटने का समुचित उत्तर नहीं दे सके। इसके बाद डीएम छत पर गई। वहां से टंकी को दिखा। इसके बाद सीडीओ और पुलिस क्षेत्राधिकारी को अलग ले जाकर मंत्रणा किया। वापस आकर प्रिंसिपल से कहा कि जब तक अनुमति ना दी जाए आप अपने की टंकी को साफ नहीं करेंगे जो भी काम होगा अब पुलिस के लोग करेंगे। जिलाधिकारी ने तीन सदस्य जांच समिति भी गठित कर दी है। इसमें सीडीओ, सीआरओ और एडिशनल सीएमओ को शामिल किया गया है।

# कलावती हत्याकांड: 10 दिन बाद भी नहीं मिला कातिल, अब करीबी पर पुलिस को शक– धड़ से अलग कटा मिला था सिर

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

पुलिस ने मृतका की बहू उत्तरा देवी और भतीजे से घंटों पूछताछ की। दोनों के मोबाइल कब्जे में लेकर कॉल डिटेल व लोकेशन ट्रेस की, लेकिन कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं मिली।

पुलिस के अनुसार बहू ने कलावती के बेटे से दूसरी शादी की थी। पहले पति से एक बेटी है। जो पूछताछ के दौरान अक्सर मृतका की बहू अपने पास ही रखती है। कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के भुईंधरपुर गांव की 60 वर्षीय कलावती यादव की सिर कटी लाश मिलने के दस दिन बाद भी पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लगा है। 26 सितंबर की सुबह खेत किनारे सिर कटी लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गई थी। अब तक पुलिस ने करीब 200 लोगों से पूछताछ की, 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले, लेकिन कातिल का कोई निशान नहीं मिला।

पुलिस अब हत्या में घर के भीतर वाले एंगल पर फोकस कर रही है। मृतका के परिवार के दो सदस्यों पर शक जताया जा रहा है। भुईदरपुर गांव में बीते बृहस्पतिवार को कलावती देवी की गला काटकर हत्या कर दी गई थी। उनका सिर कपड़े में लपेटकर शव से करीब 500 मीटर दूर फेंका गया था।

कलावती देवी पति दर्शन यादव की मौत के बाद अपने दो बेटों, बहू और बेटी के साथ रहती थीं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि कलावती की गर्दन एक ही वार में काटी गई थी। नवरात्र के समय को देखते हुए पुलिस ने बलि की आशंका पर भी जांच की और गांव व आसपास के 10 तांत्रिकों से पूछताछ की।

भुईंधरपुर के दो तांत्रिकों की कॉल डिटेल खंगाली गई, जिनमें से एक मृतका का रिश्तेदार बताया जा रहा है। हालांकि, अब तक कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिला। विद्वानों ने भी यह आशंका खारिज की कि किसी विधवा की बलि दी जा सकती है।

पुलिस कैंप और गांव में डर का माहौल हत्या के बाद पुलिस गांव के पास स्थित चौराहे पर लगाकर लगातार ग्रामीणों से बयान दर्ज किए जा रहे हैं, लेकिन गांव में डर और अंधविश्वास का माहौल बना हुआ है। जिस रास्ते पर लाश मिली थी, वहां रात में अब कोई नहीं जाता। ग्रामीणों का कहना है कि आत्मा भटकती है। बच्चे स्कूल जाने से डरते हैं और लोग एक-दूसरे पर शक करने लगे हैं।

घरवालों से गहन पूछताछ, बहू और भतीजे पर नजर पुलिस ने मृतका की बहू उत्तरा देवी और भतीजे से घंटों पूछताछ की। दोनों के मोबाइल कब्जे में लेकर कॉल डिटेल व लोकेशन ट्रेस की, लेकिन कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं मिली। पुलिस के अनुसार बहू ने कलावती के बेटे से दूसरी शादी की थी। पहले पति से एक बेटी है। जो पूछताछ के दौरान अक्सर मृतका की बहू अपने पास ही रखती है। पुलिस अब बहू की बेटी से पूछताछ करने की तैयारी में है।

दो गड़ासे और झोला बने रहस्य

घटनास्थल से दो गड़ासे और एक झोला बरामद हुआ। परिवार ने साफ कहा कि ये औजार कलावती के नहीं थे। पुलिस अब इनके फिंगरप्रिंट और डीएनए रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिससे हत्यारे की पहचान संभव हो सकती है।

डॉग स्क्वॉड बार-बार लौटा कलावती के घर डॉग स्क्वॉड टोनी को कलावती के कपड़े सुंघाए गए तो वह बार-बार उनके घर और आसपास ही घूमता रहा। इससे पुलिस को यकीन हुआ कि हत्या किसी करीबी या परिचित ने ही की है।

## छात्रा से अश्लील हरकत, दुपट्टा फाड़ा...गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 10वीं की छात्रा से सोमवार सुबह स्कूल जाते समय एक शोहदे ने खेड़खानी की और विरोध करने पर दुपट्टा फाड़ दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। छात्रा की मां की तहरीर पर पुलिस ने खड्डा थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव के नौका टोला निवासी हरेंद्र पटेल के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। हनुमानगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली छात्रा खड्डा थाना क्षेत्र के एक स्कूल में 10वीं में पढ़ती है। तहरीर के अनुसार, नौका टोला निवासी हरेंद्र पटेल अक्सर स्कूल जाते समय उसपर छींटाकशी करता था। सोमवार को छात्रा साइकिल से स्कूल जा रही थी। रास्ते में धर्मकांटा के पास हरेंद्र ने छात्रा को जबरन रोक लिया और छेड़खानी करने लगा। छात्रा ने विरोध किया तो उसके साथ हाथापाई करने लगा और दुपट्टा भी फाड़ दिया।

# गोरखपुर राप्ती तट पर प्रतिमा विसर्जन ने भरा बच्चों का 'गुल्लक', हो गई दिवाली की तैयारी

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गोरखपुर में राप्ती तट पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए बने कृत्रिम तालाब बच्चों के लिए खजाना साबित हुए जहाँ उन्होंने सिक्के जमा किए। नगर निगम ने तालाबों की सफाई की जिसमें 50 कर्मचारी लगे रहे और कचरा निकाला गया। ग्रामीणों ने साड़ी-चुनरी और बांस-बल्ली भी इकट्ठा किए जिनका उपयोग वे अपनी जरूरतों के लिए करेंगे। निगम ने तालाबों को पूरी तरह से साफ़ कर दिया।

राप्ती तट पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए बनाए गए कृत्रिम तालाब ने बच्चों के गुल्लक भर दिए। सोनी, ममता, रोहन, महेश समेत आसपास के इलाकों के कई बच्चे रविवार को इस तालाब में गोता लगाकर चढ़ावा के रूप में चढ़ाए गए सिक्के निकालने के लिए जुटे रहे। रविवार सुबह तक तो कई बच्चों ने 1000 से डेढ़ हजार रुपये तक के सिक्के इकट्ठा कर लिए थे। हालांकि यह थोड़ा सा जोखिम भरा काम भी था क्योंकि विसर्जन के बाद इसमें कई नुकीले वस्तुएं भी प्रतिमाओं के साथ विसर्जित की गई थी। संयोग अच्छा था कि किसी भी बच्चे को कोई चोट नहीं आई। दूसरी तरफ नगर निगम की टीम कृत्रिम तालाब की सफाई में जुटी रही।

मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगर निगम की ओर राप्ती नदी के तट पर तीन, डोमिनगढ़ और महेशरा में एक-एक कुल पांच कृत्रिम तालाब बनाए गए हैं। इन तालाबों में करीब 1300 प्रतिमाएं विसर्जित की गई। नगर निगम की ओर से प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

वहीं विसर्जन के बाद तालाबों से अपशिष्ट पदार्थों को निकालने के लिए भी निगम की टीम शुक्रवार से ही लगी हुई थी।

निगम के करीब 50 कर्मचारियों ने तालाब से प्रतिमाओं के ढांचे के लिए लगाए गए बांस-बल्ली, लकड़ी के टुकड़े और पुआल निकाल कर एक तरफ इकट्ठा कर दिया। रविवार दोपहर बाद कृत्रिम तालाबों को पूरी तरह से साफ कर दिया गया।

रविवार दोपहर तालाबों की सफाई करा रहे नगर निगम के सफाई सुपरवाइजर राम गोपाल मिश्रा ने बताया कि पिछले तीन दिनों के दौरान छह ट्रैक्टर ट्राली से प्रतिमाओं के अपशिष्ट को लगातार निकालने का काम चला है। पहले और दूसरे दिन तो इन ट्रालियों से करीब 10-10 फेरों में अपशिष्टों को निकाला गया। रविवार को भी करीब 30 ट्राली बांस-बल्ली, पुआल आदि निकलकर किनारे रखे गए। रविवार को तालाब पूरी तरफ साफ कर दिए गए।

# विज्ञान और टीएलएम प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए गए मॉडल

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



शहर के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज परिसर में सोमवार को जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी और टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वोल छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। जिला समन्वयक माध्यमिक विष्णु प्रभाकर पांडेय ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्रों के लिए टीएलएम की उपयोगिता को समझाते हुए बताया कि इसके द्वारा छात्रों और शिक्षकों का बौद्धिक स्तर ऊंचा उठाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि टीएलएम का उपयोग कर शिक्षण कार्य किया जाएगा, जिसमें छात्रों को समझाना आसान होगा। इसके बाद निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. अमित कुमार वर्मा, डॉ. संजय सिंह, डॉ. आनंद गोंड, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संजय सिंह, डॉ. शिवनाथ चक्रवर्ती, डॉ. वेदशंकर गुप्ता और डॉ. धनंजय चतुर्वेदी ने प्रदर्शनी में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र और शिक्षको के नाम की घोषणा की। जिसमें प्रथम स्थान पर अनन्या पांडेय, द्वितीय स्थान पर अमन वर्मा और रितिका श्रीवास्तव को तृतीय स्थान मिला। इसके अलावा नंदनी गुप्ता, जोहरा वारसी, आलोक, नीतू चौरसिया को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। सफल ये सभी मेधावी नौ अक्तूबर को पीएम श्री एडी राजकीय कन्या इंटर कॉलेज गोरखपुर में आयोजित मंडल स्तरीय विज्ञान एवं टीएलएम प्रदर्शनी में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान मानीक चंद्र, रिजवान अहमद, सुमित गोविंद राव आदि मौजूद रहे।

## युवक की मौत, पिता ने लगाया हत्या का आरोप

जन एक्सप्रेस। देवरिया

क्षेत्र के परसौनी गांव के एक युवक की मौत को लेकर परिजनों ने गांव के ही एक परिवार पर हत्या करने का आरोप लगाया है। युवक के पिता भरत गोंड ने आरोप लगाया कि उनके बेटे राजन (29) की रंजिशन पिटाई की गई थी। इससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को तहरीर में देकर बताया कि उनके गांव के एक परिवार से पुरानी रंजिश चली आ रही है। इसी रंजिश के तहत 21 सितंबर को आरोपितों ने घर में घुसकर उनके बेटे राजन की बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर हालत में उसे भटनी से मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया था, जहां शनिवार को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पिता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

# सौतेले पिता ने मासूम को दो बार जमीन पर पटका, सिर पर चोट लगने से हुई मौत

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



बस्ती जिले के वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के पाल टोला ननदापुर व वर्तमान में खलीलाबाद निवासी जानकी ने पति रामकेश पर बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। तहरीर में बताया कि 29 सितंबर की शाम करीब सात बजे उसका पति तीन हजार रुपये मांग रहा था।

चार वर्षीय मासूम की मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पर्दाफाश हुआ है कि बच्चे की मौत सिर में गंभीर चोट लगने से हुई। आरोपी सौतेले पिता ने गुस्से में आकर बच्चे को दो बार जमीन पर पटक दिया था। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक, बस्ती जिले के वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के पाल टोला ननदापुर व वर्तमान में खलीलाबाद निवासी जानकी ने पति रामकेश पर बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। तहरीर में बताया कि 29 सितंबर की शाम करीब सात बजे उसका पति तीन हजार रुपये मांग रहा था। रुपये न होने पर जब जानकी ने मना किया, तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। इसी दौरान उसका चार वर्षीय बेटा आदर्श खेलते हुए कमरे में आ गया। आरोपी रामकेश ने गुस्से में बच्चे को पकड़कर दो बार जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके मुंह और सिर से खून निकलने लगा।

शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और घायल बच्चे को अस्पताल ले गए। आदर्श को पहले निजी अस्पताल में दो दिन इलाज कराया गया, लेकिन रुपये की कमी के कारण बाद में शनिवार को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान बच्चे की हालत बिगड़ती गई और सोमवार दोपहर उसकी मौत हो गई।

मां जानकी अपने परिजनों के साथ मेडिकल चौकी पहुंची, जहां पंचनामा की कार्यवाही पूरी होने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। रिपोर्ट में सिर की गंभीर चोट से मौत की पुष्टि हुई है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

# जौनपुर में सुईथाकला ब्लॉक प्रमुख द्वारा जारी निविदा पर लगी रोक

## पूर्ण हो चुके अथवा निर्माणाधीन कार्यों की निविदा देने का आरोप

**जन एक्सप्रेस की खबर का असर**

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

सुईथाकला ब्लॉक में निविदा प्रक्रिया को लेकर उठे सवालों के बाद अब प्रशासन हरकत में आ गया है। जन एक्सप्रेस में प्रकाशित खबर का बड़ा असर देखने को मिला है। ब्लॉक प्रमुख द्वारा जारी की गई निविदा पर सोमवार को खंड विकास अधिकारी खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह ने तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। साथ ही, पूरे मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट तलब की गई है।

यह कार्रवाई उन शिकायतों के बाद की गई है, जिसमें निविदा में ऐसे कार्यों को शामिल किए जाने का आरोप है, जो पहले ही पूरे हो चुके हैं या फिर वर्तमान में निर्माणाधीन हैं। जन प्रतिनिधियों का आरोप है कि यह निविदा नियमों की खुली अवहेलना है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### पूर्व प्रमुख और बीडीसी सदस्यों ने उठाई थी आवाज

पूर्व ब्लॉक प्रमुख व वर्तमान बीडीसी सदस्य कविता वर्मा समेत लगभग एक दर्जन क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने इस मुद्दे को लेकर आवाज उठाई थी। इन जन प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया था कि वर्तमान प्रमुख विद्या देवी क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा दिए गए प्रस्तावों को नजरअंदाज कर मनमाने ढंग से कार्यों का चयन कर निविदा जारी कर रही हैं।

इतना ही नहीं, जिन कार्यों को महीनों पहले पूरा किया जा चुका है या जो अभी बन ही रहे हैं,

उन्हें भी दोबारा निविदा सूची में डाल दिया गया है।





### खंड विकास अधिकारी ने की सख्त कार्रवाई

खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह ने मामले की गंभीरता को समझते हुए निविदा प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि, जन प्रतिनिधियों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच के लिए समिति गठित की गई है। समिति को एक सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल निविदा पर रोक लगा दी गई है।

### जांच रिपोर्ट के बाद होगी अगली कार्रवाई

फिलहाल पूरे प्रकरण की जांच जारी है और सभी की नजरें अब जांच कमेटी की रिपोर्ट पर टिकी हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या रिपोर्ट में ब्लॉक प्रमुख की कार्यशैली पर लगे आरोप सही साबित होते हैं या नहीं। लेकिन इतना तय है कि जन एक्सप्रेस की खबर ने एक बार फिर जिम्मेदारों को उनके दायित्वों की याद दिला दी है।



**जन एक्सप्रेस ने प्रमुखता से उठाया था मुद्दा**

20 सितंबर और 6 अक्टूबर को जन एक्सप्रेस में इस गंभीर मामले को प्राथमिकता से प्रकाशित किया गया था। इसके बाद ब्लॉक स्तर पर हलचल मच गई थी। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचकर जिलाधिकारी से भी लिखित शिकायत की थी, जिसमें मानदेय भुगतान न होने की बात भी प्रमुखता से कही गई।

# करवाचौथ के लिए श्रृंगार और पूजा सामग्री की जमकर खरीदारी जारी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

महिलाओं के लिए करवाचौथ विशेष महत्व रखता महिलाएं समय से इसकी तैयारी में जुट गई हैं। शुक्रवार को करवाचौथ है। करवाचौथ को लेकर मछलीशहर तहसील क्षेत्र के मछलीशहर और मुंगराबादशाहपुर कस्बों सहित स्थानीय बाजारों में मंगलवार को श्रृंगार और पूजा सामग्री की खरीदारी सुहागिनों ने की। मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण बाजार में कामकाजी महिलाएं बड़ी संख्या में खरीदारी करने पहुंची। मछलीशहर कस्बे में तहसील रोड पर करवाचौथ व्रत को लेकर कई दुकानें सजी हुई हैं। आभूषणों और कपड़ों की दुकानों पर बड़ी संख्या में महिलाएं खरीदारी करने पहुंची। बाजारों में साड़ी, कास्मेटिक, सजावटी पूजा की थाली,पीतल का लोटा,सजी हुई चलनी, करवा चौथ व्रत कथा की पुस्तक,धूप,दीप आदि सामग्री की खरीदारी सुहागिनों ने की। बाजार में ग्राहकों की भीड़ देखकर दुकानदारों के चेहरों पर रौनक दिख रही है। खरीदारी का यह सिलसिला अगले दो दिन इसी तरह जारी रहने की उम्मीद है। मछलीशहर कस्बे में ब्यूटी कलेक्शन की दुकान चलाने वाली शिपा कहतीं हैं कि न केवल ब्यूटी पार्लर बल्कि मेहंदी लगाने की दुकानों पर भी अगले दो दिन भीड़ रहेगी। बंधवा बाजार में करवा बनाने वाले रवीन्द्र प्रजापति कहते हैं कि हम लोगों को भी इस पर्व का पूरे साल इंतजार रहता कि कुछ कमाई हो जायेगी

# मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर बढ़ाया हौसला

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



अखिल भारतीय प्रजापति कुम्भकार महासंघ द्वारा जिलाध्यक्ष राम मिलन प्रजापति के संयोजन में बड़े वन स्थित विजय मैरेजहाल में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अशोक कुमार प्रजापति, विशिष्ट अतिथि पुरूषोत्तमनाथ प्रजापति, प्रोफेसर राम कोमल प्रजापति, डा. ए.पी. भार्गव, संजय कुमार प्रजापति, डा.अनिल प्रजापति आदि आदि ने कहा कि शिक्षा की वह मूल आधार है जिससे प्रजापति समाज की समस्याओं का हल निकलेगा। कहा कि अपने पाल्यों को शिक्षित अवश्य करें जिससे वे देश के सुयोग्य नागरिक बने। अतिथियों ने विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों से चयनित 123 मेधावी छात्र-छात्राओं को सन्तराम बीए प्रज्ञा सम्मान समारोह में मेडल और प्रमाण-पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

मुख्य वक्ता हिमांशु मोहन, अतिथि दिनेश कुमार प्रजापति, अविनाश प्रताप प्रजापति, बलिहारी प्रजापति, जर्नादननाथ प्रजापति, राम प्रसाद, ओम प्रकाश प्रजापति, राजेन्द्र प्रसाद चक्रधारी, राम सागर प्रजापति, सुरेन्द्र कुमार प्रजापति, शिवशंकर प्रजापति, रमाकान्त प्रजापति, दीनदयाल प्रजापति, किरन प्रजापति, जय-जय राम प्रजापति, आदि ने प्रजापति समाज के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक मोर्चो पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कहा कि प्रजापति समाज के सबल लोग यदि जरूरतमंदों की मदद की दिशा में पहल करें तो समाज की नई पीढी को ताकत मिलेगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक चन्द्रभान प्रजापति, नरसिंह प्रजापति, राम औतार प्रजापति आदि ने छात्रों का आवाहन किया कि जीवन में कितनी भी मुश्किलें आयें शिक्षा जारी रखें। संचालन हरिकेश प्रजापति और अध्यक्षता चुन्नीलाल प्रजापति ने किया।

कार्यक्रम मुख्य रूप से महेन्द्रनाथ प्रजापति, अमित प्रकाश प्रजापति, भगवानदीन प्रजापति, नेबूलाल प्रजापति, राम मूरत प्रजापति, कृष्ण कुमार प्रजापति, रामजेत, राजेश कुमार प्रजापति, जवाहरलाल प्रजापति, सन्तोष प्रजापति, धर्मेन्द्र प्रजापति, मृत्युंजय कुमार प्रजापति, दिनेश कुमार, छविलाल प्रजापति, सुरेन्द्र कुमार, आशुतोष प्रजापति, परशुराम प्रजापति, गजेन्द्र कुमार प्रजापति, मधुसूदन प्रजापति, विष्णुदत्त प्रजापति, इन्द्रेश प्रजापति, अभिषेक प्रजापति, प्रजापति, मेहीलाल, महिला प्रकोष्ठ से सभासद अमरावती प्रजापति, विमला, रेणुका प्रजापति, पूनम, शिखा, जनक दुलारी, माधुरी, सुभावती, गरिमा, प्रतिष्ठा, सुषमा, प्रियंका, संध्या रानी, नीलम, लक्ष्मी, अनीता के साथ ही प्रजापति समाज के अनेक लोग शामिल रहे।

# जौनपुर में दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

## जौनपुर पुलिस के ऑपरेशन कनविक्शन का मिला बड़ा परिणाम



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन और मिशन शक्ति-5 अभियान के तहत जौनपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रभावी विवेचना और अभियोजन द्वारा मजबूत पैरवी के परिणामस्वरूप जफराबाद थाना क्षेत्र से जुड़े दुष्कर्म के एक मामले में न्यायालय ने आरोपी को कठोर सजा सुनाई है।

जानकारी के अनुसार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट रेप द्वितीय, जौनपुर की अदालत ने मु0अ0सं0-100/2019 धारा 363, 366, 376 भादवि व 5/6 पॉक्सो एक्ट थाना जफराबाद से संबंधित मामले में आरोपी बखेडू निषाद पुत्र मेवालाल निषाद निवासी जमैथा, शिवपुर थाना जफराबाद, जनपद जौनपुर को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 25,000 के अर्थदंड से दंडित किया है। जौनपुर पुलिस ने इसे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत न्याय दिलाने की दिशा में एक बड़ी सफलता बताया है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं से जुड़े गंभीर अपराधों में त्वरित विवेचना और प्रभावी पैरवी कर दोषियों को कड़ी सजा दिलाना ही अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

# रिक्शा को पिकप ने मारी टक्कर, 5 लोग घायल, एक की हालत गम्भीर



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

केराकत, स्थानीय कोतवाली अंतर्गत शहाबुद्दीनपुर पचवर दुर्गा माता मंदिर के सामने सोमवार को सवारी भरकर ले जा रहे ई-रिक्शा को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दिया। टक्कर में ई -रिक्शा में सवार 5 लोग घायल हो गये। टक्कर की आवाज सुनकर आस–पास के लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ से किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिस पर पहुंचकर पुलिस ने घायलों के उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां चिकित्सकों ने घायलों में पसेवा गांव निवासी जिउत चौहान की स्थिति गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं अन्य 4 घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। पुलिस ने चालक समेत पिकअप को हिरासत में लेकर जांच–पड़ताल शुरू कर दिया है।

# केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी 30 को आयेंगे बस्ती, रालोद ने झोंकी ताकत



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

राष्ट्रीय लोकदल की तैयारी बैठक मंगलवार को राजभवन में जिलाध्यक्ष सर्वेश वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 30 अक्टूबर को देशराज नारंग इण्टर कालेज के परिसर में लौह पुरूष भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी के आगमन की रूप रेखा पर निर्णय लिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि रालोद पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की नीति, कार्यक्रमों को निरन्तर आगे बढा रही है जिससे किसानों, नौजवानों के जीवन में खुशहाली आये। उन्होने पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं का आवाहन किया कि वे अपने स्तर पर 30 अक्टूबर के कार्यक्रम की सफलता में जुट जाय। युवा लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ऐश्वर्यराज ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिये तैयारियां तेज कर दी गई है। बड़ी संख्या में युवा लोकदल के कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे।

क्षेत्रीय अध्यक्ष विवेक चौधरी ने कहा कि यह सुखद अवसर है कि पटेल जयंती पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी बस्ती आ रहे हैं। प्रदेश महासचिव अरूणेन्द्र पटेल ने कहा कि सांगठनिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है।

तैयारी बैठक में मुख्य रूप से रजनीकान्त मिश्र, राधेश्याम चौधरी, महिपाल पटेल, अशोक सिंह, विपिन सिंह, सतीश दूबे, शोभनाथ चौधरी, इरफान अहमद, गीता वर्मा, शिवराम चौधरी, श्रीराम मौर्य, इन्द्रबहादुर यादव, शिवम पटेल, बब्बू खान, राधेश्याम यादव, अभय पटेल, चन्द्रभूषण सिंह, दिग्विजयनाथ यादव, विकास वर्मा, सत्य प्रकाश, वकास अहमद, जितेन्द्र शर्मा, साहिल सिंह, अतुल सिंह, अजय सिंह, रायअंकुरम श्रीवास्तव, जंग बहादुर चौधरी, दीपक पाण्डेय, शिव कुमार गौतम, शिवराम चौधरी, अरविन्द त्रिपाठी, सतीश कुमार दूबे, अरविन्द तिवारी, ब्रम्हानन्द के साथ ही रालोद के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पसेवा गांव में 100 के विवाद पर दोस्त ने की दोस्त की हत्या





**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर जिले के केराकत कोतवाली क्षेत्र के पसेवा गांव में सोमवार की रात एक मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। शराब के केवल ?100 के लेनदेन को लेकर हुए झगड़े में एक दोस्त ने अपने ही दोस्त की जान ले ली। इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है।

जानकारी के अनुसार, पसेवा गांव निवासी अरविंद चौहान (35) का सोमवार रात अपने साथी मुकेश हरिजन से शराब के ?100 को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों के बीच कहासुनी मारपीट में बदल गई। इस दौरान मुकेश ने अरविंद पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी त्रिवेणी सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर पुलिस प्रशासन तैनात है और मामले की जांच की जा रही है।

मृतक की भाभी मनीषा देवी ने आरोप लगाया कि मुकेश हरिजन ने ?100 के विवाद में उनके देवर की हत्या की है। मृतक अरविंद चौहान पेशे से पेड़ काटने का काम करते थे। उनके पिता स्वर्गीय लाल जी चौहान, माता प्रेम देवी हैं। पत्नी गुड़िया देवी पंजाब में एक कंपनी में काम करती हैं। अरविंद अपने पीछे दो बच्चे – अर्जुन 12 वर्ष और कृष्ण 8 वर्ष छोड़ गए हैं।

गांव में घटना को लेकर शोक की लहर है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# नाबालिग के साथ बलात्कार के आरोपी को मुण्डेरवा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



कानून व्यवस्था मजबूत करने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के क्रम में थाना मुण्डेरवा पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार के मामले में लंबे समय से वांछित आरोपी रामसागर पुत्र कल्लू, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम मचखिरिया थाना पुरानी बस्ती को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनंदन के दिशा-निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी रूधौली स्वर्णिमा सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मुण्डेरवा प्रदीप कुमार सिंह की अगुवाई वाली टीम द्वारा की गई। गिरफ्तारी ने अपराधियों को स्पष्ट संदेश दिया है कि कानून के शिकंजे से कोई नहीं बच सकता।

थाना मुण्डेरवा में दर्ज मुकदमा संख्या 174/2025 में आरोपी पर धारा 70(2), 115(2), 351(3) बीएनएस और 5/6 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज था। पुलिस ने आरोपी को ग्राम मचखिरिया थाना पुरानी बस्ती से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान टीम ने पूरी सतर्कता और रणनीति का परिचय दिया, जिससे आरोपी को बिना किसी प्रतिरोध के हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी रामसागर को आवश्यक विधिक कार्यवाही के बाद अग्रिम कार्रवाई हेतु माननीय न्यायालय बस्ती भेजा गया।

गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के साथ कामोद कुशवाहा और अमित यादव भी शामिल थे। पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनंदन ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का यह एक अहम हिस्सा है और इस प्रकार की कार्रवाई से आम जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। उन्होंने जनता से अपील की कि यदि किसी को किसी संदिग्ध गतिविधि या अपराध की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

इस गिरफ्तारी से यह स्पष्ट संदेश गया है कि नाबालिगों के खिलाफ किसी भी प्रकार का अपराध सहन नहीं किया जाएगा। थाना मुण्डेरवा पुलिस ने अपनी तत्परता और कुशलता से यह साबित किया कि अपराधी चाहे कितने भी चालाक क्यों न हों, कानून हमेशा उन्हें पकड़ेगा। इस कार्रवाई से न केवल आरोपी को न्याय के कटघरे में लाया गया है, बल्कि अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में भी मुण्डेरवा क्षेत्र में एक अहम सफलता मिली है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### वृद्धाश्रम विवाद में प्रबंधक सहित चार की सेवा समाप्त

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के पटेंगरा नाला स्थित एक वृद्धाश्रम में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हुए विवाद में सोमवार को कार्रवाई की गई। वृद्धाश्रम का संचालन करने वाले एनजीओ के स्टेट कोआर्डिनेटर दिवाकर शुक्ला ने वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। विवाद के आरोपी प्रबंधक सहित चार की सेवा समाप्त कर दी। अब वहां नई तैनाती की जाएगी। आरोप है कि वृद्धाश्रम में काम करने वाली महिला नर्सिंग स्टाफ व एक महिला केयरटेकर में एक साड़ी के लिए विवाद हुआ था। इसके बाद स्टाफ और केयर की तहरीर पर दोनों पक्षों पर से तीन–तीन लोगों का शांतिभंग में चालान किया गया था। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बुधवार को वृद्धाश्रम में कार्यक्रम हुआ था। पुरुषों को कुर्ता पाजामा व महिलाओं में साड़ी का वितरण किया गया। इसमें एक साड़ी बच गई थी। इसके लिए विवाद हो गया था। मामला पुलिस तक पहुंच गया। एक पक्ष से अनीता वर्मा निवासी चेहरा थाना जिगना, राजा व अंकित और दूसरे पक्ष से नीलम देवी निवासी तिवारी का पुरा उनके पति ज्ञानेश्वर प्रसाद व हरिकिशन का शांति भंग में चालान किया गया था। जिला समाज कल्याण अधिकारी रामविलास ने बताया कि इसकी सूचना एनजीओ के संचालक को दे दी गई थी। उन्होंने सोमवार को प्रबंधक समेत चार लोगों की सेवा समाप्त कर दी है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने वृद्धाश्रम की निगरानी के लिए छह सदस्यों की टीम बना दी है। इसमें एक व्यक्ति एक दिन वृद्धाश्रम की निगरानी कर रिपोर्ट देगा। उन्होंने बताया कि वृद्धाश्रम में 40 महिला व 40 पुरुष वृद्ध रहते हैं।

### सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में होगी परीक्षा

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को बैठक कर 12 अक्टूबर को होने वाली राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की गई।जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने आयोग से आए हुए पर्यवेक्षक मो. स्माइल सहित परीक्षा केंद्रों के प्राचार्य/केंद्र व्यवस्थापकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर तैयारियों के संबंध में जानकारी लेते हुए दिशा निर्देश दिए। बताया कि परीक्षा दो सत्रों में सुबह साढ़े नौ बजे से 11:30 बजे तक व दोपहर 02:30 बजे से 04:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के प्रश्नपत्रो के सील्ड बंडलो को जनपद में आने पर कोषागार में डबल लाक में रखवनो की व्यवस्था जिलाधिकारी के निर्देश पर किया गया हैं। परीक्षा के लिए 17 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई हैं। प्रत्येक केंद्रों पर परीक्षा कक्ष में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा बाहर शौचालय पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। परीक्षा कक्ष में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा चालू हालत में रहे। जिलाधिकारी ने वाराणसी खंड स्नातक व खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण के लिए आवेदन के सत्यापन के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को नोडल अधिकारी बनाया है।

# पूर्वांचल युवा महोत्सव के पूर्व तीन दिवसीय ऑडिशन प्रोग्राम की हुई शुरूआत

## गणेश वंदना पीहू खरे के द्वारा मनमोहक नृत्य से की गई शुरूआत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

पूर्वांचल के उभरते कलाकारों को बेहतर मंच देकर उनकी कलाओं को प्रदर्शित करने बेहतर अवसर और विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वालों को पुरस्कृत कर उनका सम्मान बढ़ाने का काम करने वाले पूर्वांचल युवा महोत्सव के आगाज से पूर्व मंगलवार को शहर के मुक्तेश्वर प्रसाद महाविद्यालय में पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों से आए कलाकारों का तीन दिवसीय ऑडिशन कार्यक्रम की शुरुवात मंगलवार को सी ओ सीटी देवेश कुमार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापण कर शुरुवात की और महोत्सव के आगाज में अपना पूरा सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम की शुरुवात पीहू खरे ने गणेश वंदना के साथ की। पूर्वांचल युवा महोत्सव के अध्यक्ष व आयोजक डॉ दिनेश कुमार तिवारी ने बताया की यह महोत्सव एल के चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से विगत तीन वर्षों से आयोजित हो रहा है जिसमें पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों से आए कलाकार अपनी प्रतिभा जैसे डांसिंग सिंगिंग आर्ट वादन आदि का प्रदर्शन करते है। और उनको यहां से बेहतर मंच भी मिल रहा है। और किसी भी क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित करने का काम करता है।इस वर्ष पूर्वांचल युवा महोत्सव 23 24 व 25 अक्टूबर नव दुर्गा मंदिर विसर्जन घाट पर आयोजित होने वाला है।इस तीन दिवसीय ऑडिशन के जरिए कलाकारों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है।

पूर्वांचल युवा महोत्सव के संरक्षक इंद्रभान सिंह इंदु प्रोफेसर समर बहादुर सिंह प्रोफेसर मनोज मिश्रा आदि ने अपने संबोधन में आयोजक सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर उपेन्द्र मिश्रा निवेदिता राय महेंद्र विश्वकर्मा महेंद्र गुप्ता संजय दुबे राकेश सिंह सहित सभी आयोजक गण उपस्थित रहे।

# पिटाई से घायल मेडिकल के छात्र की 15 दिन बाद मौत

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर**



जिले के समसपुर स्थित एपेक्स कॉलेज में 15 दिन पहले मारपीट में घायल छात्र संस्कार गुप्ता की सोमवार की सुबह इलाज के दौरान वाराणसी के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस आरोपियों पर हत्या की धारा बढ़ाते हुए विवेचना में जुट गई है। बिहार के रोहतास जिले के थाना चेनारी निवासी बीएमएस के छात्र संस्कार गुप्ता और तेलीबाग लखनऊ निवासी आयुष राज को 21 सितंबर को कॉलेज के ही छात्र नागेंद्र भाटिया ने कॉलेज मैदान पर बुलाया था। दो दिन पहले डांडिया खेलने के लिए हुए विवाद में नागेंद्र और उसके साथी विशाल पांडेय व तेज प्रकाश यादव ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया। हमले में आयुष राज बेहोश हो गया, जबकि संस्कार गुप्ता के सिर में गंभीर चोटें आईं। दोनों छात्रों का प्रारंभिक इलाज कॉलेज के अस्पताल में हुआ था। एक दिन बाद संस्कार गुप्ता की तबीयत बिगड़ गई। उसे वाराणसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीनों आरोपियों नागेंद्र भाटिया, विशाल पांडेय व तेज प्रकाश यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। कोतवाल विजय शंकर सिंह ने बताया कि मामले में अब हत्या की धारा बढ़ा कर कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस ने किया रन फॉर इम्पावरमेन्ट कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

नारी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के लिए संचालित मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अन्तर्गत रन फार इमपावरमेन्ट को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया।

महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता हेतु उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान संचालित किया जा रहा है इसी क्रम में महिला सशक्तिकरण हेतु आज जिलाधिकारी कन्नौज आशुतोश मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा पुलिस लाइन से दौड़ प्रतियोगिता का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। यह दौड पुलिस लाइन से प्रारम्भ होकर पुलिस लाइन मोड पेट्रौल पम्प से होकर पुनः पुलिस लाइन तक की गयी।




इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। इसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों की 200 से अधिक छात्राओं एवं पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया और समाज को महिला सुरक्षा का सशक्त संदेश दिया। प्रतिभागियों ने नारी सुरक्षा - नारी सम्मान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण ही राष्ट्र सशक्तिकरण जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से समाज में जागरूकता का संचार किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि महिला सुरक्षा व सम्मान केवल पुलिस या प्रशासन की नहीं बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। मिशन शक्ति का लक्ष्य है कि महिलाओं को हर स्तर पर सुरक्षित वातावरण मिले और वे निर्भीक होकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हों। कन्नौज पुलिस सदैव महिलाओं की सुरक्षा और सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं एवं पुलिसकर्मियों को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओ में प्रथम स्थान नीरजा, युवा फिजिकल एकेडमी, कन्नौज, द्वितीय स्थान खुशबू, युवा फिजिकल एकेडमी एवम तृतीय स्थान रुचि यादव, युवा फिजिकल एकेडमी को मिला। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला पुलिसकर्मी प्रथम स्थान रुचिका, थाना तिर्वा, द्वितीय स्थान- ममता यादव, अभियोजन कार्यालय तृतीय स्थान नीलम रानी महिला थाना को मिला। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी लाइन/तिर्वा, क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रतिसार निरीक्षक लाइन, अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में घायल युवक जिला अस्पताल रेफर

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। एनएचएआई एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सक ने गंभीर हालत के चलते युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के छतई खेड़ा गांव निवासी राजकुमार 25 पुत्र ज्ञानू मंगलवार दोपहर में अपनी ससुराल उन्नाव जाने के लिए बाइक से निकला था। रास्ते में लखनऊ कानपुर राजमार्ग पर चमरौली मोड के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। एनएचएआई की एंबुलेंस से पहुंचे ईएमटी अंकुर यादव ने घायल को नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने युवक को गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# धर्म और सदाचार का मार्ग अपनाने की प्रेरणा देता है रामायण महाकाव्य: राकेश कर्रा

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



महर्षि वाल्मीकि की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। नगर पालिका परिषद क्षेत्र नवाबगंज अंतर्गत वाल्मीकि नगर वार्ड स्थित मंदिर परिसर मे आयोजित जन्म जयंती समारोह मे अनेक गणमान्य उपस्थित हुए। पवन वाल्मीकि द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महर्षि वाल्मीकि की पूजा अर्चना उपरांत प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने कहा कि आज का दिन महर्षि वाल्मीकि के जीवन से प्रेरित होकर आत्म-परिवर्तन, ज्ञान और भक्ति की शक्ति को दर्शाता है, जो सभी को धर्म और सदाचार का मार्ग अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने महाकाव्य रामायण की रचना की, जो भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। राकेश वर्मा ने आगे बताया कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण न केवल मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जीवन का वर्णन करती है, बल्कि यह धर्म, कर्तव्य और जीवन के उच्चतम मूल्यों को सिखाने वाला एक मार्गदर्शक ग्रंथ भी है। उन्हे संस्कृत के प्रथम कवि के रूप में भी जाना जाता है। इस मौके पर सूर्य प्रकाश वर्मा, अजीज अहमद अज्जू, बब्बू अरोड़ा आदि लोग मौजूद रहे।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर जनपदभर में हुए धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर आज जनपदभर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों एवं जिलाधिकारी श्री आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में वाल्मीकि मंदिरों में विविध सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कन्नौज नगर के काजीटोला स्थित वाल्मीकि मंदिर (नियर एसबीएस कॉलेज) में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने प्रतिभाग किया। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन कर विधि विधान के साथ हवन किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि न केवल रामायण के रचयिता थे बल्कि उन्होंने समानता, न्याय और ज्ञान के संदेश से समाज को दिशा दी। आज भी उनके विचार सामाजिक समरसता और सद्भाव की प्रेरणा देते हैं।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों व सामाजिक संस्थाओं ने भक्ति गीत, कविताएं और नाट्य प्रस्तुतियां दीं। जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए समाज में शिक्षा, भाईचारा एवं मानवता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

जनपद के सभी विकास खंडों एवं नगर निकायों में भी श्रद्धा व उत्साह के साथ भजन-कीर्तन, शोभा यात्राएं और प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित हुए। जिलाधिकारी ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सद्भावना और प्रेरणा का संचार करते हैं। इस अवसर पर जिला पर्यटन अधिकारी डाश एम मकबूल सहित अन्य संबधित उपस्थित रहे।

# सभी 33 पीएचसी और नगरीय केंद्रों पर लगा जन आरोग्य मेला



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

शासन के निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 03 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला में आज कुल 2873 मरीजों (1178 पुरूष, 1124 महिलायें एवं 571 बच्चे) को लाभान्वित किया गया। आयुष्मान योजना के तहत 16 गोल्डन कार्ड बनाकर वितरित किये गये, प्रत्येक केन्द्र पर चिकित्सकों के अतिरिक्त पैरामेडिकल कर्मी उपस्थित रहे।

नोडल अधिकारी आरोग्य स्वास्थ्य मेला डा0 जितेन्द्र कुमार उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं समस्त अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का भ्रमण किया गया।

मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में आने वाले रोगियों की निःशुल्क जॉच, उपचार, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण परिवार कल्याण, हैपेटाईटिस ष्बीष् एवं ष्सीष् कार्ड टेस्ट, टी0बी0 सम्भावित रोगियों की जॉच, नेत्र रोगियों का परीक्षण, गोल्डन कार्ड वनाये जाने आदि सेवायें प्रदान की गयी।

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद ''याचिका समिति'' की समीक्षा बैठक सम्पन्न'




**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

उत्तर प्रदेश विधान परिषद की ''याचिका समिति'' के सभापति अशोक अग्रवाल की अध्यक्षता में आज समीक्षा बैठक सर्किट हाउस स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने याचिका समीति के सभापति एवं सदस्यगणों का जनपद में हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया। जनपद में याचिका समिति के समक्ष एवं विचारार्थ लोक निर्माण विभाग एवं जिला पंचायत से सम्बन्धित प्रकरणों की एक-एक कर समीक्षा की गयी। जिसमें लोक निर्माण विभाग के 02 प्रकरणों में निर्देश दिए गये कि इसकी आख्या जिलाधिकारी के माध्यम से समिति को भेजी जाए एवं जिला पंचायत के सभी 03 प्रकरणों को निस्तारित किया गया। सभापति ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि याचिका समिति द्वारा भेजे गए विभिन्न संदर्भों के त्वरित निस्तारण के लिए जनपद में एक विशेष सेल का गठन किया जाए, जिससे प्रकरणों की निगरानी और अनुपालन प्रभावी हो सके।

समिति द्वारा प्रेषित संदर्भ और याचिकाओं का निस्तारण संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ किया जाए और उसकी सूचना समिति को समय पर भेजी जाए। उन्होनें निर्देश दिये कि वन विभाग नदियों के किनारे वृक्षारोपण/ नमोवन/ मियावाकी वन/ हरी शंकरी आदि लगवाए।

इसके उपरान्त समिति के सभापति एवं सदस्यगणों ने कन्नौज के विख्यात गौरी शंकर मंदिर के दर्शन किये।

बैठक में याचिका समिति के सदस्य रमा निरंजन, अनूप कुमार गुप्ता, मुकुल यादव, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस अफसर अर्पित कुमार, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# किशोरी ने घर में फांसी लगाकर की खुदकुशी

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र में एक किशोरी ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कोंडरा गांव निवासी प्रकाश की बेटी पुष्पा (17) मंगलवार सुबह घर पर अकेली थी। उसकी मां सावित्री खेत पर गई हुई थी, जबकि पिता पास ही पंचर की दुकान पर काम कर रहे थे। इसी दौरान किशोरी ने घर के अंदर बनी कच्ची कोठरी में छत की धन्नी से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद चचेरी बहन पूर्णिमा जब घर गई तो उसने पुष्पा को फांसी के फंदे पर लटकता देखा। घबराई बच्ची ने बाहर जाकर पास ही दुकान पर मौजूद पिता प्रकाश को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुष्पा को लटकते देखा तो हड़कंप मच गया। पुष्पा दो भाइयों पुष्पेंद्र और गोविंद में सबसे बड़ी थी। मृतका के चाचा रामब्रिज ने बताया कि पुष्पा कई सालों से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी और उसका इलाज जारी था। अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# असीम अरुण की पहल से कन्नौज के युवाओं को मिलेगी आधुनिक खेल सुविधा

## विधायक निधि से 24.99 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत, -रामलीला ग्राउंड पर बनेगा सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कन्नौज के युवाओं के खेल भविष्य को मजबूत बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने रामलीला ग्राउंड में बास्केटबॉल सिंथेटिक कोर्ट के निर्माण के लिए विधायक निधि से ?24.99 लाख की धनराशि स्वीकृत कर दी है।

राज्य मंत्री ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखकर परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने का निर्देश दिया है। इस काम के लिए यूपी सिडको को कार्यदायी संस्था के रूप में नामित किया गया है।

असीम अरुण ने कहा कि इस नए खेल परिसर के निर्माण से युवाओं को आधुनिक खेल सुविधाएं मिलेंगी और बास्केटबॉल समेत विभिन्न खेलों को बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना कन्नौज में खेल संस्कृति को नई दिशा देने और युवा प्रतिभाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# कोर्ट में बीडीए की गुहार

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

शासन के सामने बेहतर छवि प्रस्तुत करने के चक्कर में बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने रामगंगानगर आवासीय योजना के लिए जमीन का अधिग्रहण कर सैकड़ों किसानों को भूमिहीन कर दिया। उचित मुआवजा नहीं मिलने पर किसानों ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने किसानों को ब्याज सहित मुआवजा देने का आदेश बीडीए को दिया है। बीडीए इस आदेश को मानने के लिए तैयार नहीं है। प्राधिकरण ने कोर्ट में शपथपत्र देकर कहा है कि यदि वह ब्याज समेत मुआवजा अदा करेगा तो दिवालिया हो जाएगा। भूमि अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन प्राधिकरण (लारा) में बीडीए के वरिष्ठ विधि प्रभारी (संयुक्त सचिव) दीपक कुमार ने 26 सितंबर को शपथपत्र दिया है। इसमें उन्होंने रामगंगानगर के लिए ली गई 259 हेक्टेयर भूमि के संबंध में उन 23 मामलों का जिक्र किया है जो इजराय वाद से जुडे हैं।

# दस ग्राम सोना 1.23 लाख रुपये के पार

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

त्योहारी सीजन में सोने-चांदी की चमक बढ़ती जा रही है। माहभर में सोना प्रति दस ग्राम 11,500 रुपये बढ़त के बाद 1,23,500 लाख पर पहुंच गया है। वहीं, प्रति किलो चांदी के भाव 1,52,900 रुपये पहुंच गए हैं। कीमतों में गिरावट के आसार भी कम हैं।

बरेली के सराफा कारोबारियों के मुताबिक दो साल से सोने के भाव में तेजी दिख रही है। पिछले वर्ष दस अक्तूबर को सोना प्रति दस ग्राम करीब 78 हजार रुपये पर बिका था। 55 फीसदी उछाल के साथ सोमवार को यह 1,23,500 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया।

पिछले वर्ष दस अक्तूबर को चांदी का भाव 92 हजार रुपये प्रति किलो था जो अब 1,52,900 लाख रुपये पहुंच गया है। मानसून सीजन में भी इस वर्ष सोने-चांदी की चमक फीकी नहीं पड़ी। कारोबारियों का मानना है कि वैश्विक राजनीतिक, आर्थिक



अनिश्चितता की वजह से सोने-चांदी की कीमतों में तेजी बरकरार है।

सराफा कारोबारी संजीव औतार अग्रवाल के मुताबिक हालिया उछाल के बाद सोने में कुछ दिन के लिए ठहराव की उम्मीद है, लेकिन कीमतों में गिरावट के आसार कम हैं। कोई बड़ा अंतरराष्ट्रीय संकट खड़ा हुआ तो सोने-चांदी की कीमतों में फिर तेजी आ सकती है।

### गहनों के वजन और बजट में संतुलन नहीं बिठा पा रहे ग्राहक

बरेली सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल के मुताबिक कीमतों में तेजी की वजह से बाजार में निवेशकों की आवाजाही बढ़ी है। हालांकि, निम्न और मध्यम वर्ग के खरीदारों में कमी आई है। सहालग के लिए खरीदारी करने वाले प्रतिष्ठान पर पहुंच रहे हैं, लेकिन वह गहनों के वजन और अपने बजट में संतुलन नहीं बिठा पा रहे हैं।

### बाजार में आए एक ग्राम से भी कम वजन के गहने

आलमगिरीगंज के सराफा कारोबारी अंकुर शर्मा के मुताबिक कीमतों में बढ़त से आम आदमी के लिए दस ग्राम सोना खरीदना आसान नहीं रहा। इसे देखते हुए अब नोज रिंग, पिन, ईयर रिंग, अंगूठी आदि एक ग्राम से कम वजन में मंगा रहे हैं, ताकि खरीदार खाली हाथ न लौटें। आगामी करवाचौथ, धनतेरस के लिए विशेष रूप से मुंबई, राजस्थान, कोलकाता के कारीगरों को ऑर्डर दिए गए हैं।

# मौलाना तौकीर के करीबियों की संपत्तियों की पैमाइश, अवैध निर्माण पर चल सकता बुलडोजर

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

बरेली में बवाल कराने के मौलाना तौकीर रजा के करीबियों की संपत्तियों की पैमाइश शुरू कराई गई है। मौलाना के करीबी रहे डॉ. नफीस का जखीरा स्थित बरातघर ध्वस्त किया जा चुका है। चिह्नित की जा रही अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चल सकता है।

बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने बवाल के बाद सील की गईं 200 करोड़ की संपत्तियों के अभिलेख खंगाले हैं, ताकि विधिक प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ा जा सकें। आरोपियों और उनके करीबियों की संपत्तियों को चिह्नित करने का काम अभी थमा नहीं है। बताया गया है कि मानचित्र स्वीकृत नहीं है तो संपत्तियां सील की जाएंगी और अगर बगैर मानचित्र के निर्माण कराया गया है, अगर जमीन भी सरकारी है तो उस बुलडोजर चलना तय है।



अब तक की छानबीन में बरातघर, होटल, दुकानों और आवासीय भवन मानचित्र की शर्तों के विपरीत पाए गए हैं। फाइक एन्क्लेव में राजस्वकर्मी सीलिंग की जमीन पर कब्जे चिह्नित करने के लिए लगे हैं।

### कार्रवाई का शिकंजा

चार बरातघर सील, एक हुआ ध्वस्त बीडीए ने आरिफ का फहमलान, फ्लोरा गार्डन और उनकी पत्नी का स्काईलार्क होटल, फरीदापुर चौधरी स्थित पूर्व पार्षद वाजिद बेग का बेग पैलेस बरातघर, पार्षद मैहसर खां के पिता नासिर खां का गैराज और वर्कशॉप/ सपा पार्षद अब्दुल कय्यूम मुन्ना का बाइक शो-रूम सील किया है।

नौमहला मस्जिद के पास की मौलाना के करीबी नदीम की ओर से बनवाई गईं चार दुकानों, फाइक एन्क्लेव में फरहत का मकान, नरियावल में शराफत के बरातघर को सील किया गया है। मोहनपुर ठिरिया के प्रधान जाकिर का जिम और उनके करीबी इरफान का बर्फखाना भी सील किया गया है। इसके अलावा नगर निगम ने नावल्टी चौराहे के करीब पहलवान साहब की मजार के पास 74 दुकानों की मार्केट पर ताला डाला है।

# अमन और शांति का पैगाम देता है इस्लाम; कट्टरपंथी संगठनों की निंदा की

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने उन कट्टरपंथी संगठनों की निंदा की, जो धर्म का सहारा लेकर नौजवानों को भड़काती है। मौलाना ने कहा कि इस्लाम अमन और शांति का पैगाम देता है। इस्लाम में आतंकवाद, हिंसा और निर्दोषों की हत्या के लिए कोई स्थान नहीं है। निर्दोष लोगों की हत्या और अराजकता फैलाना इस्लामी शरीयत में किसी भी रूप में जायज नहीं ठहराया जा सकता। कुरआन कहता है कि जिसने एक बेगुनाह को कत्ल किया उसने पूरी इंसानियत को कत्ल किया।

इस्राइल और फलस्तीन की जंग के दो साल पूरे होने पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मंगलवार को प्रेसवार्ता की। उन्होंने इस्राइल और फलस्तीन की जंग के लिए हमास को जिम्मेदार बताया। कहा कि दो साल पहले सात अक्टूबर को हमास की हिंसक कार्रवाई ने न केवल इस्राइल-फलस्तीन संघर्ष को और भड़काया बल्कि लंबे समय से चल रही शांति प्रक्रिया को पूरी तरह पटरी से उतार दिया।

### हमास के गलत फैसलों से हुई हिंसा

मौलाना ने कहा कि कूटनीतिक प्रयासों और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के जरिए फलस्तीन के लिए न्यायसंगत समाधान की दिशा में कुछ उम्मीदें बन रही थीं, लेकिन हमास के गलत निर्णय ने पूरी प्रक्रिया को विफल कर दिया। इस कार्रवाई से इस्राइल को सैन्य कार्रवाई का बहाना मिला, जिससे दोनों पक्षों के बीच हिंसा और अविश्वास की खाई और गहरी हो गई। नतीजतन, जो राजनीतिक समाधान संवाद और कूटनीति से निकल सकता था, वह अब खून-खराबे और प्रतिशोध के चक्र में फंस गया है।

# सात इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगी पुलिस की सात टीमें

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

बरेली में 26 सितंबर को हुए बवाल में नामजद होने के बाद भागे मौलाना तौकीर रजा के सात करीबियों पर 15-15 हजार रुपये इनाम घोषित होने के बाद उनकी तलाश में पुलिस की सात टीमें लगाई गई हैं। एसएसपी ने संबंधित थानों की पुलिस टीम के साथ एसओजी, सर्विलांस समेत सात टीमों को इनकी तलाश में लगाया है। एसएसपी ने बताया कि आरोपी जल्दी नहीं मिले तो कोर्ट में आवेदन कर इनकी संपत्ति कुर्क कराई जाएगी।

पुलिस के मुताबिक मौलाना तौकीर रजा के इशारे पर 26 सितंबर को शहर में बवाल हुआ था। पुलिस अब तक करीब 86 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर चुकी है। अभी कई



उपद्रवी भागे हुए हैं। जेल में बंद आईएमसी के पार्षद अनीस सकलैनी को राजनीतिक संरक्षण देने वाला नायाब उर्फ निम्मा, अनीस का बेटा अदनान, दोस्त नदीम और एक गुर्गा बबलू खान भी इनामी आरोपियों में शामिल हैं।

नायाब, बबलू और नदीम बारादरी थाने के हिस्ट्रीशीटर हैं। शाहबाद निवासी अल्तमस रजा, नीम वाली मस्जिद मलूकपुर निवासी अफजाल बेग और मदीना शाह इमामबाड़ा रोहली टोला निवासी साजिद सकलैनी पर भी इनाम घोषित किया गया है।

### मौलाना तौकीर की मुश्किलें और बढ़ेंगी

बवाल कराने के आरोपी मौलाना तौकीर रजा पर कानून का शिकंजा कसता जा रहा है।

वर्ष 2019 के मुकदमे में अब तक पुलिस चार्जशीट अटकाए हुए थी। अब यह फाइल दोबारा खोली जा रही है। मौलाना का कोर्ट से रिमांड मांगा गया है।

केंद्र सरकार वर्ष 2019 में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और एनआरसी का प्रस्ताव लाई थी। तब बरेली समेत आसपास के जिलों में प्रदर्शन हुए थे। बरेली में भी निषेधाज्ञा के दौरान मौलाना तौकीर रजा ने विरोध-प्रदर्शन का आह्वान किया था। बरेली आए दूरदराज के लोगों ने तोड़फोड़ व हंगामा किया था। उनके खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

इस दौरान कई विवेचक बदल गए पर न तो वे चार्जशीट लगा सके, न ही एफआर लगाने की हिम्मत जुटा सके। अब मौजूदा विवेचक ने मौलाना तौकीर रजा खां को रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई है। सूत्र बताते हैं कि मौलाना के खिलाफ उन दिनों संभल जिले में भी रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

संभल समेत अन्य जिलों के मुद्दे भी उखड़ सकते हैं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 11 अक्टूबर को

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद। जनपद गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग द्वारा सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया है। आगामी 11 अक्टूबर को गाजियाबाद के इंग्रहाम इंस्टीट्यूट गाजियाबाद में दिव्यागजनों के लिए खेल महोत्सव का आयोजन होना सुनिश्चित है। इस खेल महोत्सव को सुचारु और वृहद स्तर पर संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन, विधायक और संगठन के नेताओं की बैठक सांसद अतुल गर्ग के आवास पर संपन्न हुई। सांसद अतुल गर्ग ने कार्यकताओं और जिला प्रशासनिक अधिकारियों से खेल भावना और सेवा भावना के तहत आयोजन को सफल बनाने के दिशा निर्देश दिए।

### स्वदेशी मेला का आयोजन 10 से 18 अक्टूबर तक

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद। गाजियाबाद के नागरिकों को शासन के निर्देश पर एक बार फिर दीपावली से पहले स्वदेशी मेले का लाभ मिलेगा। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र गाजियाबाद तत्वाधान में संजय नगर रामलीला ग्राउंड में 10 से 18अक्टूबर तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हस्तशिल्प कारीगरों और उद्यमियों द्वारा उत्पादित अपने उत्पादों को विक्रय हेतु मेला में प्रदर्शन किया जाएगा। उपायुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान ने कहा कि दीपावली से पहले जनता को सस्ती, अच्छी और हस्तनिर्मित स्वदेशी वस्तुओं को खरीदने का अवसर मिलेगा। जिससे व्यापारियों को आमदनी के साथ जनता को उत्कृष्ट उत्पाद खरीदने का मौका मिलेगा।

### मृतक परिजनों से मिले कांग्रेसी हर संभव मदद का आश्वासन

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद। गाजियाबाद में राकेश मार्ग में बीते दिवस हुई हृदय विदारक दुर्घटना में 3 महिलाओं के मौत और चौथी महिला के घायल परिजनों से जिला कांग्रेस के नेताओं ने भेंट करके घटना पर दु:ख व्यक्त किया और परिजनों को ढांढस देते हुए उनको हर संभव मदद दिलाने की बात दोहराया। जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा के नेतृत्व में गाजियाबाद विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोज कुमार राय और पूर्व पार्षद सुनील राय ने परिजनों को हर सम्भव मदद देने का आश्वासन दिया । कानूनी लड़ाई से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतरी के लिए भी कांग्रेसियों ने परिवार को मदद देने का भरोसा दिया। जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि आज आमजनता की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। अभी तक दुर्घटना के आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है ,जिसका खेद है। कांग्रेस अब जनता की आवाज बनेगी और पीड़ितों को न्याय दिलाने और सहायता के लिए आगे रहेगी।

### क्रांतिकारी दुर्गाभाभी का जन्मोत्सव हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद। गाजियाबाद के नवयुग मार्केट में दुर्गाभाभी चौक पर भारत की आयरन लेडी नाम से विख्यात स्वतंत्रता सेनानी दुर्गाभाभी का जन्मोत्सव विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में मनाया गया। इस अवसर पर महासभा के अध्यक्ष पीठाधीश्वर बी के शर्मा हनुमान ने दुर्गा भाभी के जीवन परिचय को विस्तार से रखते हुए भगत सिंह ,राजगुरु सहित देश के क्रांतिकारी वीरों के साथ मिलकर उनके कार्यों को याद किया।

# कफ-सिरप से दो राज्यों में अब तक 23 बच्चों की मौत

- 5 राज्यों में कोल्ड्रिफ सिरप बैन, सीबीआई जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीला कफ सिरप पीने से 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें मध्य प्रदेश में अब तक 19 बच्चों और राजस्थान में 4 बच्चों की मौत हो चुकी है। मामला सामने आने के बाद मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु और पंजाब ने इस सिरप की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है। इसमें मामले की सीबीआई जांच कराने और देशभर में दवाओं की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग की गई है। एडवोकेट विशाल तिवारी ने याचिका में मांग की है कि कोर्ट सरकार को राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति बनाने का निर्देश दे और जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ट जज की निगरानी में हो। वहीं, मामले में तमिलनाडु के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने सिरप बनाने वाली कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस दवा को कांचीपुरम की कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स बनाती है। सरकार ने पांच दिन के अंदर कंपनी से जवाब मांगा है। कांचीपुरम जिले के सुंगुवर्चत्रम में स्थित श्रीसन फार्मास्यूटिकल की यूनिट से कोल्ड्रिफ सिरप जब्त किया गया। जांच में पता चला कि इसमें नॉन-फार्माकॉपिया ग्रेड प्रोपीलीन ग्लाइकॉल का इस्तेमाल हुआ, जो संभवतः डायथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल से दूषित था। दोनों ही केमिकल किडनी को नुकसान पहुंचाने वाले जहरीले पदार्थ हैं। जैसे ही सैंपल चेन्नई की सरकारी ड्रग्स टेस्टिंग लैब में भेजे गए, वहां से 24 घंटे में रिपोर्ट दी गई। इसमें पाया गया कि कोल्ड्रिफ सिरप का यह बैच 48.6 प्रतिशत डब्लू से जहरीला और नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी है।




### गुजरात की दो कंपनियों के सिरप में भी जहर

वहीं, कफ सिरप बनाने वाली गुजरात की दो कंपनियों के सैंपल में भी जहरीले डायएथिलिन ग्लायकॉल और एथिलिन ग्लायकॉल की मात्रा ज्यादा मिली है। छिंदवाड़ा से 19 दवाओं के सैंपल लिए गए थे। गुजरात की रीलाइफ सिरप और रेस्पिफ्रेस टीआर सिरप में गड़बड़ी मिली है। मध्य प्रदेश में इन दोनों सिरपों के स्टॉक और बिक्री पर बैन लगा दिया गया है। गुजरात सरकार को जांच के लिए लेटर भी लिखा है।

### कोल्ड्रिफ की फैक्ट्री में 350 से ज्यादा गड़बड़ियां मिलीं

इससे पहले तमिलनाडु सरकार की जांच कमेटी को कोल्ड्रिफ बनाने वाली श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स की फैक्ट्री में 350 से ज्यादा गड़बड़ियां मिली थीं। जिन्हें क्रिटिकल और मेजर श्रेणी में रखा गया था।


### जांच रिपोर्ट की 9 जरूरी बातें...

- कंपनी में दवा बनाने के लिए योग्य और प्रशिक्षित कर्मचारी नहीं थे।
- फैक्ट्री बहुत गंदी थी, वहां न सफाई थी और न ही सही वेंटिलेशन व्यवस्था थी।
- कई मशीनें टूटी और जंग लगी हुई थीं।
- फैक्ट्री में सुरक्षा के जरूरी उपकरण जैसे एयर हैंडलिंग यूनिट लगाए ही नहीं गए थे।
- दवा बनाने में घटिया और गैर-फार्मा क्वालिटी के केमिकल इस्तेमाल किए गए थे।
- कंपनी ने 50 किलो प्रोपाइलीन ग्लाइकोल बिना बिल के खरीदा था।
- दवा में डायथिलीन ग्लाइकोल नाम का जहरीला केमिकल मिला।
- लिक्विड दवाओं को प्लास्टिक पाइप से ट्रांसफर किया जा रहा था, जिससे दवा गंदी हो सकती थी।
- फैक्ट्री में दवा छानने की कोई व्यवस्था नहीं थी। केमिकल का गंदा पानी सीधे नालियों में छोड़ा जा रहा था।

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा देश: राजनाथ सिंह

- 2024-25 में 1.20 लाख करोड़ के घरेलू सैन्य उपकरण खरीदे गए

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1.20 लाख करोड़ रुपये मूल्य के घरेलू सैन्य उपकरण और हथियार खरीद रहा है। उन्होंने कहा कि देश सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए तेजी से आत्मनिर्भरता की तरफ ध्यान लगा रहा है। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार, युद्ध क्षेत्र के बदलते स्वरूप, खासकर ड्रोन आदि के इस्तेमाल की अहमियत से पूरी तरह वाकिफ है और उसके अनुसार ही अपनी सैन्य तैयारी कर रही है।

### घरेलू सैन्य उपकरण खरीद बढ़ी

राजनाथ सिंह ने बताया कि 2021-22 में, घरेलू स्रोतों से हमने करीब 74 हजार करोड़ रुपये के घरेलू सैन्य उपकरण खरीदे, लेकिन 2024-25 के अंत तक, घरेलू स्रोतों से सैन्य खरीद बढ़कर करीब 1.20 लाख करोड़ रुपये हो गई है। यह बदलाव केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि मानसिकता का भी है। रक्षा मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देश में रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए कई नीतिगत पहल की हैं और इन पहलों के तहत, अब सैन्य उपकरणों की खरीद में घरेलू स्रोतों को प्राथमिकता दी जा रही है।

### ड्रोन आदि गैर संपर्क तकनीक की अहमियत बढ़ी

रक्षा मंत्री ने कहा, भारत सरकार युद्ध के बदलते स्वरूप से पूरी तरह वाकिफ है। आज का युद्ध पूरी तरह से तकनीक आधारित हो गया है। हमने ऑपरेशन सिंदूर में भी इसका प्रदर्शन देखा। इसमें हमने पाया कि ड्रोन, ड्रोन-रोधी युद्ध और वायु-रक्षा प्रणालियों जैसे गैर-संपर्क युद्धों का महत्व काफी बढ़ गया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने में रक्षा क्षेत्र की भूमिका अहम है। रक्षा मंत्री ने कहा, हमें महत्वपूर्ण रक्षा क्षमताओं में आत्मनिर्भरता हासिल करनी होगी। साथ ही हमें रक्षा क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक निर्यातक बनना होगा। तीसरा, भारत को अत्याधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में आगे ले जाने के लिए, हमें कुछ खास तकनीकों और प्रौद्योगिकी में प्रगति करनी होगी।





# एसआईआर के तहत हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं का ब्योरा दें: एससी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चुनाव आयोग से कहा कि वह बिहार की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद तैयार की गई अंतिम मतदाता सूची से हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं की जानकारी कोर्ट को दे। चुनाव आयोग ने शीर्ष कोर्ट को बताया कि अधिकतर नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं और जिनके नाम हटाए गए हैं, उनमें से अब तक किसी ने कोई शिकायत या अपील दर्ज नहीं करवाई है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग को गुरुवार यानी नौ अक्तूबर तक उपलब्ध जानकारी कोर्ट को सौंपनी होगी, क्योंकि उसी दिन इस मामले में अगली सुनवाई होगी। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि मसौदा सूची और 30 सितंबर को प्रकाशित की गई अंतिम सूची सबके पास है, इसलिए दोनों सूचियों की तुलना करके जरूरी जानकारी दी जा सकती है। न्यायमूर्ति बागची ने चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी से कहा कि कोर्ट के आदेशों से चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनसामान्य की पहुंच बढ़ी है।

### 'सूची में किनके नाम जोड़े गए, स्पष्ट करना जरूरी'

कोर्ट ने यह भी कहा कि अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या में वृद्धि देखने को मिल रही है, इसलिए किसके नाम जोड़े गए हैं (पुराने हटाए गए नाम हैं या नए मतदाता हैं) यह स्पष्ट किया जाना चाहिए ताकि भ्रम न हो। न्यायमूर्ति बागची ने कहा, आप भी मानेंगे कि पारदर्शिता और पहुंच में सुधार हुआ है। ऐसा लग रहा है कि आपने मसौदा सूची में 65 लाख नाम हटाए। हमने कहा था कि जो मृतक हैं या कहीं और चले गए हैं, उन्हें हटाना ठीक है। लेकिन अगर किसी का नाम हटा रहे हैं तो नियम 21 और एसओपी का पालन करें।



### 'नए मतदाताओं के हैं अधिकतर जोड़े गए नाम'

उन्होंने कहा, हमने यह भी कहा था कि हटाए गए नामों की जानकारी अपने दफ्तरों में लगाएं। अब अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या बढ़ गई है, जिससे भ्रम की स्थिति बनी है कि जोड़े गए नाम पुराने हटाए गए लोगों के हैं या नए मतदाताओं के। इस पर वकील द्विवेदी ने जवाब दिया कि अधिकतर जोड़े गए नाम नए मतदाताओं के हैं। हालांकि, कुछ पुराने मतादाता भी हैं जिनके नाम मसौदा सूची के बाद जोड़े गए। उन्होंने कहा, अब तक किसी भी हटाए गए मतदाता ने कोई शिकायत या अपील दर्ज नहीं करवाई है।

### दो चरण में होगा बिहार विधानसभा चुनाव

मसौदा सूची में 21.53 लाख नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए, जबकि 3.66 लाख नाम हटाए गए, जिससे कुल मिलाकर 17.87 लाख मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई। छह अक्तूबर को चुनाव आयोग ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की।

### आयोग ने 30 सितंबर को जारी की थी अंतिम मतदाता सूची

30 सितंबर को चुनाव आयोग ने बिहार की अंतिम मतदाता सूची जारी की थी। आयोग ने बताया कि कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 47 लाख घटकर 7.42 करोड़ रह गई, जो पहले 7.89 करोड़ थी। यह विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद हुआ। हालांकि, मसौदा सूची (एक अगस्त को जारी) की तुलना में अंतिम आंकड़ा 17.87 लाख बढ़ा है। मसौदा सूची में 65 लाख मतदाताओं को हटाया गया था, जिनमें वे लोग शामिल थे जो मर चुके थे, दूसरी जगह पर चले गए थे (प्रवास) या जिनके नाम सूची में दो बार दर्ज थे (डुप्लीकेट)।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को रौंदा, मौके पर मौत





जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद के थाना सिहानी गेट क्षेत्र में बीती रात एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। इस भीषण हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना सेठ मुकुंद लाल कॉलेज चौक के पास देर रात करीब 11 बजकर 30 मिनट पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक कमल और मोनू अपनी बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर गए और ट्रक के पहियों तले आ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन दोनों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। थाना सिहानी गेट पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, जो हादसे के बाद फरार बताया जा रहा है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर ड्राइवर की तलाश कर रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)